# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 29 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-220 | पृष्ठ-16 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### बक्सर में CSP संचालक से हथियार के बल पर 40 की लूट

**बक्सर।** औद्योगिक थाना क्षेत्र अंर्तगत एनएच 922 पर हरिकिशुनपुर मोड़ के समीप हथियार के बल पर एक सीएसपी संचालक का रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। सीएसपी संचालक के अनुसार बैग में 40 हजार रुपयों के अलावा फिंगर प्रिंट सेंसर, पहचान पत्र समेत कई जरूरी कागजात मौजूद थे।सोमवार की रात करीब 9.00 बजे हुई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अपराधियो की पहचान में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात नौ बजे के करीब चुरामनपुर पुरानी चट्टी में सीएसपी चलानेवाले स्थानीय निवासी रघुवीर खरवार दुकान बंद कर साइकिल से अपने घर हरकिशुनपुर लौट रहे थे।

### नेपाल में पहाड़ का हिस्सा टूटकर नदी में गिरा, 14 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के मुस्तांग जिले में रविवार को भारी बारिश के बीच पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर कालीगंडकी नदी में जा गिरा। इस घटना में 14 लोगों की मौत हुई है। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो वायरल है। इसमें चट्टानों और मिट्टी का पूरा मलबा कुछ ही सेकेंड में ढलान से नीचे आता दिख रहा है। देखते-देखते नदी का रास्ता मलबे से भर गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों की चीखें सुनाई दे रही हैं।उधर नेपाल के मनांग जिले में 7,126 मीटर ऊंचे हिमलुंग हिमाल पर रविवार को हिमस्खलन हो गया। हादसे के समय गाइड और उनके साथ काम करने वाले लोग एक टेंट में सो रहे थे।

### औरंगाबाद में वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी दस हजार घूस लेती गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद कलेक्ट्रेट कैंपस में वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी कांति कुमारी को सोमवार को पटना निगरानी विभाग की टीम ने 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई टंडवा थाना क्षेत्र के सिकरिया मनियार गांव निवासी पूनम देवी की शिकायत के आधार पर की गई।निगरानी टीम ने शिकायत की जांच और सत्यापन के बाद कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी प्रभारी को अपने साथ ले गई और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट का यूपीआई चार्ज पर रोक से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपीआई पेमेंट पर 0.4 प्रतिशत चार्ज लगाने के केंद्र सरकार के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। 15 अक्टूबर से यह शुल्क 2000 रुपए से ज्यादा के मर्चेंट पेमेंट पर लागू होगा। हालांकि, कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है कि इस नए नियम को लागू करने का आधार क्या है।चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की तीन जजों की बेंच ने वकील अंजन दत्ता की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

### सिवान में पूर्व प्रमुख के पति को मारी गोली, गंभीर हालत

**सिवान।** अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। सोमवार को बदमाशों ने आंदर प्रखंड की पूर्व प्रमुख के पति को दिन-दहाड़े गोली मार दी। गोली उनकी कनपटी में लगी है। गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया है। पेशे से शिक्षक हैं। घायल शख्स की पहचान पूर्व प्रमुख प्रतिभा गिरी के पति किशोर कुमार गिरी के रूप में हुई है, जोकि पेशे से शिक्षक हैं।

# तटबंधों की सतत निगरानी और नाइट पेट्रोलिंग कराना सुनिश्चित करें : सीएम

## सीएम ने चार जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित वैशाली जिला, सारण जिले के हैजलपुर मकेर, पूर्वी चम्पारण और गोपालगंज जिला के डुमरिया घाट ब्रिज और पुछरिया क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री ने डुमरिया घाट पर गंडक नदी के बढ़े हुये जलस्तर का स्थल निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि डुमरिया घाट के पास गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग डेढ़ मीटर ऊपर है, रात में लगभग 50 सेंटीमीटर और बढ़ने की संभावना है। सीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी का निर्देश दिया। साथ ही पूरी तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने तथा प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता शीघ्र पहुंचाने का निर्देश दिया।



डुमरिया घाट पर गंडक नदी के बढ़े हुये जलस्तर का किया स्थल निरीक्षण

सीएम ने कहा कि प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों के बीच रहकर राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता देनी है। जल संसाधन विभाग तटबंधों की सतत निगरानी करे। आवश्यक सतर्कता बरती जाय। साथ ही नाइट पेट्रोलिंग कराना सुनिश्चत करें। प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ बेहतर समन्वय बनाकर आवश्यकता के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करे। प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत शिविर एवं सामुदायिक रसोई केन्द्र के माध्यम से लोगों को भोजन एवं राहत उपलब्ध कराते रहें, इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिये।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद राधामोहन सिंह, विधायक कृष्णनंदन पासवान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पूर्वी चम्पारण के डीएम सौरभ सुमन यादव, गोपालगंज के डीएम समीर सौरव सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## अजगैबीनाथ धाम एवं सोनपुर एयरपोर्ट परियोजनाओं के कार्य में लाएं तेजी

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को अजगैबीनाथ धाम एवं सोनपुर-सारण में प्रस्तावित एयरपोर्ट परियोजनाओं से संबंधित प्रस्तुतीकरण एवं समीक्षा बैठक लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित की गई। बैठक में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के टेक्नो इकोनॉमिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट्स-ट्रैफिक सर्वे, दोनों परियोजनाओं के मास्टर प्लान, भूमि अधिग्रहण, एयरपोर्ट की क्षमता, कनेक्टिविटी एवं आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जानकारी दी गयी कि अजगैबीनाथ धाम ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे में पहले फेज में 3500 करोड़ रुपए और सोनपुर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल हवाईअड्डे में पहले फेज में 6500 करोड़ रुपए का निवेश पीपीपी मोड पर होना है। राज्य सरकार भू-अर्जन तथा कनेक्टिविटी की लागत पर वहन करेगी। बैठक में बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026 के तहत एयरपोर्ट परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। सीएम ने संबंधित अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रक्रियाओं में तेजी लाने तथा सभी आवश्यक कार्यों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। अजगैबीनाथ धाम में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की आधारभूत संरचना एवं रन-वे का विकास इस प्रकार किया जाए कि यहां बड़े विमानों का संचालन संभव हो सके। सीएम ने कहा कि अजगैबीनाथ धाम एयरपोर्ट से मुंगेर, लखीसराय, जमुई, भागलपुर, बांका, खगड़िया, बेगूसराय सहित आसपास के जिलों को बेहतर हवाई सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही श्रावणी मेले के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को भी सुविधा मिलेगी।



परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर चर्चा

# अफसर दंपति के ठिकानों पर विजिलेंस की छापेमारी

## 70 लाख रुपए कैश और करीब 1 करोड़ की घड़ियां मिलने का दावा, दो फ्लैट भी मिले

**पटना (एनएसबी)।** निगरानी की छापेमारी के बाद आय से अधिक संपत्ति के आरोपों से घिरे अफसर दंपती का सरकारी सेवा में लंबा करियर रहा है। एडीएम (आपूर्ति) रविंद्र कुमार दिवाकर ने अपने करियर की शुरूआत शिक्षक के रूप में की थी। वर्ष 2000 में शिक्षक की नौकरी से शुरूआत करने के बाद उन्होंने प्रशासनिक सेवा में कदम रखा और अलग-अलग जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी संभाली।





बेगूसराय में भी छापा

**शिक्षक से जिला सूचना पदाधिकारी तक :** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार, रविंद्र कुमार दिवाकर वर्ष 2009 में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में बहाल हुए। इसके बाद प्रोन्नति के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियां बढ़ती गईं। कटिहार और दरभंगा में सीनियर डिप्टी कलेक्टर के रूप में सेवा देने के बाद वह सहरसा पहुंचे। वर्ष 2020 में उन्होंने समस्तीपुर में एसडीएम के रूप में जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद गया और पटना में फिर सीनियर डिप्टी कलेक्टर के पद पर रहे। पिछले साल अक्टूबर से वह पटना में एडीएम (आपूर्ति) के पद पर तैनात हैं।

**पत्नी 13 साल से सब-रजिस्ट्रार :** रविंद्र कुमार दिवाकर की पत्नी कुमारी स्वीटी भी लंबे समय से सरकारी सेवा में हैं। उन्होंने वर्ष 2013 से सब-रजिस्ट्रार के रूप में काम शुरू किया। वर्ष 2013 से 2017 तक वह तेघरा में सब-रजिस्ट्रार रहीं। इसके बाद 2017 से 2021 तक हवेली खड़गपुर और 2021 से 2024 तक सकरा में सब-रजिस्ट्रार के पद पर रहीं। वर्ष 2024 से वह दानापुर में सब-रजिस्ट्रार के पद पर सेवा दे रही हैं।

### अब निगरानी की जांच के घेरे में दंपति

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में अफसर दंपती के पटना और बेगूसराय स्थित ठिकानों पर छापेमारी की है। जांच एजेंसी के अनुसार, कार्रवाई के दौरान नकदी, महंगी घड़ियां, आभूषण और संपत्ति व निवेश से जुड़े दस्तावेज मिले हैं निगरानी के मुताबिक, दंपती के खिलाफ दर्ज मामले में उनकी घोषित आय और संपत्तियों का मिलान किया जा रहा है। बरामद दस्तावेजों और अन्य संपत्तियों का सत्यापन जांच का हिस्सा है।

## बिहार MLC चुनाव की अधिसूचना जारी

# 8 सीटों पर नामांकन शुरू

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद की आठ सीटों के लिए मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इनमें चार शिक्षक और चार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तारीख छह अक्टूबर निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच सात अक्टूबर को होगी, जबकि उम्मीदवार नौ अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इन आठ सीटों के लिए 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतगणना 27 अक्टूबर को होगी और चुनाव प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी। जदयू ने पटना स्नातक से नीरज कुमार, तिरहुत स्नातक से अभिषेक झा, सारण शिक्षक से आनंद पुष्कर और दरभंगा शिक्षक से घनश्याम राय को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा के चार उम्मीदवारों को लेकर पार्टी स्तर पर प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी सामने आई है।

**राजद ने छह सीटों पर उतारे प्रत्याशी :** विपक्षी खेमे में राजद की ओर से छह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है। दो सीटें उसने महागठबंधन के सहयोगी दलों के लिए छोड़ी हैं। कांग्रेस और भाकपा की ओर से इन सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर नामांकन के दौरान और साफ होगी।

23 अक्टूबर को मतदान, 27 अक्टूबर को होगी मतगणना




### NDA में चार-चार सीटों का फॉमूर्ला

विधान परिषद की इन आठ सीटों को लेकर एनडीए में सीटों का बंटवारा हो चुका है। जदयू ने अपने हिस्से की चार सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जबकि भाजपा के हिस्से में भी चार सीटें गई हैं। भाजपा ने भी अपने चार उम्मीदवार तय कर लिए हैं, हालांकि नामांकन के साथ तस्वीर और स्पष्ट होगी।

## राम वचन राय होंगे विप के कार्यकारी सभापति

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा उपसभापति को सौंपा है। रामवचन राय को सदन के कामकाज और संसदीय प्रक्रियाओं का लंबा अनुभव है।वर्तमान में वे बिहार विधान परिषद के उपसभापति हैं। 2024 में उन्हें निर्विरोध उपसभापति चुना गया था। फिलहाल, राम वचन राय कार्यकारी सभापति होंगे। बताया जा रहा है कि बीजेपी और जदयू के बीच सत्ता संतुलन को लेकर बनी सहमति के तहत सभापति ने इस्तीफा दिया है। अब यह पद जदयू कोटे में जाने की संभावना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान उपसभापति प्रो. डॉ. रामवचन राय का नाम सभापति के लिए सबसे आगे चल रहा है।फिलहाल राम जतन राय कार्यकारी सभापति होंगे



# मुख्यमंत्री ने LPU में बिहार के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की

**पंजाब/पटना (एजेंसी/एनएसबी)।** पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) में रविवार को हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शन के बाद बिहार के छात्रों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने बिहार के छात्रों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि अशोक मित्तल ने बिहार के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूर्ण सहयोग और जरूरी कदम उठाने का भरोसा दिया है।

**LPU में प्रदर्शन के बाद बिगड़े हालात :** LPU परिसर में रविवार को छात्रों का प्रदर्शन हिंसक हो गया था। यह विरोध एक छात्रा के साथ कथित यौन उत्पीड़न से जुड़ी अपुष्ट रिपोर्टों के बाद शुरू हुआ था। प्रदर्शन के दौरान परिसर में तोड़फोड़ हुई और राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से को भी छात्रों ने बाधित किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। घटना के बाद परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सोमवार को बड़ी संख्या में छात्र अपने घरों की ओर जाते भी दिखाई दिए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए आगे के लिए कई निर्देश जारी किए हैं।



अशोक मित्तल से की बात, 10 दिन के लिए कक्षाएं स्थगित

## चुनाव आयोग 4 महीने में TMC विवाद सुलझाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और फूल-पत्ती चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद पर फैसला देने की समय-सीमा तय की। कोर्ट ने दोनों गुटों को एक महीने में अपनी दलीलें पूरी करने और इसके बाद चुनाव आयोग को तीन महीने में फैसला देने का निर्देश दिया। यानी पूरी प्रक्रिया 4 महीने में पूरी करनी होगी। चुनाव आयोग ने विवाद को सुलझाने के लिए 6 महीने का समय देने की अपील की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। यह आदेश ममता बनर्जी की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। उन्होंने चुनाव आयोग के उस अंतरिम फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें टीएमसी के नाम और चुनाव चिह्न का इस्तेमाल रोक दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सुझाव दिया है कि वे टीएमसी विवाद को जल्दी सुलझाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करें।



# पटना में मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे छात्र किसान और मजदूर, तोड़ी बैरिकेडिंग

## पुलिस व प्रदर्शनकारियों में झड़प, वाटर कैनन चला, लाठियां बरसी

**पटना (एनएसबी)।** जेपी गोलंबर व डाकबंगला चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ी, लाठीचार्ज में 4 छात्र घायल पटना। बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर अलग-अलग संगठनों और छात्रों के प्रदर्शन के कारण कई इलाकों में जमकर बवाल हुआ। गांधी मैदान से निकले प्रदर्शनकारियों ने जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहे तक मार्च किया। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग भी किया और कई महिला एवं पुरुष प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। वामपंथी संगठनों की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे समेत विभिन्न मांगों को लेकर गांधी मैदान से प्रदर्शन शुरू किया गया। प्रदर्शनकारी गांधी मैदान से जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़े। जेपी गोलंबर के पास पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी आगे बढ़ते रहे। इसके बाद डाकबंगला चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इसी दौरान मेडिकल और नर्सिंग छात्रों ने भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च निकाला।




## अमेरिका जा रहे तीन भारतीयों का इथियोपिया में अपहरण

**अहमादाबाद (एजेंसी)।** गैरकानूनी तरीके से अमेरिका जा रहे तीन भारतीयों का इथियोपिया में किडनैप कर लिया गया है। तीनों गुजरात के रहने वाले हैं। इनमें दो लड़कियां और एक युवक शामिल है। तीनों 20 सितंबर को गुजरात से रवाना हुए थे। इसी बीच इथियोपिया पहुंचते ही तीनों का अपहरण कर लिया गया। अपहरणकताओं ने तीनों की रिहाई के बदले में इनके परिवार से एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। तीनों के परिवार वालों ने फिरौती की रकम दे दी है, लेकिन इसके बाद भी तीनों से परिवार का संपर्क नहीं हो पा रहा है। अमेरिकी बॉर्डर एंड कस्टम की रिपोर्ट के मुताबिक, एक जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच 23,830 भारतीयों को पकड़ा गया था। यानी कि रोजाना औसतन 65 लोग पकड़े गए।

तीनों गुजरात के रहने वाले

# क्लास 6 से 3 लैंग्वेज पॉलिसी लागू नहीं होगी : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सीबीएसई की छठी कक्षा के छात्रों को 3-लैंग्वेज पॉलिसी से छूट दी जाए। कोर्ट का यह आदेश 1 अप्रैल 2027 से लागू किया जाए। यानी अगले साल क्लास 6 में जा रहे स्टूडेंट्स को राहत मिलेगी। लेकिन अभी जो स्टूडेंट्स छठी क्लास में हैं, उन्हें तीसरी भाषा में पास या फेल नहीं किया जाएगा। उन्हें केवल अपीयरेंस सर्टिफिकेट दिया जाएगा। पहले केंद्र सरकार ने छठी कक्षा को छूट देने से इनकार किया था। सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्रों को पहले ही यह राहत दी जा चुकी है। कोर्ट ने कहा कि छठी कक्षा के छात्रों को अचानक भाषा बदलने से परेशानी हो सकती है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच उइए के तीन-भाषा फॉमूर्ले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

देश भर में सीबीएसई बोर्ड के सभी स्कूलों में 3-लैंग्वेज पॉलिसी लागू है। वहीं, 27 राज्यों के स्कूल बोर्ड्स में भी यह पॉलिसी लागू है। लेकिन तमिलनाडु राज्य स्कूल बोर्ड में साल 1968 से इस फॉमूर्ले का विरोध है।



इस साल तीसरी भाषा में स्टूडेंट्स फेल नहीं किए जाएंगे

# एक सप्ताह में 21 आरओबी परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी करें : डा. दिलीप जायसवाल

**पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज में प्रस्तावित रेल ओवरब्रिज की भू-अर्जन प्रक्रिया की समीक्षा**

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने पूर्णिया, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज जिलों में विशेष रेलवे परियोजनाओं के तहत प्रस्तावित रेल ओवर ब्रिज के लिए चल रही भू-अर्जन की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी परियोजनाओं में एक सप्ताह के भीतर धारा 20(ए) की कार्रवाई हर हाल में पूरी करने का निर्देश दिया।

मंत्री की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में हुई समीक्षा बैठक में चारों जिलों में प्रस्तावित 21 रेल ओवर ब्रिज की परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि एवं भू-अर्जन की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे एवं कटिहार रेल मंडल के वरीय अधिकारियों के साथ एनएफ रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं मुख्य अभियंता भी उपस्थित रहे।

बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के भू-अर्जन निदेशालय के निदेशक कमलेश कुमार सिंह तथा पूर्णिया, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री डा. जायसवाल ने कहा कि रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन की



बैठक करते राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल व अन्य।

कार्रवाई में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। संबंधित जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी करें। उन्होंने परियोजनावार प्रगति की लगातार निगरानी करते हुए एक सप्ताह में धारा 20(ए) की कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया।

मंत्री डा. जायसवाल ने कहा कि इन परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन की प्रक्रिया को रेलवे के साथ बेहतर समन्वय के माध्यम से निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं की प्रगति में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो और निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# 30 को सरस्वती विद्या निकेतन में होगी अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

**आदर्श विद्यालयों के वृहद निरीक्षण के दौरान दिखेगा शिक्षा में हो रहा सकारात्मक बदलाव**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के सभी सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूलों) में आगामी 30 सितम्बर को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन इन विद्यालयों का वृहद निरीक्षण भी कराया जाएगा। डीएम द्वारा हर विद्यालय के लिए नामित पदाधिकारी विद्यालयों में उपस्थित रहकर शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों का जायजा लेंगे। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में हो रहे सकारात्मक बदलाव, विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन, विद्यालय की व्यवस्था तथा अभिभावकों के साथ शिक्षकों के संवाद को विशेष रूप से देखा जाएगा। अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में विद्यार्थियों और अभिभावकों के वास्तविक अनुभवों को भी प्रमुखता दी जाएगी।

शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश दिया गया है कि संगोष्ठी और निरीक्षण के दौरान सामने आने वाले सकारात्मक बदलावों तथा विद्यार्थियों व अभिभावकों के अनुभवों की फोटो, वीडियो और रील्स के माध्यम से बेहतर कवरेज तैयार की जाए। विद्यालयों से मिली यह सामग्री मुख्यालय को भी भेजी जाएगी, ताकि राज्यभर में मॉडल स्कूलों में हो रहे बदलावों और अच्छे प्रयासों को साझा किया जा सके। राज्य सरकार की मंशा है कि सरस्वती विद्या निकेतन बेहतर आधारभूत सुविधाओं वाले विद्यालय बनें। साथ ही यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नवाचार और बेहतर शैक्षणिक वातावरण विकसित हो। राज्य सरकार इन आदर्श विद्यालयों को भविष्य में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ शिक्षकों की शैक्षणिक भूमिका, अभिभावकों की सहभागिता और विद्यालयों की नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## खबरें खास-खास

# राजद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के खिलाफ पॉक्सो एक्ट अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल का प्रतिनिधिमंडल बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा अमरदीप एवं महिला आयोग के अध्यक्ष अप्सरा से मिलकर जमुई यौन उत्पीड़न पीड़िता की तस्वीर मुख्यमंत्री बिहार द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक, थ्रेड एवं एक्स) पर प्रकाशित एवं साझा करने पर उनके विरुद्ध पॉक्सो एक्ट अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि बहुचर्चित जमुई जिले के यौन उत्पीड़न की एक नाबालिग पीड़िता का फोटो मुख्यमंत्री बिहार द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर प्रकाशित किया गया था, लेकिन बिहार पुलिस एवं संबंधित विधि नियामक एजेंसियों द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अगर मुख्यमंत्री जैसे जिम्मेवार संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा खुलेआम पक्सो एक्ट का उल्लंघन कर कानून का मखौल बनाया जाएगा तो फिर इस कानून का क्या औचित्य रहेगा। आश्चर्यजनक है कि सम्पूर्ण देश ने इस कृत्य की आलोचना की है लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री ने खेद प्रकट कर माफी नहीं मांगी है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री के खिलाफ (1) पक्सो अधिनियम 2012 की धारा 23(2), धारा 23(4), किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 74(1), धारा 74(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 72(1) के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञातव्य है कि उच्चतम न्यायालय ने निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ, रिट याचिका (सिविल) संख्या 565/ 2012 दिनांक 05-12-2018 में दिए गए आदेश में स्पष्ट किया है कि पक्सो एक्ट की पीड़िता सहित किसी भी यौन उत्पीड़ित पीड़िता का नाम,पता, फोटो या अन्य कोई जानकारी जिससे उसकी पहचान हो सके, किसी भी मीडिया, सोशल मीडिया या अन्य किसी भी माध्यम से प्रकाशित नहीं की जा सकती। यदि किसी के द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता है तो उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता में उल्लेखित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होनी चाहिए। बाल अधिकार संरक्षण आयोग से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में डा अनवर आलम एवं डा एज्या यादव पूर्व विधायक, चित्तरंजन गगन डा. चक्रपाणि हिमांशु, मदन शर्मा एवं निर्भय अम्बेडकर शामिल थे। महिला आयोग से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में मधु मंजरी, आभा लता, प्रो गीता यादव, रबिया खातुन, सुनीता कुशवाहा, विजय लक्ष्मी, प्रभावती देवी मांझी एवं अर्चना कुमारी शामिल थे।



राष्ट्रीय जनता दल का प्रतिनिधिमंडल बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा अमरदीप को ज्ञापन सौपा।

# 8 बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सीएमसी वेल्लोर भेजा गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना बिहार में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। बिहार सरकार द्वारा योजना के माध्यम से पात्र बच्चों को बेहतर एवं उपचारात्मक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसी क्रम में 8 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सीएमसी वेल्लोर भेजा गया। इनमें सुपौल, वैशाली, सिवान एवं सीतामढ़ी के एक-एक तथा मुजफ्फरपुर एवं अररिया के दो-दो बच्चे शामिल हैं। थैलेसीमिया योजना के तहत 4 अक्टूबर 2024 से 28 सितंबर 2026 तक कुल 61 मरीजों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सीएमसी वेल्लोर भेजा जा चुका है। इनमें से 37 मरीजों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफल रहा है। वहीं, 6 मरीजों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की आवश्यकता नहीं रही तथा शेष मरीज उपचार की प्रक्रिया में हैं। थैलेसीमिया योजना के तहत पात्र बीटा थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जाता है। इसके लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से प्रति बच्चे के उपचार पर लगभग 15 लाख का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इसमें बोन मैरो ट्रांसप्लांट के साथ दवाइयां, नर्सिंग, बेड, मरीज, उनके माता-पिता एवं डोनर की हवाई यात्रा तथा आवासीय व्यवस्था सहित अस्पताल से संबंधित विभिन्न खर्च शामिल हैं। उपचार के बाद भी बच्चों एवं उनके परिवारों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। सीएमसी वेल्लोर द्वारा अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद तीन महीने तक निःशुल्क भोजन एवं आवास, मरीज एवं डोनर का निःशुल्क ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन परीक्षण तथा स्वास्थ्यकर्मियों एवं डे-केयर सेंटर के कर्मियों का प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने सभी बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के माध्यम से पात्र बच्चों को समय पर उच्चस्तरीय एवं उपचारात्मक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें स्वस्थ एवं सामान्य जीवन की ओर अग्रसर किया जाए।



8 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सीएमसी वेल्लोर भेजा गया।

## खबरें : एक नजर में

# लोजपा रा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के महानगर उपाध्यक्ष बने राजीव शाहा

**गया (दैनिक नवसंदेश)।** लोजपा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान एवं पूर्व स्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के साथ में काम किए हुए समाज सेवी पटना साहब किला रोड के राजीव साहा को पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष कवि रंजन कुमार ने राजीव साहा को महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिससे पिछडा और अति पिछड़ा समाज के लोगो के बीच और मजबूती प्रदान करेगे राजीव साहा, । लोजपा रा के पिछडा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के महानगर उपाध्यक्ष बनने पर वैश्य समाज मे खुशी की लहर है।



# शहीद भगत सिंह यूथ बिग्रेड द्वारा 262 यूनिट रक्तदान किया गया

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के द्वारा गया जिला में 7 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कु वर्मा ने बताया कि पहला रक्तदान शिविर प्रमोद लड्डू भण्डार टावर चौक गया में हुआ जिसका उद्घाटन गया के वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कु,मुख्य संरक्षक प्रमोद भदानी,समाजसेवी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, इकबाल हुसैन, अनंतं धीश अमन मुन्ना, अनन्तधीश अमन, सुरेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। दूसरा रक्तदान



शिविर शेरघाटी में किया गया जिसका उद्घाटन शेरघाटी के एस डी एम जतिन कुमार, शेरघाटी विधायक प्रतिनिधि ने उद्घाटन किया है।

तीसरा रक्तदान शिविर परैया में किया गया जिसका उद्घाटन गुरुआ विधायक उपेन्द्र प्रसाद और बीडीओ और थाना अध्यक्ष सह सभी मुखिया ने संयुक्त रूप से किया है।

चौथा रक्तदान शिविर वजीरगंज में किया गया जिसका उद्घाटन बीडीयो प्रभाकर कु वजीरगंज थानाअध्यक्ष नीरज कु मुखिया सह मुखिया जिला संघ अध्यक्ष डब्लू यादव ने किया है। इसके साथ ही वजीरगंज ठक्० ने रक्तदान भी किया है।

पांचवां रक्तदान शिविर कोंच प्रखण्ड में किया गया जिसका उद्घाटन टेकारी विधायक अजय दाँगी और जिला पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने किया है।

छठा रक्तदान शिविर डेल्हा पर किया गया जिसका उद्घाटन डेल्हा थानाध्यक्ष व और सभी डेल्हा पर के शिक्षकगण मिलकर किया है।

सातवां रक्तदान शिविर बोधगया में लगाया गया जिसका उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने किया है।

सोमवार को रक्तदान करने वाले : पूर्व पार्षद भोला मियां (इबरार अहमद), अर्पणा गोलडी, डा हारुन रशीद, इकबाल हुसैन, रवि सर, अभिनाश सर, आशीष दूबे, आकाश चंद्रवंशी, सूरज सिंह, नवीन शर्मा, ष्णा साहू, अशर रवान, चुनचुन शर्मा, मनिष चन्द्रवंशी, डब्लू यादव, विशाल दास, रीतीक रौशन, पंकज कु गुप्ता, दीपू भदानी, विवेकानन्द, दीपांशु, गोरेलाल, शुभम मिश्रा,अंजनी गौतम, राज रंजन, गणेश वर्मा, विजय कु. कान्धबे, अभिषेक भोलू, सागर कु, समीर रंजन, देवकान्त, अमृत कुमार, राकेश सिन्हा, शुभम आनन्द,अमृत कुमार ,सूबेदार शर्मा, हर्षित,जीतेश दांगी, सुधीर सिंह, सोनु कु, अमन शर्मा, वर्मा, कुन्दन सर,धीरेन्द्र कु,विष्णु कु।

# धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए संविधान और कानून का पालन जरूरी : तेजस्वी

**भाजपा शासित राज्यों में मस्जिद, मदरसे और मजारों पर कार्रवाई को लेकर तेजस्वी यादव ने उठाए सवाल**

**कहा- विवादों का समाधान बुलडोजर नहीं, अदालत और कानून के जरिए हो**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजद के कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कथित अतिक्रमण और अवैध निर्माण के नाम पर देश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों, मदरसों और मजारों पर हो रही कार्रवाई को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़े विवादों का समाधान संविधान, कानून और न्यायिक प्रक्रिया के तहत होना चाहिए।

तेजस्वी यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद को गिराए जाने की घटना गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रशासन का कहना है कि यह मस्जिद सरकारी जमीन पर बनी थी और अदालत की प्रक्रिया के बाद इसे हटाया गया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन की ओर से कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि संभल और गाजियाबाद में मस्जिदों व मदरसों, मुजफ्फरनगर में मदरसे, मध्य प्रदेश के उज्जैन में शाही मस्जिद के एक हिस्से, उत्तराखंड और गुजरात में मजारों, असम में मस्जिद, दिल्ली में मस्जिद व मदरसे तथा महाराष्ट्र, राजस्थान और तेलंगाना में धार्मिक स्थलों से जुड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाइयों की खबरें सामने आई हैं।



राजद के कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव।

मस्जिद हो, मंदिर हो, चर्च हो, गुरुद्वारा हो, मजार हो या मदरसा कानून सबके लिए समान होना चाहिए। सरकारी जमीन या अवैध निर्माण का दावा राज्य को संविधान और कानूनी प्रक्रिया से ऊपर नहीं कर सकता। तेजस्वी यादव ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 14 सभी को कानून के सामने समानता और समान कानूनी संरक्षण देता है। अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करता है, जबकि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इसलिए सरकारी कार्रवाई का आधार धार्मिक पहचान नहीं, बल्कि कानून और संविधान होना चाहिए।

तेजस्वी यादव ने भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि अतिक्रमण के नाम पर धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई से लोगों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा होता है। उन्होंने कहा कि भारत एक संवैधानिक लोकतंत्र है और सरकार सहित हर संस्था को संविधान और कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए।

# बहू-बेटियों के अपमान पर सरकार सख्त, आपत्तिजनक गीत के खिलाफ होगी कार्रवाई : डा. प्रमोद कुमार

**कला-संस्कृति के नाम पर अश्लीलता, फूहड़ता और जातिसूचक गीत किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे**

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** बहू-बेटियों के प्रति आपत्तिजनक एवं कथित रूप से अपमानजनक गीत को लेकर नाई समाज की ओर से ज्ञापन सौंपकर संबंधित गाने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने तथा गायक के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई।

इस संबंध में बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि कला और संस्कृति के नाम पर अश्लीलता, फूहड़ता, आपत्तिजनक भाषा तथा जातिसूचक गीतों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कला एवं संस्कृति विभाग की जिम्मेदारी संभालने के पहले ही दिन हमने स्पष्ट कर दिया था कि लोकगीत एवं लोकसंगीत की समृद्ध परंपरा को बनाए रखते हुए ऐसे किसी भी कृत्य को संरक्षण नहीं दिया जाएगा, जो समाज की गरिमा और सामाजिक समरसता को ठेस पहुंचाता हो।

मंत्री ने कहा कि इस मामले के संज्ञान में आते ही आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित विषय में नियमानुसार हर जरूरी कदम उठाया जाएगा।

डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बहू-बेटियों के सम्मान और सामाजिक मर्यादा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार महिला सम्मान, सामाजिक समरसता और सभ्य सांस्कृतिक वातावरण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी अथवा कृत्य करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



बहू-बेटियों के प्रति आपत्तिजनक एवं कथित रूप से अपमानजनक गीत को लेकर नाई समाज की ओर से कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्ध लोककला और लोकसंगीत हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। इनके संरक्षण के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इनके नाम पर अश्लीलता, फूहड़ता अथवा समाज में वैमनस्य पैदा करने वाली सामग्री को बढ़ावा न मिले।

# पूर्व वार्ड पार्षद गोलीकांड का मुख्य आरोपी शंकर राय मुगलसराय से धराया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वार्ड पार्षद पति पूर्व वार्ड पार्षद अनिल यादव पर जानलेवा हमला कांड के मुख्य आरोपी कुख्यात शंकर राय को पटना पुलिस तथा एसटीएफ की टीम ने उत्तर प्रदेश के मुगलसराय से दबोच लिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शंकर राय बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के दूजरा का रहने वाला है। विगत डेढ़ दशक से अपराध जगत में सक्रिय रहा है। पिछले सप्ताह राजधानी पटना के बुद्धा कलोनी थाना क्षेत्र में वार्ड 24 की पार्षद ज्ञानवती देवी के पति अनिल कुमार यादव को अज्ञात अपराधियों ने गोलियों से छलनी कर दिया था। अनिल यादव भी अस्पताल में ही भर्ती है।उनकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। इस मामले में कुख्यात शंकर राय तथा उसके गिरोह के पीछे पुलिस की टीम लगी हुई थी। इस मामले में पहले ही चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। शंकर राय को पटना पुलिस की टीम ने मुगलसराय से पकड़ लिया है।हालांकि इसके अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन सूत्रों का मुताबिक एसटीएफ की टीम ने मुगलसराय से शंकर राय को उठा लिया है।माना जा रहा है यह पटना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। कुख्यात शंकर की गिरफ्तारी के बाद इस मामले का पूरा खुलासा हो सकेगा। इसके अतिरिक्त भी शंकर राय पटना पुलिस की टीम ने मुगलसराय से पकड़ लिया है। हालांकि इसके अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन सूत्रों का मुताबिक एसटीएफ की टीम ने मुगलसराय से शंकर राय को उठा लिया है।माना जा रहा है यह पटना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। कुख्यात शंकर की गिरफ्तारी के बाद इस मामले का पूरा खुलासा हो सकेगा। इसके अतिरिक्तभी शंकर राय पटना पुलिस के कई मामलों में वांछित है। शंकर तथा भोला की जोड़ी लंबे समय तक पटना पुलिस के लिए सिरदर्द बनी रही थी। भोला राय की हत्या 2 वर्ष पूर्व पटना के में ही उसके साथियों ने कर दी थी।

# बिहार के खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक अन्वेषण और ई-नीलामी को मिलेगी गति

**केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक, कोयला गैसीकरण सहित खनिज ब्लॉकों के विकास पर मंथन**

**ग्लूकोनाइट, लाइमस्टोन, निकेल-क्रोमियम, पीजीई एवं पत्थर ब्लॉकों की ई-नीलामी और उत्पादन/ प्रेषण की हुई समीक्षा**



केंद्रीय राज्य मंत्री, कोयला एवं खान मंत्रालय, भारत सरकार सतीश चंद्र दुबे की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार व अन्य।

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक अन्वेषण, खनिज ब्लॉकों के विकास तथा पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री, कोयला एवं खान मंत्रालय, भारत सरकार सतीश चंद्र दुबे की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार, विभाग के वरीय पदाधिकारी, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट, एमईसीएल सहित अन्य संबंधित संस्थानों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बिहार के खनिज क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से भागलपुर जिले में अन्वेषित कोयला ब्लक में भूमिगत कोयला गैसीकरण के माध्यम से कोयला संसाधनों के दोहन की संभावनाओं पर चर्चा हुई। बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग की ओर से भूमिगत कोयला गैसीकरण से संबंधित प्रस्ताव पर अनुकूलतापूर्वक विचार करने तथा आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि बिहार में उपलब्ध खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीक आधारित उपयोग की दिशा में केंद्र सरकार आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। भूमिगत कोयला गैसीकरण जैसे आधुनिक विकल्पों की संभावनाओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। संभावित निवेशकों एवं बोलीदाताओं को तकनीकी संभावनाओं से अवगत कराने के लिए पटना में रोड शो आयोजित करने की दिशा में भी आवश्यक पहल की जाएगी।

बिहार के खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार की खनिज संपदा राज्य के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है। हमारा प्रयास है कि खनिज संसाधनों का वैज्ञानिक, पारदर्शी एवं सतत तरीके से उपयोग हो तथा अन्वेषण से लेकर ई-नीलामी और उत्पादन तक की पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए। केंद्र सरकार के सहयोग और संबंधित संस्थानों के समन्वय से बिहार के खनिज क्षेत्र में नई संभावनाओं को विकसित किया जाएगा।

बैठक में बिहार में खनिज अन्वेषण कार्यो को बढ़ावा देने तथा अन्वेषण गतिविधियों में तेजी लाने के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अतिरिक्तअधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों के माध्यम से भी विभिन्न खनिजों के व्यापक अन्वेषण कार्य कराए जाने की आवश्यकता पर विचार किया गया। ग्लूकोनाइट, लाइमस्टोन सहित प्रमुख खनिजों से संबंधित खनिज ब्लाकों की ई-नीलामी की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। रोहतास जिले में नीलामित पिपराडीह-भुरवा ग्लूकोनाइट ब्लाक, चुटिया-नौहट्टा ग्लूकोनाइट ब्लाक एवं भोरा-कथरा लाइमस्टोन ब्लक तथा गया जिले में नीलामित गेंजाना निकेल-क्रोमियम एवं पीजीई ब्लक में उत्पादन एवं प्रेषण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सभी आवश्यक वैधानिक एवं अन्य प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए यथाशीघ्र उत्पादन एवं प्रेषण प्रारंभ करने पर बल दिया गया। बिहार में पत्थर भूखंडों की ई-नीलामी की प्रगति तथा इससे संबंधित विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

# पितृपक्ष महासंगम-2026 में श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** गयाजी के भूतपूर्व चेयरमैन और अपने पूज्य पिताजी स्व बिंदेश्वरी यादव की पुण्यस्मृति में, पितृपक्ष महासंगम-2026 के अवसर पर गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु धर्मारण्य देवी मंदिर के समीप एक सेवा शिविर का संचालन किया जा रहा है। इस शिविर का लोकार्पण बेलागंज विधायक मनोरमा देवी के सुपुत्र, युवा समाजसेवी राकेश रंजन यादव (रॉकी यादव) द्वारा किया गया है। शिविर के संचालन की संपूर्ण जिम्मेदारी भी उन्हीं के द्वारा निभाई जा रही है।

इस सेवा शिविर में 10 अक्टूबर तक श्रद्धालुओं को 24 घंटे निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन में पूड़ी-सब्जी, दाल-चावल, सलाद और पापड़ सहित अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। इस शिविर के शुभारंभ के अवसर पर माँ धर्मारण्य देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं तथा सभी के मंगल की कामना की गई है। इस अवसर पर धमेश्वर पांडेय, दीपू रंजन पांडेय, रवि पांडेय, शिव पूजन पांडेय, विनय पांडेय, परमानंद पांडेय, मुलायम यादव, अनिल कुमार पांडेय, जनार्दन पांडेय, प्रमोद पांडेय सहित कई सम्मानित साथी उपस्थित रहे हैं। राकेश रंजन यादव (रकी यादव) ने कहा कि पितृपक्ष के दौरान गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा के लिए यह सेवा शिविर समर्पित है।



पिंडदानी श्रद्धालुओं को भोजन परोसते समाजसेवी राकेश रंजन उर्फ रॉकी यादव।

# इलेक्ट्रिक लिटर पिकर मशीन से चमकेंगे देवघाट और विष्णुपद

**मेयर- सशक्त स्थायी समिति के सदस्य व नगर आयुक्त ने पूजा-अर्चना कर मशीन का किया शुभारंभ**

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश)।** पितृपक्ष मेला महासंगम के दौरान देश-विदेश से गयाजी पहुंच रहे पिंडदानियों और श्रद्धालुओं को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए गया नगर निगम ने सफाई व्यवस्था में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। नगर निगम की ओर से इलेक्ट्रिक और प्रदूषण मुक्त लिटर पिकर वैक्यूम क्लीनर मशीन का शुभारंभ किया गया है। इस मशीन का उपयोग विशेष रूप से देवघाट और विष्णुपद मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में सफाई के लिए किया जाएगा। मशीन का शुभारंभ गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान, नगर आयुक्त ड. गगन और पूर्व डिप्टी मेयर सह सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने नारियल फोड़कर और विधिवत पूजा-अर्चना कर किया है। शुभारंभ के बाद मशीन का मौके पर शुरुआत भी किया गया। मेयर ने बताया कि मशीन कम समय में अधिक क्षेत्र की सफाई करने में सक्षम है और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में इसकी अहम भूमिका होगी। मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि यह मशीन पूरी तरह इलेक्ट्रिक है और बैटरी से संचालित होती है। इसके संचालन के दौरान किसी प्रकार का धुआं या प्रदूषण नहीं होता। मशीन में अत्याधुनिक वैक्यूम सिस्टम लगाया गया है, जिसकी मदद से सड़क, घाट परिसर और मंदिर के आसपास पड़े कागज, पलीथिन, फूल-माला, छोटे-छोटे कचरे और अन्य बिखरे वेस्टेज को तेजी से उठाया जा सकेगा। पितृपक्ष मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवघाट और विष्णुपद मंदिर पहुंचते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला जनता दरबार में 38 से अधिक आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 38 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गई।



जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, शस्त्र एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित मामले शामिल थे। श्री मीणा ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### व्यावसायी स्व. श्री किशुन शर्मा के पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)।** नारायणपुर बाजार के स्व. श्रीकिशुन शर्मा के पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. शर्मा सभी समुदाय के लिए एकता व समाजसेवी की भावना रखने वाले प्रसिद्ध व्यक्ति थे।



उनके निधन से अपूर्णिय क्षति अभिभावक के रूप में हुई है। इस अवसर पर नारायणपुर पंचायत सरपंच सत्येंद्र सिंह पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार दिना सिंह सेवथा पंचायत मुखिया गजेंद्र सिंह यादव, अरुण विश्वकर्मा, विमल शर्मा, सुनील शर्मा, राजू शर्मा, जदयू के वरिष्ठ नेता गौरी शंकर शर्मा, शिक्षक संघ के नेता मुरारी शर्मा, प्रॉपर्टी डीलर अनंत शर्मा, राहुल शर्मा, दीपक शर्मा, पूर्व मुखिया सतीश शर्मा प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राकेश राय रविंद्र राम विनोद सिंह विनोद शर्मा सुनील शर्मा कृष्ण सिंह सत्येंद्र सिंह ब्रजेश सिंह सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ लालबाबू शिक्षक साथी शिक्षक चक्रपाणि शर्मा मुकेश कुमार अमिताभ कुमार समेत अन्य समाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

### एसपी ने ईमादपुर थाना का किया निरीक्षण

आवश्यक सुधार एवं कार्यो के त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा ईमादपुर थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओ.डी. एवं संतरी ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई, साथ ही थाना के



सिरिस्ता, सीसीटीएनएस, हाजत, बैरक, मालखाना एवं गश्ती वाहनों का गहन निरीक्षण करते हुए थाना की व्यवस्थाओं एवं पुलिसिंग कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मालखाना की स्थिति तथा गश्ती वाहनों की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की गई। इसके साथ ही लंबित कार्यो एवं अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार एवं कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना निरीक्षण के क्रम में एसपी द्वारा रात्रि गश्ती एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पीरो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, इमादपुर थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### इंडिया बेस्ट 100 इंस्टीट्यूशन अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. विकास कुमार




आरा (दैनिक नवसंदेश)। डीआईटीआरपी द्वारा आयोजित इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूशन अवार्ड 2026 समारोह में भोजपुर के लाल, डॉ. विकास कुमार ह्यवायरस गुरुह्न, निदेशक, डॉ. पी.सी. मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान, महादेवा रोड को शिक्षा, कौशल विकास, कंप्यूटर शिक्षा, साइबर सुरक्षा,षं सही त्वष पसंद त्व पर ष,फ ससमय ससमय षषषषसाइबर जागरूकता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. विकास कुमार को स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र एवं उपलब्धि सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान बच्चों एवं युवाओं के कौशल विकास, रोजगारपरक शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, साइबर सुरक्षा तथा समाज के प्रति उनके निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि एवं प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा द्वारा डॉ. विकास कुमार को सम्मानित किया गया। साथ ही डीआईटीआरपी के निदेशक अमजद साठे, शशिस कुमार तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें। वक्ता सोनू शर्मा ने कहा कि लगातार आगे बढ़ने की सोच ही व्यक्ति के विकास को गति देती है। व्यक्ति की प्रगति केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसके ज्ञान, अनुभव और उपलब्धियों का लाभ समाज को भी मिलना चाहिए। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. विकास कुमार ने अपने जीवन और कार्ययात्रा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बिहार वैशाली से आनंद मोहन झा, सूरज कुमार एवं तरुण सिन्हा भी उपस्थित रहे।

### नेत्रहीन विद्यालय में सेवा कार्यक्रम आयोजित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे ह्यसेवा संकल्पह्न कार्यक्रम के तहत रविवार को शहर के धनुपरा स्थित नेत्रहीन विद्यालय में सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया



गया। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक एवं मेयर प्रतिनिधि आलोक अंजन उर्फ छोटे ने विद्यालय के नेत्रहीन बच्चों के बीच हारमोनियम, फल एवं चॉकलेट का वितरण किया। बच्चों के साथ समय बिताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश मंत्री सह शाहाबाद के छेत्रिए प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, एमएलसी संतोष कुमार, एमएलसी जीवन कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिलाध्यक्ष बने सुहेल अंसारी

**आरा/जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** रालोमो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने सुहेल अंसारी तो जगदीशपुर नगर अध्यक्ष बने सद्दाम वाराणसी आरा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के भोजपुर जिला अध्यक्ष सुहैल अंसारी एवं जगदीशपुर नगर अध्यक्ष सद्दाम वारसी को मनोनीत किया गया। सभी कार्यकताओं ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जुल्फिकार साहब को बहुत-बहुत बधाई दी। बधाई देने वालों में वरीय नेता प्रो राणा प्रताप कुशवाहा, मुमताज वारसी, प्रदेश महासचिव राजेश कुशवाहा, ललन कुशवाहा, शत्रुघ्न कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष जगदीशपुर मुलायम कुशवाहा आदि ने बधाई दी। बरीय नेता प्रोफेसर कुशवाहा ने कहा कि पार्टी सभी प्रकोष्ठों के लिए समान रूप से मनोनीत कर रही है। जिस पार्टी के जनाधार में बढ़ोतरी होगी।

### एसपी ने फायरिंग की घटना का किया स्थलीय निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एसपी अवधेश दीक्षित रविवार की मध्य रात्रि द्वारा धोबहा थाना अंतर्गत मैनपुरा गांव में घटित फायरिंग की घटना के घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई। इस क्रम में अनुसंधानकर्ता को मामले के अनुसंधान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर त्वरित एवं विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष, धोबहा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# कवि कैलाश की शहादत से प्रेरणा ले उनके सपनों को साकार करें : डीआइजी

**कवि कैलाश की शहादत राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेरित करते रहेगी-डीएम ,अमर शहीद कवि कैलाश की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहीद कवि कैलाश की 84वीं शहादत दिवस पर भोजपुर समाहरणालय सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अमर शहीद कई कैलाश स्मृति संस्थान भोजपुर द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाई ब्रमेश्वर ने किया। इस अवसर पर शाहाबाद के डीआईजी सत्य प्रकाश, जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा, एसपी अवधेश दीक्षित, एसडीओ अंशु कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद कवि कैलाश के स्मारक स्थल पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से किया गया। समिति के संरक्षक बीडी सिंह द्वारा अतिथियों का




मंचासीन शहाबाद डीआईजी, डीएम, एसपी एवं बीडी सिंह आदि

स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। श्री सिंह ने कहा कि कवि कैलाश की शहादत पर भोजपुर को गर्व है। उन्होंने कवि कैलाश के परिजनों के संदर्भ में भी अवगत कराया। डीआईजी सत्य प्रकाश ने कहा कि यह धरती वीरों की धरती रही है। यहां एक से एक ऐतिहासिक महापुरुषों ने जन्म लिया और देश के लिए अपनी कुबार्नी देकर एक नई दिशा दी। आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं वह ऐसे ही महापुरुषों की शहादत का फल है। कवि कैलाशपति सिंह का नाम सदा अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि वही होगी कि जिस भावना से कवि कैलाश ने भारत माता के लिए अपनी शहादत दी, जिस सपने को संयोया था, राष्ट्र निर्माण में उनके सपनों को साकार करना होगा। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि इसी कलेक्ट्री में झंडा फहराने के लिए उन्होंने अपनी शहादत दी थी। इनकी शहादत सदा जिलावासियों को राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेरित करते रहेगा। अध्यक्षीय संबोधन में भाई ब्रमेश्वर ने कवि कैलाश के जीवन वृत्त को विस्तार से रखा। इन्होंने आदम कद प्रतिमा के लिए एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से मिलेगा और परिवार के भरण पोषण के लिए एक व्यक्ति को नौकरी की बात रखेगा। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में महासचिव डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा, मृत्युंजय भारद्वाज, धीरेंद्र सिंह, नंदकिशोर यादव, भाई अरुणेश आदि प्रमुख थे। संचालन प्रो रणविजय कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक बीडी सिंह ने किया।

# डॉ भीम सिंह भवेश के नेतृत्व में महाप्रबंधक को दी गयी 12 सूत्री मांग

**यात्री सुविधाओं एवं ट्रेनों के ठहराव पर कारवाई का आश्वासन**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा जंक्शन पर यात्री सुविधाओं में सुधार एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर आज पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने हाजीपुर रेल महाप्रबंधक से डिम्पी गार्गी से मुलाकात की। शिष्टमंडल में पूर्व निगम पार्षद राजू मेहता एवं डॉ. जितेंद्र शुक्ल शामिल रहे। इस दौरान यात्री सुविधाओं एवं स्टेशन की व्यवस्थाओं से संबंधित 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्लेटफार्म संख्या 4 पर निमार्णाधीन एस्केलेटर एवं लिफ्ट को शीघ्र चालू करने, सफाई व्यवस्था की पारदर्शी मॉनिटरिंग, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था, सकुर्लेटिंग एरिया एवं वाहन स्टैंड को व्यवस्थित करने, अवैध जानवर एवं वेंडरों पर रोक लगाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। इसके साथ ही तेजस राजधानी एक्सप्रेस, डिब्रुगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, पटना-इंदौर एक्सप्रेस एवं सीमांचल एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों का आरा स्टेशन पर ठहराव देने की मांग भी की गई। महाप्रबंधक श्री गार्गी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए ट्रेन ठहराव के लिए अनुशंसा करने की बाते कही। श्री गार्गी ने कहा कि आने वाले समय में आरा जंक्शन का विस्तार एवं सौंदर्यीकरण काफी बेहतर होगा। उन्होंने तत्काल आरा जंक्शन का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने एवं एस्कलेटर एवं साफ-सफाई की



जीएम डिम्पी गार्गी को ज्ञापन सौंपते डॉ भवेश व अन्य

व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। विदित हो कि डॉ भीम सिंह भवेश द्वारा पिछले 2 सितम्बर 2026 से आरा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर लगातार मुहिम चलाया जा रहा है। इस दरम्यान रेल प्रशासन को पत्र देकर सभी प्लेटफार्मों में उभरे गड्ढों को नहीं भरे जाने की स्थिति में गांधी जयंती के अवसर पर जन सहयोग से प्लेटफार्मों की मरम्मती की चेतावनी दी गयी थी। हालाँकि डीआरएम द्वारा प्लेटफार्म के गड्ढ़ों को भरवाने एवं स्टेशन की सफाई आदि का कार्य शुरूकरा दिया गया है।

## सरेशाम युवक की गोली मारकर हत्या, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**धोबहा थाना के मैनपुरा गांव की घटना**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** के धोबहा थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव स्थित काली मंदिर के समय रविवार की शाम हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक को काफी करीब से सिर में गोली मारी गई है। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। हत्या के बाद स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। तब गुसाएं ग्रामीणों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा भी किया और एसपी को घटनास्थल पर बुलाने की मांग को लेकर शव रोक के रखा। सूचना मिलते ही साइबर डीएसपी सह प्रभारी सदर एसडीपीओ-वन रौशन कुमार एवं धोबहा थानाध्यक्ष वर्षा रानी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के



मृत युवक का फाईल

अनुसार मृतक धोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव निवास स्व. मुन्ना सिंह का 20 वर्षीय पुत्र सोनू सिंह है। वह बाहर में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह एकमापुर बाहर से गांव वापस लौटा था। हेमतपुर और मैनपुरा गांव दोनों सटे हुए हैं। रविवार की शाम वह पैदल घूमने को लेकर मैनपुरा गांव स्थित काली मंदिर की तरफ गया था। इसी बीच हथियारबंद बदमाशों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक का मोबाइल भी नहीं मिला है। साइबर डीएसपी सह प्रभारी सदर एसडीपीओ-वन रौशन कुमार ने बताया कि हत्या का कारण परिजन द्वारा स्पष्ट नहीं बताया गया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप का इकलौती संतान था। उसके परिवार में मां मीना देवी है।

# क्षमा वीरों का आभूषण है : आचार्य सुलभसागर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर प्रांगण में क्षमावाणी महापर्व के पावन अवसर पर आचार्य श्री 108 सुलभ सागर जी महाराज ससंघ के परम् सानिध्य में पारंपरिक रूप से भगवान जिनेन्द्र प्रभु की जलाभिषेक, भव्य पंचामृत अभिषेक, पुष्पवृष्टि, मंगल आरती, 108 कलशों से जिनाभिषेक, शांतिधारा, जन्म समय की आरती, स्वयंभू स्त्रोत, देव शास्त्र पूजा, पार्श्वनाथ पूजा, क्षमावाणी पूजा इत्यादि का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर आचार्य सुलभ सागर जी मने बताया कि दशलक्षण महापर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा बनाने की एक आंतरिक यात्रा है। उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्यकृइन दस धर्मों को जीवन में उतारना ही सच्ची जैन साधना है। बाहरी आडंबरों को छोड़कर, अंतर्मन की शुद्धि का संदेश देता है पावन दशलक्षण महापर्व।ह्यह्य ह्यह्यक्षमा वीरस्य भूषणम् कृ क्षमा वीरों का आभूषण है। कमजोरी नहीं, बल्कि अंतरात्मा की सबसे बड़ी ताकत है क्षमा।ह्यह्य मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र दशलक्षण महापर्व श्रद्धा, भक्ति और कठोर तप-साधना के साथ संपन्न हो गया है। पर्व के समापन पर विभिन्न जैन मंदिरों में विशेष अभिषेक, शांतिधारा एवं महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। क्षमावाणी महापर्व पर श्रद्धालुओं ने वर्षभर में जाने-अनजाने में हुई अपनी भूलों के लिए एक-दूसरे से हाथ जोड़कर और गले मिलकर सहृदय क्षमा मांगी। त्यागी व्रती श्रावकों का मंदिर कमिटी द्वारा सम्मान एवं अनुमोदना



प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव डॉ आदित्य विजय जैन, कोषाध्यक्ष रविश कुमार जैन, मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन, संयोजक आकाश जैन, सह संयोजक अजय कुमार जैन, पूर्णिमा जैन, महेंद्र किशोर जैन, रत्ना जैन, डॉ श्वेता जैन, डॉ शशांक जैन, रौशन चंद्र जैन, मनीष जैन, सुषमा जैन, पूर्णिमा जैन, वैभव जैन, मोनू जैन, मन्नू जैन, आकाश जैन, ओंकार अग्रवाल के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

## सोनू सिंह हत्याकांड मामले में दो नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी, तीन गिरफ्तार

**पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार किया बरामद**

**धोबहा थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव स्थित काली मंदिर के समीप रविवार शाम की घटना**

**आरा/एनएसबी।** जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव स्थित काली मंदिर के समीप रविवार के शाम हुए सोनू सिंह हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मृतक की मां मीना देवी के बयान पर थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव निवासी मोनू सिंह तथा मैनपुरा गांव निवासी गोलू साह नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में उनके द्वारा घर से बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के नामजद अभियुक्त हेमतपुर गांव निवासी मोनू सिंह, उसी गांव के निवासी सूर्या सिंह एवं थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव निवासी अंकुर उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें अंकुर उपाध्याय पर हथियार छुपाने एवं सूर्या सिंह पर हथियार सप्लाई करने का आरोप लगा है। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल को भी बरामद कर लिया है। हालांकि मृतक का मोबाइल अभी नहीं मिल पाया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। उधर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा रविवार की मध्य रात्रि धोबहा थाना अंतर्गत मैनपुरा गांव में घटित फायरिंग की घटना के घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई। इस क्रम में अनुसंधानकर्ता को मामले के अनुसंधान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर त्वरित एवं विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## रक्तदान कर मानव सेवा का दिया संदेश



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** आश्रम संकीर्तन नगरी बहरी महादेव धाम पीरो के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर में स्थानीय युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 25 यूनिट रक्तदान किया। यहां आयोजित रक्तदान शिविर में शांति मेमोरियल ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आश्रम के स्वयंसेवकों के नेतृत्व में हुआ। मौके पर उपस्थित डा. केके. सिंह ने शिविर के आयोजकों व रक्तदाताओं का खुलकर उत्साहवर्धन किया। शिविर में अभाविप के पूर्व जिला संयोजक अनूप सिंह, आश्रम संकीर्तन नगरी बहरी महादेव धाम के सचिव दीपक सिंह, शुभम सिंह, पवन कुमार, गोलू कुमार, प्रिंस कुमार, भोलू सिंह, नीरज सिंह, सतेंद्र यादव, अजय यादव, सोनू बजरंगी, दीपक आर्य, तरुण कुमार, अमित यादव, सोनू चैरसिया, राधेश्याम चैरसिया, सुमित गुप्ता, अमरजीत यादव, अंकुश सिंह, भविष्य सिंह, गुड्डू सिंह, गोल्डन यादव, राजीव सिंह, राजहंस गुप्ता, गोलू सिंह आदि ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। शिविर के माध्यम से युवाओं को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

# ठेका-संविदा समाप्त कर रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करे सरकार : श्रीकुमार

**महासंघ के 22वें राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतिनिधि सत्र**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के 22वें राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन सोमवार को प्रतिनिधि सत्र का उद्घाटन अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव ए. श्रीकुमार ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें सरकारी विभागों में नियमित नियुक्ति के बजाय ठेका, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं अस्थायी नियुक्ति की नीति को लगातार बढ़ावा दे रही हैं। इससे बेरोजगार युवाओं के श्रम का शोषण बढ़ रहा है और उन्हें स्थायी रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से वंचित किया




कार्यक्रम में शामिल महासंघ के नेता एवं वक्ता

जा रहा है, उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में लाखों पद रिक्त हैं, लेकिन उन पदों पर नियमित बहाली नहीं की जा रही है। श्रीकुमार ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े सवालों पर सरकारों की नीतियों के कारण कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। 8वें वेतन आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और उसकी अनुशंसाओं को लागू करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि महंगाई के लगातार बढ़ते दबाव के बीच कर्मचारियों को उचित वेतन एवं महंगाई भत्ते का लाभ मिलना जरूरी है। उन्होंने कर्मचारियों से जुड़े लंबित वेतन एवं भत्तों के मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इन मुद्दों के साथ 10 सूत्री मांगों को लेकर अगामी 12 दिसंबर को दिल्ली में लाखों कर्मचारियों की एक बड़ी रैली आयोजित होगी, जिसमें बिहार से 3000 कर्मचारियों के साथ भाग लेने का आह्वान किया। प्रतिनिधि सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान केवल आश्वासनों से नहीं होगा। देशभर के कर्मचारियों को संगठित होकर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष तेज करना होगा। महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अरुण सिंह एवं लक्ष्मीकांत झा ने भी प्रतिनिधि सत्र को संबोधित किया। वक्ताओं ने सरकारी सेवाओं में नियमित नियुक्ति, कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, वेतन एवं भत्तों की सुरक्षा, पेंशन तथा सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न कर्मचारी हितों के सवालों को प्रमुखता से उठाया।

## संक्षिप्त खबरें

### गोलीबारी में फरार चल रहे एक और आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के एकमी शोभन बाईपास के एम्स शिवपुरी के पास हुए गोलीबारी में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब तक इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र के तारालाही गांव के रहने वाले मोहम्मद आजाद उर्फ मोहम्मद चांद को रविवार की देर शाम गांव से ही गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब तक इस मामले में सैदनगर मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद अकबर और थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर के लाल यादव को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर लगभग सभी लोगों की पहचान कर ली गई है। जमीनी विवाद में कई राउंड गोली चलाई गई थी। गोलीबारी के दौरान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के इमामबाड़ी मोहल्ला के रहने वाले विजय भगत को गर्दन के पास गोली लग गई थी। जिनका इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। विजय के भाई अजय भगत के बयान पर बिशनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। गोलीबारी की घटना में दोनों पक्षों की ओर से अब तक तीन मामले दर्ज किए जा चुके हैं। हालांकि पूरे मामले को लेकर समय-समय पर एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलरड्डी जानकारी लेते रहते हैं। एसएसपी के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया जा चुका है जिसमें टेक्निकल सेल के भी पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी लगाया गया है।

### छात्रों के बीच शैक्षणिक किट का वितरण


कीट का वितरण करते डॉ. मोहन चौधरी।

**हनुमाननगर (एनएसबी)।** स्वयंसेवी संस्था डा. मोहन चौधरी मेमोरियल फांउडेशन की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोदाईपट्टी नदीपार में सैकड़ों छात्र छात्राओं के बीच शैक्षणिक किट का वितरण किया गया । मुख्य ट्रस्टी बिजय कुमार चौधरी ने बताया कि डा. मोहन चौधरी ने दिव्यांग रहते हुए भी मानव सेवा व शिक्षा स्तर को मजबूत करने का संकल्प लिया है। संस्था की ओर विभिन्न तरह का कैंप समय -समय पर लगाया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजुद थे।

### आज कई फीडरों की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 29 सितंबर,2026 को प्रातः 5 बजे से 9 बजे पूर्वाहन तक गावर एजेंसी के द्वारा 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र डीएमसीएच से निकलने वाले फीडर नंबर 4 एंव 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र बंगाली से निकलने वाले 11 केवी एम एल अकैडमी फीडर एवम 11 केवी मिर्जा खाँ तालाब फीडर मे शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण इन फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।प्रभावित होने वाले क्षेत्र है- बेता चौक ,शाहगंज ,हॉस्पिटल रोड, कपूरी चौक, आर्मी हॉस्पिटल ,शर्मा डायग्नोस्टिक शंकर पान दुकान, बब्बन घर, बजरंगबली मंदिर, गुलाब टेंट हाउस, बाबू झा होटल, एल आई सी ऑफिस ,रेणुका मित्रा, डॉ मोहन मिश्रा, बंगाली टोला, होटल होलीडे ,महनाथ पोखर, छोटी मस्जिद, महावीर मंदिर, राजपूत कॉलोनी, कॉलोनी नंबर 4, महारानी कल्याणी कॉलेज, डेंटल कॉलेज, छोटी मस्जिद ,बुला चौक बड़ी मस्जिद, कमल फूल, वी आई पी रोड ,बजरंग होटल आदि है।

### बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच के प्रांगण में रोगी का बहुत भीड़ देखा गया जिसमें मेडिसिन विभाग में बहुत भीड लगा हुआ था। सर्जरी में भी रोगी अन्य दिन की अपेक्षा कम दिखाई दी। सेंट्रल लैब में 415 रोगी का जांच किया गया एवं इमरजेंसी लैब में 300 के लगभग मरीजों की जांच हुई। सेंट्रल लैब की इंचार्ज संजय ने बताया कि म यहां 300 से ऊपर रोगी का जांच प्रत्येक दिन सेंट्रल लैब में किया जाता है। अभी ज्यादातर लोग बुखार से ग्रसित होकर आते हैं।

### भगत सिंह जयंती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**बेनीपुर (एनएसबी)।** सझुआर स्थित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल +2 हाई स्कूल में सोमवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने भगत सिंह के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण किया। विद्यालय के शिक्षक श्याम रतन ने छात्रों के बीच भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से देश प्रेम एवं अनुशासन सीखने की बात कही। इस मौके पर छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग नवम की शैल कुमारी प्रथम, अनुराग झा द्वितीय एवं हर्ष मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे।मौके पर छात्रा चांदनी, शिवानी, काजल, रोशन, अंजलि , खुशबू, साक्षी सहित शिक्षिका मीरा कुमारी एवं संगीत शिक्षक नरोत्तम मौजूद रहे।


कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए किचन चालू ,नहीं होगी भोजन की दिक्कत

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित पंचायतों में कई जगह बाढ़ पीड़ितों के बीच किचेन चालु कर दिया है। बाढ़ पीड़ित परिवारों की समस्या को देखते हुए आंचल प्रशासन ने पिड़ीत परिवार एवं बच्चों के साथ भोजन की व्यवस्था की है। प्रखंड के कई पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें ईटहर, तिलकेशवर, उजुआ सिमरटोका बाढ़ से ज्यादा प्रभावित हैं । सीओ राकेश कुमार रौशन ने बताया कि पुरे अंचल क्षेत्र में दस जगह किचेन की व्यवस्था की गई है।

# कलिगांव के बिरौल में विद्युत स्पर्शाघात से मजदूर की मौत, मुआवजा की मांग

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** कलिगांव पंचायत के बिरौल में सोमवार को विद्युत स्पशार्घात से मजदूर 26 वर्षीय चंदन दास की मृत्यु हो गई।परिजनों ने बताया कि कलिगांव और बिरौल के बीच एक छात्रावास का निर्माण हो रहा है। इसी कार्य करने के दौरान लोहे की छड़ को उठाने के क्रम में ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार केवी लाइन के सम्पर्क में वह आ गया। और करंट लगते ही वह छटपटाने लगा। मौके पर मजदूरों एवं ग्रामीणों ने उसे तार के संपर्क से हटाकर इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी पहुंचाया। जहां जांच के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. प्रेमचंद ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौके पर सिंहवाड़ा पुलिस भी पहुंच गई। सीएचसी परिसर में लाश रखकर लगभग दो ढाई घंटे तक ठेकेदार, पंचायत प्रतिनिधि एवं मृतक के परिजनों के बीच मुआवजाको लेकर संवाद चलता रहा। इसके बाद मृतक के परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इधर पुत्र के मौत की खबर लगते ही मां मरनी देवी, पत्नी चंद्रकला देवी रोते बिलखते मौके पर पहुंची। बताया गया है कि मृतक चंदन की शादी ढाई वर्ष पूर्व हुई थी। उसके एक वर्षीय बेटी भी है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।


सिंहवाड़ा के कलिगांव में दुर्घटना के बाद रोते बिलखते परिजन।

## पोखर से मखाना बुहारने के दौरान मजदूर की डूबने से मौत

**दरभंगा (एनएसबी)।** सोनकी थाना क्षेत्र के कपछाही चौड़ में सोमवार को एक मखाना मजदूर की मौत डूबने से हो गई है। मृत कपछाही गांव के वार्ड नंबर नौ निवासी बालेश्वर सदाय का पुत्र रंजीत सदाय ( 47 वर्ष ) है। जो पोखर से मखाना बुहारने ( निकालने ) का काम करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया।

पोस्टमार्टम हाउस में मृत के स्वजन आशीष सदाय ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे घर से एक किलोमीटर दूर चौड़ के पोखर से रंजीत मखाना निकालने गया। उन्होंने बताया कि दिन के करीब एक बजे पोखर की तलहटी से मखाना गुड़ी निकालने के लिए रंजीत ने पानी में डुबकी ( गोता ) लगाया। इसके बाद वो बाहर नहीं निकला तो अन्य मजदूर चीखते-चिल्लाते उसे ढूढ़ने लगे। उन्होंने बताया कि करीब आधे घंटे की खोजबीन के बाद रंजीत का शव पोखर की तलहटी में झाड़ियों में फंसा मिला। उन्होंने बताया कि मृत के दो पुत्र और तीन पुत्री है। जिसमें से एक पुत्री विवाहिता है और बाकी बच्चे नाबालिग है। अचानक हुए हादसे में घर के इकलौते कमाऊं सदस्य की मौत से परिवार बेसहारा हो गया है। पत्नी और बच्चे बिखल कर रो रहे हैं। सरकार को अविलंब मुआवजा देने की पहल करनी चाहिए।

## छात्र का मोटरसाइकिल चोरी करते सीसीटीवी फुटेज में कैद

**बिरौल (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सुपौल बाजार में सोमवार को डुमरी रोड स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान के बाहर से एक छात्र की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस संबंध में पीड़ित छात्र की मां अहिलवारा गांव निवासी इबने आरा खातून ने अपने पति तरबीर खान के साथ बिरौल थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी है और बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

आवेदन में बताया गया है कि उनका पुत्र सोमवार को अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक से सुपौल बाजार के डुमरी रोड स्थित एक कोचिंग में पढ़ने आया था. उसने हमेशा की तरह बाइक को कोचिंग के बाहर हैंडल लॉक कर खड़ा किया और अंदर क्लास करने चला गया. जब वह क्लास खत्म कर बाहर लौटा तो उसके होश उड़ गए. उसकी बाइक वहां से गायब थी. छात्र ने तुरंत परिजनों को सूचना दी. परिजन मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला. इसके बाद लोगों ने पास में लगे एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो पूरी चोरी की वारदात सामने आ गई. फुटेज में काली टोपी और सफेद शर्ट पहने एक युवक बड़ी आसानी से बाइक का लॉक तोड़कर ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहा था. इधर थानाध्यक्ष चंद्रमणि ने बताया कि बाइक चोरी को लेकर आवेदन मिला है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जांच शुरू कर दी गई है. जल्द ही चोर को पकड़ लिया जाएगा।


सीसीटीवी ने कैद मोटरसाइकिल चोर।

## मौत के बाद भी रौशनी बांट गईं रसियारी गांव निवासी अनामिका देवी

**■ पति के साथ 2024 में लिया था संकल्प, निधन के बाद डीएमसीएच की टीम ने की पूरी प्रक्रिया**

**किरतपुर (एनएसबी)।** जीवनभर शिक्षा और समाजसेवा की अलख जगाने वाली अनामिका देवी मौत के बाद भी किसी की जिंदगी में रोशनी देने का संकल्प पूरा कर गईं। रसियारी गांव निवासी अनामिका देवी का 26 सितंबर की देर रात निधन हो गया। इसकी सूचना मिलते ही डीएमसीएच की मेडिकल टीम गांव पहुंची और उनका नेत्रदान कराया। पति प्रो. शंभू प्रसाद मिश्र के साथ उन्होंने वर्ष 2024 में मृत्यु के बाद नेत्रदान करने का संकल्प लिया था।

परिजनों ने समय रहते मेडिकल टीम को सूचना देकर उनके संकल्प को पूरा कराया। दोनों पुत्रियां अर्पणा कुमारी व अर्चना कुमारी भी सामाजिक कार्यों से जुड़ी हैं। अनामिका देवी सिर्फ नेत्रदान के संकल्प के लिए ही नहीं, बल्कि शिक्षा और सामाजिक सरोकारों के लिए भी जानी जाती थीं। कवयित्री और हिंदी-मैथिली की साहित्य साधिका अनामिका देवी ने साक्षरता अभियान चलाकर 100 से अधिक महिलाओं को पढ़ना-लिखना सिखाया। उनके हाथों शिक्षित हुई श्यामा देवी और अनुराधा देवी कहती हैं कि आज वे जो कुछ भी पढ़-लिख पाती हैं, उसमें अनामिका देवी का बड़ा योगदान है।कोसी, कमला, बलान, गेहुआं और भूतही नदियों की बाढ़ से प्रभावित इलाके के लोगों की समस्याओं को भी अनामिका देवी लगातार उठाती रहीं। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने कई मामलों में पटना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिकाएं दायर कीं। बाढ़ और आपदा से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर उनके प्रयासों की विभिन्न सरकारी विभागों में भी चर्चा हुई। प्रो. शंभू प्रसाद मिश्र ने बताया कि उनका परिवार कई दशकों से रामाश्रम सत्संग, मथुरा से जुड़ा है। भारतीय अध्यात्म और संस्कृति से प्रेरित होकर दोनों ने प्राणी मात्र की सेवा और कल्याण में अपनी भागीदारी के उद्देश्य से नेत्रदान का संकल्प लिया था। अनामिका देवी के निधन के बाद परिवार ने इस संकल्प को पूरा कराया।अनामिका देवी के पति प्रो. शंभू प्रसाद मिश्र घनश्यामपुर के गोई मिश्र लगमा स्थित रामजानकी राधा कृष्ण शारदा इंटर महाविद्यालय में कार्यरत हैं। उनके इकलौते पुत्र डॉ. पारस मणि रसियारी स्थित +2 गांधी कोशी प्रावेशिका उच्च विद्यालय में शिक्षक हैं। पुत्रवधू सपना कुमारी और दोनों पुत्रियां अर्पणा कुमारी व अर्चना कुमारी भी सामाजिक कार्यों से जुड़ी हैं।


अनामिका देवी।

## कांग्रेस ने किया मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच की मांग

**■ मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला कांग्रेस कमिटी ( अर्बन ) के जिलाध्यक्ष डॉ. जमाल हसन के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय, बलभद्रपुर चौक से मतदाता सूची एवं चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के विरोध में मार्च निकाला गया। सैकड़ों कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने समाहरणालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा की मांग की। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीसीएलआर को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची एवं चुनावी प्रक्रिया की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। इसके बाद लहेरियासराय टावर पर प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया।


प्रदर्शन करते कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता ।

## जीवन में संकल्प का होना आवश्यक : सी. ए आदित्य

**दरभंगा (एनएसबी)।** विकल्प रखने से आपका संकल्प होगा कमजोर।व्यक्तिगत जीवन से सामाजिक जीवन में आना चाहता हूँ।उक्त बातें बसहा ग्राम में युवाओं को संबोधित करते हुए सीए आदित्य झा ने कहीं।आगे अपने संबोधन में सीए आदित्य झा ने कहा कि सामाजिक कार्य मेरे स्वभाव व संस्कार में है।सामाजिक कार्यों करने की और शक्ति मिले इसके लिए आप युवाओं का सहयोग परम आवश्यक है। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अमरेश चौधरी,मनोज यादव,विश्व बंधु, उज्ज्वल कुमार ने संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन निलेश कुमार ने किया।उपस्थित युवाओं द्वारा सीए आदित्य झा का मिथिला की परंपरा के अनुरूप अंगवस्त्र व पाग से अभिनंदन किया गया।मौके पर सैकड़ो प्रबुद्ध युवा मौजूद थे।


संबोधित करते सी.ए आदित्य।

## हम का समीक्षात्मक बैठक संपन प्रखंड प्रभारी का हुआ मनोनयन

**■ 6 अक्टूबर को पार्टी संस्थापक केंद्रीय मंत्री, जीतन राम मांझी का जन्मदिवस समारोह का होगा आयोजन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर दरभंगा जिला के तत्वाधान में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन आभा पूर्णिमा रेस्ट हाउस दरभंगा में रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हम जिलाध्यक्ष आर के दत्ता ने किया। संचालन जिला प्रधान महासचिव हीरालाल राम ने किया। इस अवसर पर कई सक्रिय कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए और विगत 12 सितंबर,2026 को संपन्न गरीब चौपाल यात्रा कार्यक्रम के समीक्षा करते हुए संगठन को पंचायत एवं बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए प्रखंड प्रभारी मनोनीत किया गया। केवटी प्रखंड का प्रभारी डॉ उदय नारायण लाल दास, सिंघवारा एवं जाले का प्रखंड प्रभारी, सोनी कुमारी दरभंगा सदर एवं बहादुरपुर का प्रखंड प्रभारी संजय सदा एवं अजय कुमार को बेनीपुर बिरौल का प्रखंड प्रभारी अजय कुमार कर्ण, हायाघाट प्रखंड प्रभारी उमेश कुमार मांझी ,गौरा बौराम का प्रखंड प्रभारी, राम सुधरी सदा मनिगाछी एवं तारडीह का प्रखंड प्रभारी हीरालाल राम एवं संजय सदा,कुशेश्वरस्थान का प्रखंड प्रभारी, कारी गामी,घनश्यामपुर किरतपुर का प्रखंड प्रभारी अमरजीत सदा राम सुधरी सदा एवं संजय सदा को बनाया गया। बैठक में विगत 12 सितंबर को आयोजित गरीब चौपाल यात्रा कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निर्वाह करने पार्टी कार्यकर्ताओ को सम्मानित भी किया गया। बैठक को संबोधित करने वालों में प्रदेश महासचिव कारी गामी, प्रदेश सचिव हीरा गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा,छात्र जिलाध्यक्ष पप्पू कुमार यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामदेव यादव, महिला जिला अध्यक्ष चंचल कुमारी, मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता अजय कुमार, एससी एसटी जिलाध्यक्ष संजय सदा अमरजीत सदा लक्ष्मी सदा राम सुधरी सदा सुरेश चौधरी सुरेंद्र यादव ललित ठाकुर राम सजीवन सदा रामदुलारी देवी सुमित्रा देवी सोनी कुमारी सजना सदा फूलों देवी, मिश्रीलाल मंडल कलादेवी आदि शामिल थे।


कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष आर के दत्ता व अन्य।

## कोसी के जलस्तर स्थिर होने से किसानों ने ली राहत की सांस

**■ खेतों में डूबी धान की फसल, हताशा**

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** कोसी के जलस्तर में स्थिरता से बाढ़ क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। लगातार जलस्तर में वृद्धि से किसानो की हजारों एकड़ धान की फसल डुब गई है। जहां धान की फसल डुबी है, फसल में अभी गौभ आया ही था की पानी ने डुबो दिया। किसानों का कहना है कि गौभ में पानी जाने से दाना नही होगा। जिससे हजारों एकड़ धान की फसल बर्बाद होने की संभावना है। किसान हतास उदास है। किसान उसड़ी के बिमीलेश यादव, चन्द्रशेखर यादव, बबलु यादव,बिरंची यादव, समौरा के रामकुमार साह, फतिंग साह, डोमी साह,ईटहर के राजेश राय,रामज्ञा राय,बिनोद राय ने बताया कि अभी जो बाढ़ का पानी आया है इससे धान कि फसल में दाना नही होगा क्योंकि धान गौभ में है और उसमें पानी जाने से फसल नहीं होगी।

# पीएम मोदी के राष्ट्रसेवा की अनकही कहानियों का जिले में नाट्य मंचन के माध्यम से होगा प्रचार : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**सेवा, समर्पण व राष्ट्रनिष्ठा की अनकही गाथाओं का हुआ भव्य मंचन, सांसद एमएलसी रहे मौजूद**

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं के तथा विश्व के सर्वाधिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष, सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा की अनकही कहानियों को नाट्य मंचन के माध्यम से जन-जन के समक्ष जीवंत करने की पहल शुरू की गई है। नमो सेवा अनकही कहानियों को नाट्य मंचन के माध्यम से 2 अक्टूबर से को पूरे जिले में होने वाले प्रचार प्रसार के निमित्त लहेरियासराय प्रेक्षागृह में आज सोमवार को भाजपा सांस्कृतिक मंच के तत्वाधान में की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के बाद स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने उपरोक्त बातें कही।

मंच के जिला संयोजक अमरनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित तैयारियों का पूर्व मंत्री हरि सहनी एवं पार्टी संगठन के नेताओं के साथ अवलोकन करते हुए सांसद डा ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में इसके भव्य मंचन के क्रम में आगामी 2 अक्टूबर को लहेरियासराय दरभंगा स्थित दरभंगा ऑडिटोरियम के प्रेक्षागृह सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से पीएम मोदी की जीवनी को रेखांकित किया जाएगा।सांसद डा ठाकुर ने बताया कि सेवा के संकल्प पर नमो सेवा की अनकही कहानी को जन-जन की आवाज होगी बनाने के लिए पार्टी कार्यकताओं की यह पहल बेहद उत्साहवर्धक है जिसका दूरगामी परिणाम निकलेगा तथा इसकी तैयारी के लिए दरभंगा जिला के सभी सम्मानित कार्यकताओं, पदाधिकारियों के द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मौके पर पूर्व मंत्री हरि सहनी जिला के वरीय उपाध्यक्ष अभयानंद झा प्रदेश के सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता राजेश रंजन मंडल अध्यक्ष संगीत साह रामाज्ञा चौधरी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सपना भारती भावना कुमारी आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।



कार्यक्रम में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, विधान पार्षद हरि सहनी व अन्य।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराकर वीडियो बनाने में एक अवैध देशी कट्टा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 26 सितंबर को जिले में स्थापित सोशल मीडिया सेल के माध्यम से थानाध्यक्ष, फुलपरास को एक वीडियो प्राप्त कराया गया जिसमें यह देखा गया कि एक लड़का द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर हथियार लहराता हुआ फोटो / विडियो पोस्ट किया गया है।

थानाध्यक्ष द्वारा त्वरीत कार्रवाई कर उक्त वीडियो का सत्यापन कराया गया जिसमें लड़के की पहचान राजेश कुमार, पे०-रामजतन राय, सा०-खड्गामा, थाना-फुलपरास, जिला-मधुबनी के रूप में किया गया। उक्त सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस द्वारा खड्गामा निवासी राजेश कुमार के घर पर पहुँचा गया तो पुलिस को देखते हीं उस घर के अन्दर से एक लड़का निकलकर भागने लगा परन्तु पुलिस बल के सहयोग से उसको पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति का नाम/पता पूछने पर उसने अपना नाम राजेश कुमार पे०- रामजतन राय बताया। भागने का कारण पुछने पर उसके द्वारा कोई भी संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया। वायरल वीडियो के संबंध में पुछने पर उसके द्वारा बताया गया कि हंथियार के साथ का यह वीडियो मेरे द्वारा हीं बनाकर सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर अपलोड किया गया है। हंथियार के संबंध में पुछने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह हथियार अभी भी मेरे पास हीं है जिसे हम अपने घर में चौकी पर बिछावन के निचे छुपाकर रखे हुए हैं। उक्त घर का विधिवत तलाशी लेने के क्रम में घर के अंदर चौकी पर लगे बिछावन के निचे से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। हथियार के संबंध पूछ-ताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह हथियार मुनानंद कुमार, पे०-उमेश राय, सा०-खड्गामा, फुलपरास से मैने लिया था। तपश्चात बरामद प्रदर्शों का जप्ती सूचि बनाकर पकड़ाये व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी का कारण बताते हुए विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं इस घटना के संदर्भ में फुलपरास थाना कांड सं0-396/26 आर्म्स एक्ट के तहत सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## जनता के हितों की रक्षा के लिए सत्ता से सवाल पूछना वाजिब : मनोज



**बिस्फी।** विस्फी के सकराढ़ी में विकास ट्रेडर्स कैंपस में सामाजिक कार्यकताओं की बैठक जगवन पूर्वी पंचायत के मुखिया गणेश दास के अध्यक्ष में हुई,जिस बैठक में सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं में प्रमुख रूप से मनोज कुमार यादव, बाबूलाल महतो, हरिप्रसाद साहू सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए,सभी लोगों ने विस्तार से से सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा किए , मनोज कुमार यादव ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि देश में मोदी के सत्ता में आने के बाद सामाजिक और राजनीतिक रूप से देश को काफी क्षति उठानी पड़ी है, उन्होंने कहा सामाजिक स्तर पर वैचारिक बहस में कमी आई है तर्क आधारित बहस सामाजिक स्तर पर नहीं हो पा रहा है, वैज्ञानिक प्रगतिशील समाज के निर्माण में लोगों को आगे आना होगा और चेतना का विकास आवश्यक है, जनता के हितों के लिए सत्ता से सवाल करना समाजिक स्तर से शुरू होना चाहिए और लोगों को जाती धर्म, भाषा से उपर उठकर समाज के विकास में अपना उर्जा लगाने की आवश्यकता है। बैठक में हरिप्रसाद साहू ने कहा कि पहले सामाजिक स्तर पर नेताओं के कार्य, संघर्ष और उनके चरित्र के बारे में लोग जानकारी लेते रहे लेकिन अब इस तरह को देखने को नहीं मिलता जिसके चलते समाज और देश दोनों का नुकसान हो रहा है उन्होंने कहा कि नेताओं के चुनावी भाषण, घोषणा पत्र लोग ध्यान लगाकर पढ़ते थे और समजिक लोगों के साथ तर्क. - वितर्क होता था परन्तु अब लोग इससे अलग हो रहे हैं जो काफी चिंता का सवाल है,हम लोगों को राजनीतिक और सामाजिक रूप से मजबूत होना होगा और सत्य के साथ खड़ा उठना होगा तभी हम सब एक खुबसूरत समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। बैठक में सुशिल मंडल, मिथलेश कामती,प्रभु मंडल, नन्दी सदाय, अर्जुन सदाय,रामू सदाय,डोमू सदाय,बिसो सदाय, बबिता देवी एवं बरी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क नहीं बनने से तेघड़ा के ग्रामीण परेशान, कच्ची सड़क पर चलने को मजबूर



**बिस्फी।** जफरा पंचायत के तेघड़ा गांव में पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोग आज भी कच्ची सड़क से आवागमन करने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में सड़क पर पानी और कीचड़ जमा हो जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है। वहीं, गांव में सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण डॉक्टर और अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों के गांव तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से पक्की सड़क की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों प्रमोद यादव, राजा यादव, बब्लू यादव सहित अन्य लोगो में इसको लेकर काफी नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि सड़क निर्माण की दिशा में जल्द पहल नहीं हुई, तो वे आगामी चुनाव में वोट नहीं देने का फैसला कर सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से गांव में जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराने तथा समस्या दूर करने की मांग की है !

### चौकीदार व दफादारों का परेड कराया गया

**बेनीपट्टी।** आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, कालीपूजा एवं छठ पर्व के मद्देनजर आज अनुमंडल कार्यालय में बेनीपट्टी अनुमंडल के सभी चौकीदार एवं दफादारों का परेड कराया गया। इस अवसर पर एसडीओ द्वारा सभी चौकीदारों को थानावार बारी बारी से कार्यालय प्रकोष्ठ में बुलाकर उन्हें निदेशित किया गया कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे एवं आसूचना तंत्र को सक्रिय रखते हुए सभी प्रकार की सूचना का प्रेषण थानाध्यक्ष को करेंगे। साथ ही शराब कारोबारी की पहचान करते हुए इसकी सूचना भी थानाध्यक्ष को देंगें ताकि उस पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने नीलामपत्रवाद, वारंट , बी एन एस एस 163 एवं 126 का तत्परता से तामिला कराने का निर्देश सभी चौकीदारों को दिया। एसडीओ द्वारा बताया गया कि वासगीत पर्चा के नाम पर भूमिहीन महिलाओं को बहला फुसलाकर कर आंदोलन कराने वालों को चिन्हित करते हुए इसकी सूचना थानाध्यक्ष को देने हेतु निर्देश दिया गया। एसडीओ द्वारा भूमिहीनों को वास की जमीन उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पंचायतों में शिविर के माध्यम से किया जा रहा है, इसलिए किसी के बहकावे न आने हेतु लोगों को जागरूक करें। परेड से अनुपस्थित रहने वाले चौकीदारों के विरुद्ध वरीय पुलिस अधीक्षक को प्रतिवेदित करने का निर्देश एसडीओ द्वारा दिया गया। परेड में बेनीपट्टी अनुमंडल के 135 चौकीदार दफादार उपस्थित थे।

### एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मधुबनी।** जिला के रहिका प्रखंड अंतर्गत सकरी चीनी मिल के गन्ना प्रौद्योगिकी विस्तार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजनगर प्रखंड मे किया गया । प्रशिक्षण मे निम्न मुख्य बिन्दुओ पर चर्चा की गई - शरदकालीन गन्ना बुआई सह फसल के साथ,गन्ना रकबा बढ़ाने के सबंध क्षेत्र विस्तार योजना की विस्तृत जानकारी फिट पर गन्ना आधुनिक कृषि,यंत्रीकरण योजना एवं यंत्रीकरण संबंधी आधुनिक खेती,खर पतवार नियंत्रण गन्ना बधाई,बीज उपचार एवं भूमि उपचार,मुख्यमंत्री गन्ना विकाश योजना एवं किसान गन्ना आईडी,गन्ना खेती में जैविक उपादान का महत्व एवं जैविक उपादान योजना संबंधी जानकारी उपलब्ध कराया गया।

## विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य के प्रति रचनात्मक अभिव्यक्ति विकसित करने के उद्देश्य

**खजौली।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय, खजौली में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य के प्रति रचनात्मक अभिव्यक्ति विकसित करने के उद्देश्य से 14 से 28 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।




समापन समारोह के दौरान प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, कर्मियों एवं सहायक प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बीडीओ चंदन कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति में रची-बसी भाषा है। यह देश के लोगों को आपस में जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरनाथ प्रसाद ने कहा कि हिंदी हमारी भावनाओं और विचारों को सहज एवं प्रभावी ढंग से व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। प्रभारी प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी ने कहा कि हिंदी का सम्मान करना हमारी भाषा, संस्कृति और विरासत का सम्मान करना है। इस दौरान निबंध, सुलेख, कविता गायन एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पूजा कुमारी, खुशी कुमारी, पारसनाथ यादव, कंचन कुमारी, मनीषा कुमारी एवं छोटू कुमार साह को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. विश्वजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ज्योति कुमारी, अमरजीत पासवान, जीवेन्द्र कुमार, डॉ. गुड़िया कुमारी, मो. दानिश, मनीष कुमार, शिखा चौधरी, अभिषेक झा, कमलेश कुमार एवं ललित कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नूरचक में टूटे पुल ओर गड्ढों में तब्दील डायवर्सन को लेकर सांसद प्रतिनिधि ने की कार्यपालक अभियंता से मुलाकात

**मधुबनी।** राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के औंसी जीरोमाइलझ भाया बिस्फीझबेंगराझकमतौल पथ की जर्जर एवं बदहाल स्थिति को लेकर सहायक अभियंता ब्रजेश राणा की उपस्थिति में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रितेश चंद्र सिन्हा को पत्र सौंपकर सड़क की शीघ्र मरम्मत एवं आवश्यक निर्माण कार्य पूरा कराने का अनुरोध किया है।

सांसद प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि नूरचक चौक के समीप संवेदक द्वारा पुल को तोड़कर निर्माण कार्य रोक दिए जाने के बाद आवागमन के लिए बनाया गया डायवर्सन वर्तमान में अत्यंत खराब स्थिति में है। बारिश के कारण डायवर्सन पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहनों के आवागमन में कठिनाई हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बांका, खैरी एवं बभनगामा आदि गांवों के समीप भी सड़क पर कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। बारिश का पानी गड्ढों में जमा रहने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है तथा दुर्घटनाओं की स्थिति भी उत्पन्न है। उन्होंने पथ निर्माण विभाग से मांग की है कि नूरचक चौक से पूरब टूटे पुल के स्थान पर यथाशीघ्र स्थायी पुल का निर्माण कराया जाए तथा डायवर्सन की तत्काल मरम्मत कर उसे आवागमन योग्य बनाया जाए। क्योंकि यह मार्ग



क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों के दैनिक आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य में अनावश्यक विलंब से लोगों में खासे निराशा हैं। कार्यपालक अभियंता रितेश चंद्र सिन्हा ने कहा कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्राप्ति नहीं होने के कारण थोड़ी विलंब हुई हैं लेकिन कार्य में त्वरित तेजी लाकर आम नागरिकों की सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

**कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा**

## अनुपयोगी वस्तुओं से बनाए आकर्षक मॉडल

**■ कचरे को संसाधन में बदलना ही प्रभावी कचरा प्रबंधन का उद्देश्य : संदीप कुमार**

**मधुबनी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पंचायत घोघरडीहा द्वारा विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से 'कबाड़ से जुगाड़' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में घोघरडीहा आईटीआई कॉलेज एवं अंबिका पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री का रचनात्मक उपयोग करते हुए आकर्षक और उपयोगी मॉडल तैयार किए। छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडलों का प्रदर्शन करते हुए उनमें प्रयुक्त सामग्री, निर्माण की प्रक्रिया तथा उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनकी प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि रचनात्मक सोच के माध्यम से बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं को भी उपयोगी बनाया जा सकता है।

पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी रचनात्मकता, मेहनत और पर्यावरण के प्रति जागरूकता की सराहना की। कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि कचरे का उचित प्रबंधन स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। कचरे को केवल अनुपयोगी समझकर फेंकने के बजाय उसका पुनः उपयोग कर कई उपयोगी वस्तुएँ बनाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा कबाड़ सामग्री से तैयार किए गए मॉडल रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता को भी दशार्ते हैं। ऐसे




बच्चों का प्रदर्शन।

आयोजनों से बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए Reduce, Reuse EUÔ Recycle के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कचरे को कम करना, उसका पुनः उपयोग करना और पुनर्चक्रण के माध्यम से उसे संसाधन में बदलना प्रभावी कचरा प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कचरे के पुनः उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही, दैनिक जीवन में कचरे को कम करने और अनुपयोगी वस्तुओं का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर नगर पंचायत घोघरडीहा के स्वच्छता पदाधिकारी नौशाद आलम,पार्षद, सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की सेवा, सुशासन, समर्पण व गरीब जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत मधुबनी सदर अस्पताल में फल वितरण

**मधुबनी।** सोमवार को सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत मधुबनी के माननीय सांसद डा अशोक कुमार यादव जी के नेतृत्व में मधुबनी सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में मरीजों के बीच फल और ब्रेड का वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद डा अशोक कुमार यादव ने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों की यात्रा सेवा, सुशासन, समर्पण और जनकल्याणकारी योजनाओं द्वारा किये गए कार्यों से प्रेरित होकर सेवा कर रहे हैं और भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संगठन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कर रहीं हैं। इस अवसर पर आज सदर अस्पताल में गरीब और नि सहाय मरीजों के बीच फल वितरण किया और सभी के स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द से जल्द स्वस्थ होने और दिघायु जीवन की ईश्वर से प्रार्थना किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभाशूं झा ने कहा कि पार्टी के




सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सेवा भाव से अपनी सहभागिता प्रदान कर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प को हम सभी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। मौके पर देवेन्द्र कुमार यादव, सुबोध चौधरी, राधा देवी, सुनील कुमार मिश्र, मनोज कुमार मुन्ना, सतीश ठाकुर, प्रंशात ठाकुर,सचिन जैन, आदित्य झा, कन्हैया साह, चन्द्र वीर यादव, प्रतिमा रंजन, रोहित प्रसाद, रवि सिंह, वीरेंद्र मेहता, रीना सर्राफ, रवि रंजन, राम पुकार ठाकुर, आयुष सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य केंद्र पर करा सकते है मुफ्त जांच

**■ जरूरतमंदों को समय श्रम, पैसे की हो रही बचत**

**मधुबनी।** जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिलांतर्गत गाँव से लेकर जिला स्तरीय सरकारी स्वास्थ्य केद्रों पर बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराई जा रही है। इससे गांव के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को हृदय रोग जैसे गंभीर बीमारी की जांच-के लिए जिला मुख्यालय अथवा पटना जाने की जरूरत नहीं हो रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के जरूरतमंद मरीज भी अपने निकटतम पर जाकर आसानी से की मुफ्त मे जाँच एवं चिकीत्सकीय परामर्श पा रहे है। इससे मरीजों के समय, श्रम एवं आवागमन पर होने वाले खर्च की बचत हो रही है तथा अत्यंत खुश हैं। जिले में प्रतिमाह लगभग 7,000 मरीजों की निःशुल्क ईसीजी जांच की जा रही है।

इसीजी जांच मूलतः हृदय जैसी गंभीर बीमारी से संबंधित महत्वपूर्ण जाँच कराने में लाभकारी है। सीने में दर्द, सांस लेने में परेशानी, धड़कन में असामान्यता अथवा अन्य संबंधित लक्षण होने पर चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार समय पर इसीजी सहित आवश्यक जांच कराना महत्वपूर्ण है। समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्या की पहचान



स्वास्थ्य उपचार करते।

होने पर चिकित्सकीय सहायता एवं आवश्यक उपचार प्रारंभ किया जा सकता है। जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि इसीजी जांच की सुविधा का सुचारु संचालन सुनिश्चित करते हुए इसका लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध जांच सुविधाओं की व्यापक जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने तथा आवश्यकता के अनुसार मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हृदय संबंधी लक्षणों वाले व्यक्तियों से नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर आवश्यकता अनुसार जाँच कराने तथा चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है। इसी क्रम में जिले में गैर-संचारी रोग स्क्रीनिंग का कार्य भी अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। एवं सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान कर जरूरतमंद लोगों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार से जोड़ना है। स्क्रीनिंग के क्षेत्र में मधुबनी जिले ने पूरे राज्य में लगातार महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल कर रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच की उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण सेवा, मरीजों को उचित मार्गदर्शन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्त्ता

## पुतला दहन कर किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने तथा उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजनें की राष्ट्रपति से मांग करते हुए जिला कांग्रेस कमिटी पश्चिमी के कार्यकर्ताओ ने सोमवार को नगर मे आक्रोश मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही के नेतृत्व में निकला यह आक्रोश मार्च कंपनीबाग स्थित खुदीराम बोस स्मारक से प्रारंभ होकर जिला समाहरणालय पहुंचा। जहां मार्च में शामिल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओ ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर विरोध जताया।

कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से ज्ञानेश कुमार को पद से मुक्त करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के कारण बड़ी संख्या में मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित हुए हैं। नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर केंद्र की वर्तमान सरकार को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। साथ हीं प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रत्येक योग्य मतदाता के मतदान के अधिकार की रक्षा करने की मांग की। जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक योग्य मतदाता को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए। मतदाता सूची में गड़बड़ी और मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित किए जाने की शिकायतों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त




विरोध मार्च निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध मे प्रदर्शन करते मुजफ्फरपुर पश्चिमी के कांग्रेस कार्यकर्ता।

नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेता सुरेश शर्मा नीरज ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और वर्तमान सरकार के विरोध में यह आक्रोश मार्च निकाला गया है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी डॉ. कपिल देव प्रसाद ने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते, कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा वही मुजफ्फरपुर पश्चिम स्थापना प्रभारी आलोक शर्मा ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मतदाताओं के अधिकार और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए अपनी आवाज मजबूती से उठाती रहेगी। प्रदर्शन में सुशील कुमार शाही, राम एकबाल राय, शिवम कुमार, चुन्नू चौधरी, रितेश झा, मोहम्मद कलाम, ओंकारनाथ चौधरी, मो. अनजार, शशिकांत गुप्ता, मो अब्दुल्ला, गुड्डू यादव, राजकुमार भगत, सिद्धार्थ शर्मा, पंकज कुमार, त्रिभुवन पटेल, डॉ. श्याम किशोर सिंह, राम प्रताप सिंह, कैलाश राम, मुकेश कुमार, डॉ बलराम साह, मो सज्जाद, नीरज कुमार, मोहम्मद इलियास, रामकिशोर सिंह, मोहन बैठा, रमेश तिवारी, समसूल हुदा, आलोक राम, नंदकिशोर शाह, ब्रजकिशोर चौधरी, मुमताज अंसारी, अबू बकर मंसूरी, शाहजाद हुसैन, नंद किशोर सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

उधर, मुजफ्फरपुर पूर्वी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अरबिंद कुमार मुकुल के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकताओं ने तिलक मैदान स्थित पार्टी कार्यालय से प्रदर्शन जुलुस निकाला गया। यह जुलुस कई मार्गो से गुजरती हुई सरैयागंज टावर चौक पहुंची। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन करते हुए सरैयागंज टावर चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके बाद जोरदार प्रदर्शन करते हुए समाहरणालय पहुंचकर जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से प्रदर्शनकारी कांग्रेस के लोगों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में लिए गए निर्णयों की उच्चस्तरीय जांच कर उचित संवैधानिक कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में पूर्व नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, सकरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उमेश कुमार राम, महिला जिलाध्यक्ष जुही प्रितम, मुकेश त्रिपाठी, रामप्रवेश पाल, लोकक्रांति यादव, केदार सिंह पटेल, महताब आलम सिद्दिकी, मो. आमिर, विकास कुमार टुल्लु, मोजक्कीर रहमान, आनंद कौशल, तरुण चौधरी समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवा संकल्प अभियान के तहत 30 को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर की तैयारी : सुरेश शर्मा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत मुजफ्फरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस संबंध में सोमवार को स्पीकर चौक स्थित अटल सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आर डी जे एम



शिविर आयोजन को लेकर बैठक करते पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा।

मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार सुरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अभियान की रूपरेखा, शिविर स्थल, चिकित्सकों की टीम, दवाओं की उपलब्धता एवं प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सेवा भाव से प्रेरित होकर यह स्वास्थ्य शिविर आम जनमानस, विशेषकर गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस निःशुल्क शिविर में आर डी जे एम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र जांच सहित अन्य चिकित्साकीय जांच की जाएंगी तथा आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर के आयोजन को लेकर हुई बैठक में भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, पार्षद राजीव कुमार पंकु, अजय ओझा, सनत कुमार फूद्दु, मंडल अध्यक्ष नंद किशोर ठाकुर, उत्पल रंजन, मनोज महतो, सुनील गुप्ता, राजन भारद्वाज, अधीराज किशोर, प्रणव भूषण मोनी, आनंद सिंह, जीवेश कुमार, कृष्णा महतो, एनामूल, मिंटू, प्रिय रंजन सिंह, अमित रंजन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कुढ़नी सीएचसी में पुनः शुरू हुआ सफल सिजेरियन प्रसव, महिलाओं को राहत, डीपीएम व पिरामल टीम ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के लिए राहत की खबर है। जिलाधिकारी कुमार गौरव के निर्देश के बाद सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुढ़नी में पुनः सिजेरियन (सी-सेक्शन) प्रसव सफलतापूर्वक कराया गया। इससे प्रसव संबंधी जटिलता की स्थिति में स्थानीय महिलाओं को जिला मुख्यालय के बड़े अस्पतालों या निजी क्लीनिकों की दौड़ लगाने से राहत मिलेगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अब सीएचसी में नियमित सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध रहेगी। ज्ञात हो कि बीते सोमवार को बिहार के पर्यटन मंत्री सह स्थानीय कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने सीएचसी के बारे में जिलाधिकारी को जानकारी दी थी। इसके बाद जिलाधिकारी ने बीते मंगलवार को औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर सिजेरियन ऑपरेशन शुरू करने का निर्देश दिया था। निरीक्षण में सामने आई कमियों को भी तत्काल दुरुस्त किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रीता रेनू चौधरी के नेतृत्व में महिला चिकित्सक डॉ. श्वेता कुमारी, एनेस्थेटिस्ट डॉ विजय कुमार, ओटी प्रभारी पंकज कुमार, ओटी सहायक विक्रम कुमार तथा जीएनएम आकृति कुमारी और श्वेता कुमारी की टीम ने ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन के दौरान जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम सलीम जावेद और जिला पिरामल टीम ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीएचएम, बीसीएम समेत अन्य कर्मी भी मौजूद रहे। सुविधा शुरू होने से कुढ़नी व आसपास की पंचायतों की गर्भवती महिलाओं को स्थानीय स्तर पर सिजेरियन प्रसव की सुविधा मिल सकेगी।

### भगत सिंह का त्याग और बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर : विवेक कुमार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय मुजफ्फरपुर पूर्वी में सोमवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिवाकर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मुकुल सिंह रहे। इस दौरान भाजपा नेताओं



एवं कार्यकताओं ने भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मौके पर भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि शहीद भगत सिंह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों में शामिल थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका साहस राष्ट्रभक्ति, त्याग और संघर्ष भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह का जीवन युवाओं के लिए राष्ट्रसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगत सिंह के जीवन संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता अनेक वीर सपूतों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। उपस्थित कार्यकताओं ने भगत सिंह के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, अरविन्द कुमार, अंजना कुशवाहा, इंद्रा सिंह, महामंत्री रविशंकर कुशवाहा, मंत्री पारितोष सिंह, लालबाबू सहनी, कृष्णा महतो, डॉ. साकेत शुभम ठाकुर, पंकज सिंह, सैयद अफरीदी रहमान, विजय वर्मा, आशीष पिन्टु, अनुराधा सहनी, रोहन कुमार, पंकज चौहान, अमरेन्द्र सूरज मुखिया, अभिषेक कुमार, उमंग कुमार, देवकांत झा एवं अखिलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

# जाली नोट तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

## 6 तस्कर गिरफ्तार, 71,200 के जाली भारतीय नोट, 6 मोबाइल और चारपहिया वाहन बरामद

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में जाली नोटों के कारोबार के खिलाफ बिहार एसटीएफ और मुजफ्फरपुर जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 27 सितंबर 2026 की रात मोतीपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर कथित तौर पर जाली नोटों के कारोबार से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. साबिर, सुरेश राय, कृष्णा पटेल, राहुल सिंह, साधु साहनी और बीरेन्द्र पासवान के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार एसटीएफ को जाली भारतीय मुद्रा की खेप आने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसटीएफ की विशेष टीम और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान



तस्करों के पास से बरामद जाली और भारतीय मनोरंजन बैंक लिखे फर्जी नोट।

उनके पास से 71,200 के जाली भारतीय नोट बरामद किए गए।

पुलिस को जाली भारतीय मुद्रा के अलावा भारतीय मनोरंजन बैंक लिखे हुए नकली नोट भी मिले। बरामद नोटों में 500 के 1,311 नोट, 200 के 1,184 नोट और 100 के 1,153 नोट शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इन नोटों की

**मुजफ्फरपुर में बिहार एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**



तस्करों के पास से बरामद नकली नोट।

अंकित राशि 10 लाख 7 हजार 600 है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से एक चारपहिया वाहन और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

गिरफ्तार जाली नोट तस्कर गिरोह मे एक होमगार्ड का रिटायर जवान भी शामिल बताया गया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार जाली नोट के तस्करों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के जरिए पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जाली नोटों की खेप उन्हें कहां से मिली और इसे मुजफ्फरपुर व आसपास के इलाकों में कहां खपाने की योजना थी। जब्त मोबाइल फोन की जांच और कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर भी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच शुरू कर दी है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# मुजफ्फरपुर के होटल में फंदे से लटका मिला बेगूसराय की महिला का शव, मची सनसनी

**पुलिस मामले की जांच में जुटी, परिजनों ने कहा पति और दो बच्चे को छोड़ अहमदाबाद मे करती थी रियल स्टेट का काम**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही स्थित एक निजी होटल में उस समय अफरा तफरी मच गई। जब होटल में ठहरी बेगूसराय की एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे से झूलता हुआ मिला। इसक बाद कई तरह की चचाओं का बाजार गर्म हो गया। वहीं होटल प्रबंधन के द्वारा मामले की सूचना सदर थान पुलिस को दी गई। मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाकर होटल के रूम से जांच के लिए तमाम तरह के साक्ष्य एकत्रित कराए गए।



घटना के संबंध में लोगों से पूछताछ करती पुलिस।

जानकारी के अनुसार बेगूसराय के तेघड़ा की रहने वाली निगम कुमारी रविवार से ही गोबरसही चौक के समीप स्थित एक होटल में ठहरी हुई थी। सोमवार को जब चेक आउट करने का समय आया तो होटल के स्टाफ के द्वारा उन्हें फोन किया गया। लेकिन उनके रूम से जब कोई जवाब नहीं मिला तो फिर स्टाफ रूम के पास पहुंचा और आवाज लगाई। बावजूद रूम के अंदर से न तो कोई जवाब मिला और न ही किसी तरह की कोई हलचल मिली। जिसके बाद होटल प्रबंधन को किसी अनहोनी की आशंका हुई।

वही जब रूम खोलकर देखा गया तो कमरे में निगम कुमारी का शव फंदे से लटकता हुआ मिला वही मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाकर रूम के अंदर से तमाम साक्ष्य को एकत्रित किया जा रहा है। वही मामले की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं मृतक महिला निगम कुमारी के पति के बड़े भाई प्रभात कुमार के द्वारा बताया गया कि निगम कुमारी से उसकी भाई की शादी 2014 में हुई थी और मृतक महिला के दो बच्चे थे। बावजूद इसके महिला अपने पति और दोनों बच्चे को छोड़कर अहमदाबाद में रहकर रियल एस्टेट का काम करती थी। बताया गया कि शनिवार को वह अपने ससुराल पहुंची थी और फिर किसी बात को लेकर उसका परिजनों से विवाद हुआ। जिसके बाद वह घर से निकल गई थी और आज पता चला कि मुजफ्फरपुर के निजी होटल में फंदे से झूलता हुआ उसका शव बरामद हुआ है। वही उनके द्वारा बताया गया कि महिला डिप्रेशन की शिकार थी और डिप्रेशन की दवा भी लेती थी।

## मोतीपुर में बंद घर से 15 लाख के गहने व 40 हजार नकद चोरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मोतीपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की। घटना मोतीपुर-साहेबगंज मार्ग स्थित महम्मदपुर बलमी गांव की है, जहां रविवार की रात भरत सिंह के बंद घर से चोर 15 लाख रुपये से अधिक के आभूषण और 40 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोर घर में घुसे और कमरे में रखे सामान को खंगालने के बाद कीमती आभूषण और नकदी चोरी कर ली। चोरी की जानकारी मिलने के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। चोरी के तरीके और चोरों की पहचान को लेकर पुलिस जांच कर रही है। गृहस्वामी के अनुसार चोरी हुए आभूषणों की कीमत 15 लाख रुपये से अधिक बताई गई है, जबकि 40 हजार रुपये नकद भी गायब हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। चोरों की पहचान और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से विपक्ष के आरोपों की वास्तविकता हुईं उजागर : मेयर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला साहू ने सोमवार को चुनाव आयोग से जुड़े हालिया विवाद और विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के संयुक्त बयान के बाद पूरे मामले के तथ्य स्पष्ट हो गए हैं और विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे कई आरोपों की वास्तविकता जनता के सामने आ गई है।

अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव तथा जिला मीडिया टीम प्रभारी सह कोषाध्यक्ष डॉ साकेत शुभम ठाकुर की उपस्थिति मे मेयर निर्मला साहू ने कहा कि चुनाव आयोग की बैठक और उसके बाद जारी संयुक्त प्रेस वक्तव्य ने यह स्पष्ट किया है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) सहित प्रमुख निर्णय आयोग के सभी सदस्यों की सहमति से लिए गए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते समय राजनीतिक दलों को तथ्यों और आधिकारिक दस्तावेजों को आधार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 24 जून 2025 के मूल आदेश तथा एसआईआर के विभिन्न चरणों की समय-सारणी से संबंधित निर्णयों को लेकर आयोग ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उनके अनुसार, आयोग के संयुक्त बयान के बाद निर्णयों में कथित मतभेद को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर भी स्थिति साफ हुई है। मेयर निर्मला साहू ने कहा कि कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को लेकर भी विपक्ष द्वारा राजनीतिक आरोप लगाए गए, जबकि आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि वह पत्र किसी नीतिगत निर्णय अथवा एसआईआर से संबंधित नहीं था। उन्होंने इसे एक अधिकारी की प्रतिनियुक्ति



प्रेस वार्ता को संबोधित करती मेयर निर्मला साहू।

और प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़ा आंतरिक मामला बताया। मेयर ने कहा कि किसी समाचार रिपोर्ट या अपुष्ट दावे के आधार पर संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाना उचित नहीं है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आने के बाद तथ्यों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर से संबंधित फॉर्म-6 के घोषणा-पत्र को लेकर भी जनता के बीच भ्रम फैलाया गया। इस विषय पर न्यायिक प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग के स्पष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए तथ्यों को जनता के सामने रखा जाना चाहिए। गैर-एसआईआर अवधि में लागू नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया पूर्ववत जारी रहती है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पात्र नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना निर्वाचन व्यवस्था का महत्वपूर्ण दायित्व है।

# बागमती का पानी गांवों में घुसा, 250 से ज्यादा परिवार प्रभावित

## कटरा-गायघाट के कई गांव जलमग्न, स्कूल और सड़कें डूबीं

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नेपाल के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण बागमती नदी का जलस्तर अब तेजी से नदी से निकलकर गांव कसवों मे फैलने लगा है। नदी के उफान से जिले के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। जिले के औराई, कटरा और गायघाट प्रखंड के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कई जगहों पर सड़कें, घर और सरकारी स्कूल पानी में डूब गए हैं। जिला आपदा केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, कटौझा में बागमती नदी का जलस्तर 56.80 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 55 मीटर से 1.80 मीटर ऊपर है।

वहीं, गायघाट के बेनीबाद में नदी का जलस्तर 49.72 मीटर पहुंच गया है, जो खतरे के निशान 48.68 मीटर से 1.04 मीटर अधिक है। फिलहाल दोनों स्थानों पर नदी का जलस्तर स्थिर बताया जा रहा है, लेकिन निचले इलाकों में पानी फैलने से परेशानी बढ़ गई है।

कटरा प्रखंड का बसघट्टा और बर्री पंचायत बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित बताई जा रही हैं। यहां 250 से ज्यादा परिवार बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। बकुची, नवादा, अंडमा और बर्री गांवों का मुख्य सड़क से संपर्क प्रभावित हो गया है। कई स्थानों पर सड़क पर कमर तक पानी जमा होने से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले तीन दिनों में पानी का बहाव अचानक तेज हुआ है। बाढ़ का पानी अब रिहायशी इलाकों के साथ सरकारी स्कूलों में भी प्रवेश कर गया है। पानी बढ़ने के कारण ग्रामीण अपने परिवार और मवेशियों को बचाने के लिए ऊंचे स्थानों, बांधों और पक्के मकानों की छतों पर शरण लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई परिवार घर के अंदर चौकी के ऊपर दूसरी चौकी रखकर किसी तरह खाना बनाने और रात गुजारने को मजबूर हैं।

बाढ़ के पानी के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई प्रभावित इलाकों में अब तक पर्याप्त प्रशासनिक मदद नहीं पहुंची है। ग्रामीणों ने नाव, राहत सामग्री और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था कराने की मांग की है। बागमती के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है।



गायघाट प्रखंड के एक गांव में बागमती नदी के उफान से जलमग्न राजकीय उच्च मध्य विद्यालय बकुची।

लोगों का कहना है कि अगर नदी का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो आसपास के और गांव भी बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं।

कांग्रेस के देशव्यापी आह्वान के तहत सीतामढ़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

# मुख्य चुनाव आयुक्त का अर्थी जुलूस निकाला

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत सोमवार को सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना के नेतृत्व में कार्यकताओं ने समाहरणालय तक ज्ञानेश कुमार का अर्थी जुलूस निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची में भारी अनियमितता को लेकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान भाजपा और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

जिला समाहरणालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। उसके पश्चात अनुमंडल अधिकारी सदर को राष्ट्रपति को समर्पित दो सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने तथा ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में बने मतदाता सूची की जांच करने की मांग की गई।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का अर्थी जुलूस निकालते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पार्टी के अन्य नेता -कार्यकर्ता।



अनुमंडल पदाधिकारी सदर को राष्ट्रपति को समर्पित दो सूत्री ज्ञापन सौंपतें कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पार्टी के अन्य नेता।

जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने करोड़ों मतदाताओं का मताधिकार लूटकर भाजपा को सत्ता में लाने में सहयोग किया। लोकतंत्र और संविधान की खुलेआम हत्या की। नए मतदाताओं को जोड़ने के प्रावधानों में एसआईआर की शर्त रखकर मतदाता सूची को अपने हिसाब से तैयार करने की साजिश रची। इसे कांग्रेस पार्टी और देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। ज्ञानेश कुमार को अविलंब बर्खास्त कर जेल भेजा जाए।

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस प्रभारी डॉ. गौरव वर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि रितेश रमण सिंह, डॉ. राजीव कुमार काजू, दिलीप खिरहर, घनश्याम मिश्र, अर्जुन खिरहर, विनय मिश्र, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, आफताब अंजुम बिहारी, रामू मिश्रा, सुभाष यादव, विपिन झा, ऋतु ठाकुर, ताराकांत झा, संपूणार्नंद झा, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, विजय सिंह राठौर, सेराज अहमद, दिलीप पांडे, हरिदास, अरुण महतो, सुमन शर्मा, चुन्नू सिंह, इरशाद खान कैप्टन, संतोष पासवान, वीरेंद्र कुशवाहा, इंदल पासवान, विजय कुमार, अजय मिश्र, महेंद्र पासवान, अमजद खान, राजू कुमार, मुकेश कुमार, विवेक कुमार झा, नेयाजउद्दीन खान, सक्षम कुमार, नीरज कुमार यादव, अख्तर रजा खान, सुमित्रा देवी आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'सेवा पखवाड़ा : सेवा मेरा योगदान' के तहत महेश भगत बनवारी लाल कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भाजपा जिला मुजफ्फरपुर पूर्वी के तत्वावधान में 'सेवा पखवाड़ाः सेवा मेरा योगदान' अभियान के अंतर्गत सोमवार को बैरिया चांदनी चौक स्थित महेश भगत बनवारी लाल कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं कॉलेज के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधे लगाए।



कॉलेज परिसर मे वृक्षारोपण करते भाजपा के लोग व शिक्षक गण।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष विवेक कुमार प्रदेश नेत्री मनोरमा पासवान, कार्यक्रम संयोजक पूर्व मेयर एवं जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला मंत्री रितु आनंद, जिला मीडिया प्रभारी रंजन कुमार ओझा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनालिसा राय शामिल हुए तथा मिलजुल कर वृक्षारोपण किया। मौके पर उपस्थित महेश भगत वनवारी लाल कॉलेज के सम्मानित प्राध्यापकों एवं शिक्षकों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अतिआवश्यक है। प्रकृति को समृद्ध बनाने के लिए भाजपा का यह 'सेवा मेरा योगदान' अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जन शिकायतों की एसपी ने की सुनवाई, त्वरित कार्रवाई का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निवारण को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से प्रत्येक कार्य दिवस को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन शिकायत सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने कार्यालय में पहुंचे लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं और उनके विधिसम्मत निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को



लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनतें पुलिस अधीक्षक अमित रंजन।

आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। जन शिकायत सुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने पुलिस से संबंधित अपनी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। फरियादियों ने विभिन्न मामलों में आवश्यक कार्रवाई कराने, शिकायतों के निष्पादन तथा लंबित मामलों में उचित पहल किए जाने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित मामलों की जानकारी ली।

इसके बाद शिकायतों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को अग्रेषित किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक विलंब नहीं हो। शिकायतों के निष्पादन में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से नियमित रूप से आयोजित की जा रही जन शिकायत सुनवाई का उद्देश्य आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि शिकायतों का समयबद्ध एवं विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### मां जगतरणी की 29वीं पुण्यतिथि पर हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मेजरगंज प्रखंड अंतर्गत मां जगतरणी शक्तिपीठ सुदर्शन धाम परिसर में रविवार, 27 सितंबर को मां जगतरणी की 29वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री हनुमान आराधना, आरती, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, संध्या बेला में भजन एवं पारंपरिक लोकगीतों के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुई। अमिताभ गुंजन ने विधि-विधानपूर्वक पूजा का संकल्प लिया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु शक्तिपीठ परिसर में पहुंचने लगे और आदिशक्ति की आराधना में लीन रहे।

राजऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज के सानिध्य में हनुमान आराधना एवं पूजा-अर्चना के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



आचार्य सुदर्शन जी महाराज के सानिध्य में पूजा-अर्चना करते अमिताभ गुंजन व अन्य श्रद्धालु।

संध्या में आयोजित भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक लोकगीतों की विशेष प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर राजऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने अपना आशीष प्रदान कर आयोजन को गरिमा प्रदान की। प्रसिद्ध लोक गायिका इंदू सोनाली की लोकगीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को देखने एवं सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे पूरा परिसर श्रद्धालुओं एवं दर्शकों से भर गया। इस अवसर पर पूर्व रीगा विधायक नगीना देवी, रूद्रेश कुमार सिंह ह्यबाबू साहबह्न, शैलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख राकेश सिंह, पूर्व प्रमुख सतेंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री चुनचुन सिंह, बैद्यनाथ सिंह, बासबिटा मुखिया राघवेंद्र सिंह सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जनसमस्याओं पर संवेदनशीलता से कार्य करें अधिकारी : डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सोमवार को परिचर्चा भवन में जिला विकास एवं समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक सभी पदाधिकारी आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक आवेदन सृजित करने, बैंक स्तर से ऋण की स्वीकृति एवं डिस्बर्सल सुनिश्चित करने तथा सोलर सिस्टम के अधिष्ठापन की



जिला विकास एवं समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी योजना के प्रति जागरूक करने को कहा। जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी योजना का लाभ लेने की अपील की। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कायाकल्प अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी विद्यालयों एवं अन्य सरकारी संस्थानों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई सहित आवश्यक सौंदर्यीकरण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने 31 मार्च 2027 तक जिले में 500 से 600 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य करने को कहा। जिन विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जाने हैं, वहां आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया। संबंधित विद्यालय प्रधानों को 48 घंटे के भीतर एनओसी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विभिन्न विकास योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित अंचल अधिकारियों को लंबित एनओसी शीघ्र जारी करने का सख्त निर्देश दिया गया, ताकि योजनाओं का कार्य समय पर प्रारंभ किया जा सके।

बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पुपरी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनका वेतन स्थगित करने, स्पष्टीकरण पूछने तथा प्रपत्र क गठित कर विभाग को भेजने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।वृद्धावस्था पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिन लाभुकों का अभी तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं हो पाया है, वे शीघ्र अपना जीवन प्रमाणीकरण करा लें। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता संजीव कुमार, सिविल सर्जन, निदेशक डीआरडीए, एडीएम विभागीय जांच सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान 150 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के



आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया।

भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

## सीतामढ़ी में पीएनजी कनेक्शन के विस्तार को ले डीएम ने की समीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सीतामढ़ी शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के इंस्टॉलेशन एवं कनेक्शन के विस्तार को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में शहर में पीएनजी आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, पाइपलाइन विस्तार तथा अधिक से अधिक घरों तक कनेक्शन पहुंचाने को लेकर विस्तृत जानकारी ली गई।

**बोले- शहर के 3700 घरों तक बिछाई गई पाइपलाइन**

समीक्षा के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि सीतामढ़ी नगर निगम क्षेत्र के खड़का, डुमरा में पीएनजी डीकम्प्रेशन यूनिट स्थापित की गई है। इसके माध्यम से 107 घरों में प्रायोगिक तौर पर पीएनजी कनेक्शन दिया गया है तथा इन घरों में पीएनजी से चूल्हा संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि सीतामढ़ी शहर के वार्ड संख्या 01 से 25 तक लगभग 3700 घरों को आच्छादित करते हुए पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा चुका है। इससे शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस की सुविधा के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

बैठक में जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया ने पीएनजी कनेक्शन के विस्तार की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शहर में पीएनजी आधारित गैस आपूर्ति को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ाने तथा अधिक से अधिक घरों तक कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।



समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पीएनजी को लेकर समीक्षा बैठक करते डीएम।

पीएनजी के माध्यम से घरों में गैस की आपूर्ति पाइपलाइन के जरिए सीधे पहुंचाई जाती है। इसके विस्तार से शहरवासियों को घरेलू ईंधन की सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी तथा गैस सिलेंडर की बुकिंग, भंडारण और घर तक पहुंचाने जैसी प्रक्रियाओं पर निर्भरता भी कम हो सकती है। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा, कुंज जगर, महमूद आलम, लक्ष्मण कुमार, साइट इंजीनियर तथा बीपीसीएल के संबंधित अभियंता उपस्थित थे।

## हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, 11 से नवरात्र; 20 को दशमी

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** शारदीय नवरात्र को लेकर इस बार भक्तों में खासा उत्साह है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा का आगमन हाथी (गज) पर होगा, जिसे अत्यधिक वर्षा, सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। महालया के बाद से ही दुगार्पूजा को लेकर उत्सवी माहौल शुरू हो जाएगा। नवरात्र की पूजा-अर्चना 11 अक्टूबर से शुरू होगी। हालांकि, विजयादशमी की तिथि को लेकर काशी और मिथिला पंचांग में मतभेद है। काशी पंचांग के अनुसार 20 अक्टूबर को, जबकि मिथिला पंचांग के अनुसार 21 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी।

**11 अक्टूबर को कलश स्थापना और मां शैलपुत्री पूजन :** 11 अक्टूबर, रविवार को नवरात्र की शुरूआत होगी। इसी दिन कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। कलश स्थापना के लिए प्रातः 7:03 बजे से सूर्यास्त तक का समय शुभ बताया गया है। प्रथम मुहूर्त प्रातः 6:31 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक तथा विशेष अभिजीत मुहूर्त 11:35 बजे से दोपहर 12:23 बजे तक रहेगा।

12 अक्टूबर को मां ब्रह्मचारिणी, 13 को मां चंद्रघंटा, 14 को मां कूष्मांडा, 15 को मां स्कंदमाता और 16 अक्टूबर को मां कात्यायनी की पूजा होगी। 16 अक्टूबर को अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक बिल्वाभिमंत्रण पूजन का समय बताया गया है।

**17 को महासप्तमी, 18 को महाअष्टमी :** 17 अक्टूबर, शनिवार को महासप्तमी के अवसर पर मां कालरात्रि की पूजा, डोली यात्रा, नवपत्रिका प्रवेश, मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा एवं पट प्रदर्शन किया जाएगा। दिनभर पूजा-अर्चना और पट प्रदर्शन का विधान रहेगा।

18 अक्टूबर, रविवार को महाअष्टमी व्रत, मां महागौरी पूजन, कुमारिका पूजन तथा रात्रि में महानिशा पूजन होगा। महानिशा पूजन रात 11 बजे से 1:30 बजे तक किया जाएगा।

**काशी पंचांग के अनुसार 20, मिथिला पंचांग के मत में 21 अक्टूबर को दशहरा**

**19 अक्टूबर को महानवमी और नवरात्र हवन :** 19 अक्टूबर, सोमवार को महानवमी व्रत पूजन एवं नवरात्र हवन होगा। हवन की प्रक्रिया 19 अक्टूबर की सुबह सात बजे से शुरू होकर 20 अक्टूबर, मंगलवार की सुबह 9:40 बजे पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी।

**काशी पंचांग के अनुसार 20 को विजयादशमी :** 20 अक्टूबर, मंगलवार को श्रवण नक्षत्र के कारण काशी पंचांग के अनुसार विजयादशमी मनाई जाएगी। इस दिन दशमी पूजन, शमी पूजन, अपराजिता पूजन, जयंती ग्रहण, सरस्वती विसर्जन एवं देवी विसर्जन किया जाएगा। नौ दिनों तक व्रत रखने वाले श्रद्धालु भी इसी दिन व्रत का पारण करेंगे।

**मिथिला पंचांग के अनुसार 21 को दशहरा :** वहीं, मिथिला पंचांग के मतानुसार उदया तिथि में 21 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी। इसी दिन कलश एवं प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। इस प्रकार विजयादशमी की तिथि को लेकर काशी और मिथिला पंचांग में एक दिन का अंतर है।

**विद्वतजनों की संयुक्त मंत्रणा के बाद निर्णय :** काशी पंचांग के अनुसार 20 अक्टूबर को विजयादशमी मनाने को लेकर आध्यात्मिक गुरु पं. कमलापति त्रिपाठी प्रमोद, गरीबनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पं. विनय पाठक, देवी मंदिर के प्रधान पुजारी डॉ. धर्मेंद्र तिवारी, पूर्व प्राचार्य संस्कृत उच्च विद्यालय अरेराज पं. मिथिलेश दीक्षित, पं. सुनेता तिवारी, पं. नथुनी तिवारी, पं. ब्रजेंद्र ओझा, पं. धीरज झा धर्मेश, पं. विनोदानंद झा, पं. नवीन झा, पं. राजीव झा, मोतिहारी के उगम पांडेय कॉलेज के प्राचार्य पं. प्रेमचंद्र पांडेय, आर्ष विद्या शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान मोतिहारी के पं. सुशील पांडेय, पं. मदनमोहन शास्त्री, पं. विनोद पांडेय, पं. दिवाकर उपाध्याय, पं. अभिनव पाठक, पं. आदेश पांडेय, पं. अरुण पांडेय, पं. ऋषिकेश मिश्र, पं. धर्मेंद्र चतुर्वेदी, पं. आशुतोष ओझा, पं. शत्रुध्न तिवारी (सोनपुर), पं. जयशंकर तिवारी, पं. छोटन तिवारी, पं. सचिन मिश्रा, पं. आदित्य पांडेय, पं. सुधीर तिवारी, पं. संजय तिवारी एवं पं. संजीव मिश्रा शामिल रहे।

विद्वतजनों की संयुक्त मंत्रणा के बाद काशी पंचांग के अनुसार 20 अक्टूबर को विजयादशमी मनाने तथा इसी दिन शमी एवं अपराजिता पूजन किए जाने की बात कही गई है।

**रविवार को आगमन, मंगलवार को गमन शुभ :** पूजा-विधान के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा का रविवार को आगमन और मंगलवार को गमन शुभ माना गया है। इसे सुख, सौभाग्य, आरोग्य, संतति-संतान, अन्न-धन की परिपूर्णता और मंगलमय जीवन का प्रतीक बताया गया है।

## सम्पादकीय

# इलाज चाहिए, प्रतिबंध नहीं

कहावत है चोर बोले जोर से। लेकिन लोकतांत्रिक और संवेदनशील व्यवस्था में किसी व्यक्ति या संस्था पर ऐसी कहावत सीधे लागू करने से पहले तथ्यों की जांच जरूरी है। फिर भी जब किसी सरकारी अस्पताल की व्यवस्था को लेकर मरीजों और उनके परिजनों के मन में सवाल उठने लगें, अस्पताल की कार्यप्रणाली की पारदर्शिता चर्चा का विषय बने और पत्रकारों द्वारा खबर जुटाने अथवा सार्वजनिक व्यवस्था को रिकॉर्ड करने को लेकर प्रतिबंध की बातें सामने आएं, तब सवाल पूछना स्वाभाविक है। मोकामा रेफरल अस्पताल को लेकर उठ रही चर्चाएं इसी मूल प्रश्न की ओर इशारा करती हैं। क्या सरकारी अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने का रास्ता सवालों को रोकना है या सवालों के जवाब देना। सरकारी अस्पताल किसी अधिकारी, पदाधिकारी या कर्मचारी की निजी संपत्ति नहीं होता। यह जनता के पैसे से संचालित सार्वजनिक संस्था है और इसका मूल उद्देश्य जनता को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। यहां आने वाला गरीब, मजदूर, किसान या आम नागरिक किसी पर एहसान लेने नहीं आता। वह अपने अधिकार के रूप में चिकित्सा सुविधा लेने आता है।

इसलिए अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध हैं या नहीं, मरीजों को समय पर इलाज मिल रहा है या नहीं, दवाएं उपलब्ध हैं या नहीं, जांच की सुविधा कैसी है, आपातकालीन सेवा कितनी प्रभावी है, स्वास्थ्यकर्मियों का व्यवहार कैसा है और अस्पताल की आधारभूत संरचना किस स्थिति में हैइन सवालों का जवाब जनता जानना चाहती है और जानना भी चाहिए। सवाल रोकने से समस्या खत्म नहीं होती। निश्चित रूप से अस्पतालों में मरीजों की निजता, चिकित्सकीय गोपनीयता और सुरक्षा का पूरा सम्मान होना चाहिए। किसी मरीज की पहचान, बीमारी या निजी चिकित्सा जानकारी को उसकी अनुमति के बिना सार्वजनिक करना उचित नहीं है। अस्पताल के संवेदनशील क्षेत्रों में अनधित प्रवेश से चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। डक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के काम में वास्तविक व्यवधान भी स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। लेकिन मरीज की निजता और सार्वजनिक व्यवस्था की निगरानीदोनों के बीच संतुलन बनाया जा सकता है। सवाल तब उठता है जब अस्पताल में खबर बनाने, व्यवस्था की तस्वीर लेने या वीडियो रिकॉर्ड करने को लेकर व्यापक रोक की चर्चा सामने आती है। यदि कोई स्पष्ट नियम है तो वह लिखित, पारदर्शी और सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। पत्रकारों को जनहित से जुड़ी जानकारी जुटाने के लिए क्या प्रक्रिया अपनानी होगी आम नागरिक अस्पताल की सार्वजनिक व्यवस्था को लेकर शिकायत या तथ्य दर्ज कैसे कर सकता है किस स्थान पर रिकर्डिंग प्रतिबंधित है और किस स्थान पर नहीं अनुमति की आवश्यकता किन परिस्थितियों में है। इन प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर होना चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र में सवाल को रोकना और समस्या को रोकना दो अलग बातें हैं। अगर अस्पताल में डॉक्टर समय पर मौजूद हैं, मरीजों का इलाज व्यवस्थित ढंग से हो रहा है, दवाएं उपलब्ध हैं, जांच की सुविधा सुचारु है और आपातकालीन सेवा सक्रिय है, तो इन व्यवस्थाओं को सामने आने देने में किसी को आपत्ति क्यों होनी चाहिए अच्छी व्यवस्था सार्वजनिक विश्वास को मजबूत करती है। और यदि कहीं कमी है तो उसका सामने आना व्यवस्था के लिए अवसर होना चाहिएताकि संबंधित विभाग उसे दूर कर सके। अस्पताल की असली रिपोर्ट मरीज देता है। मोकामा रेफरल अस्पताल की आधारभूत संरचना को लेकर पहले भी सार्वजनिक रूप से सवाल उठते रहे हैं।

अगस्त 2026 की रिपोर्टो में अस्पताल की जर्जर इमारत, छत और छज्जे का प्लास्टर गिरने से मरीजों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिए खतरे तथा मरम्मत के संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा अधिकारियों को सूचित किए जाने की बात सामने आई थी। यदि भवन की स्थिति को लेकर पहले ही चिंता व्यक्त की जा चुकी है, तो यह इस बात का उदाहरण है कि समस्या को छिपाने के बजाय समय रहते सामने लाना और उसका समाधान करना कितना जरूरी है। स्वास्थ्य व्यवस्था कागज पर नहीं, जमीन पर दिखाई देती है। फाइल में डॉक्टरों की संख्या पूरी हो सकती है, लेकिन मरीज को डॉक्टर मिले तभी व्यवस्था सफल मानी जाएगी। दवा का स्टॉक रजिस्टर में उपलब्ध हो सकता है, लेकिन जरूरत के समय मरीज को दवा मिले तभी उसका अर्थ है। अस्पताल में मशीन उपलब्ध हो सकती है, लेकिन वह चालू हालत में हो और मरीज की जांच कर सके तभी उसका महत्व है। अस्पताल की असली रिपोर्ट किसी सरकारी फाइल में नहीं, बल्कि उस मरीज के अनुभव में दिखाई देती है जो इलाज के लिए अस्पताल पहुंचता है। गरीब मरीज के लिए अस्पताल उम्मीद का आखिरी दरवाजा। एक गरीब परिवार का सदस्य जब बीमार होकर सरकारी अस्पताल पहुंचता है तो उसके लिए अस्पताल केवल एक भवन नहीं होता।

# एक बूंद से ब्रह्मांड तक : श्राद्ध की समष्टि-दृष्टि



बी. कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

हम जिस पृथ्वी पर खड़े होकर अपने जीवन, अपने परिवार और अपनी समस्याओं को देखते हैं, वह ब्रह्मांडीय पैमाने पर कितनी छोटी है, इसे समझने के लिए केवल आकाश की ओर देखना पर्याप्त नहीं। हमारी पृथ्वी सौरमंडल का एक छोटा सा ग्रह है। सौरमंडल हमारी मिल्की वे गलैक्सी का हिस्सा है और मिल्की वे गलैक्सी, वीरगो सुपरक्लस्टर से जुड़े विशाल ब्रह्मांडीय परिवेश का हिस्सा है।

यहां एक अत्यंत महत्वपूर्ण वैज्ञानिक तथ्य सामने आता है, ब्रह्मांड को समझने के लिए अकेली वस्तु को नहीं, उसके संबंधों को समझना पड़ता है। एक तारा अकेला दिखाई दे सकता है, पर वह किसी आकाशगंगा का हिस्सा है, आकाशगंगा किसी समूह का, समूह बड़े ब्रह्मांडीय ढांचे का।

नासा के अनुसार आकाशगंगाएं इस ब्रह्मांडीय जाल में तंतुओं और सघन क्षेत्रों के रूप में व्यवस्थित हैं, गुरुत्वाकर्षण पदार्थ को एकत्र करते हुए इन विशाल संरचनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अर्थात् ब्रह्मांड की संरचना केवल वस्तुओं की सूची नहीं, बल्कि परस्पर संबंधों की संरचना है।

यहीं एक रोचक सांस्कृतिक खगोलीय संदर्भ सामने आता है। वीरगो नाम आधुनिक खगोल विज्ञान में उस आकाशीय क्षेत्र और उससे संबंधित विशाल आकाशगंगा संरचनाओं के लिए आता है, जबकि ज्योतिष में कन्या राशि चक्र की एक राशि है। यह दोनों एक ही वैज्ञानिक अवधारणा नहीं हैं, किंतु नाम और आकाशीय संदर्भ का यह साम्य ध्यान देने योग्य है।

भारतीय काल गणना में पितृ पक्ष भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक का पितृ स्मरण का विशेष कालखंड है। यह काल सूर्य के कन्या राशि में संचरण के समय के आसपास आता है। यही वह बिंदु है जहां आकाशीय गति, कालगणना और पितृ स्मरण की भारतीय परंपरा एक दूसरे से जुड़ती हुई दिखाई देती है।

यह उल्लेखनीय है कि पितृ स्मरण का यह विशिष्ट कालखंड सूर्य के कन्या राशि संचार के आसपास के समय से जुड़ता है। इस प्रकार भारतीय काल चेतना में आकाशीय गति, ऋतुचक्र, काल गणना और मानवीय संस्कार के बीच एक गहरा सांस्कृतिक संबंध दिखाई देता है।

इसी समयखंड में पितृ-स्मरण और कृतज्ञता की परंपरा सामने आती है। पितृपक्ष इस दृष्टि में केवल एक धार्मिक कालखंड नहीं, बल्कि स्मृति, कृतज्ञता और समष्टि-बोध की अभिव्यक्ति बन जाता है।

यहीं से श्राद्ध की भारतीय दृष्टि को समझने का एक महत्वपूर्ण बौद्धिक द्वार खुलता है।

श्राद्ध को यदि केवल किसी परिवार में दिवंगत व्यक्ति के लिए किया जाने वाला कर्म मान लिया जाए, तो उसकी दृष्टि अत्यंत सीमित हो जाती है। भारतीय परंपरा में मनुष्य को केवल एक स्वतंत्र इकाई के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक संबंध व्यवस्था के भीतर देखा जाता है।

इस व्यवस्था को ध्यान से देखें तो मनुष्य केवल 'मैं' नहीं है। वह देवों से जुड़ा है, पितरों से जुड़ा है, अन्य प्राणियों से जुड़ा है, मनुष्यों से जुड़ा है और ज्ञान परंपरा से जुड़ा है। इस दृष्टि से पंचमहायज्ञ केवल पूजा पद्धति नहीं, बल्कि संबंधों के प्रति उत्तरदायित्व की व्यवस्था भी है।

> **इस प्रकार श्राद्ध का केंद्र केवल 'मृत्यु' नहीं, बल्कि स्मृति और संबंध है। पितृ का स्मरण मनुष्य को उसके पूर्वजों से जोड़ता है और यह बोध कराता है कि वर्तमान पीढ़ी स्वयं से आरंभ नहीं हुई। वह एक निरंतर चलती हुई जीवन-परंपरा की कड़ी है। यहां 'पितृ' केवल परिवार के दिवंगत सदस्यों तक सीमित अर्थ में न रहकर उस पूर्ववर्ती परंपरा का बोध कराते हैं जिससे व्यक्ति को जीवन, संस्कार, ज्ञान और सामाजिक उत्तराधिकार प्राप्त हुआ है।**

**तैत्तिरीय उपनिषद् कहता है**

**देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्।**

अर्थात् देवकार्य और पितृकार्य में प्रमाद नहीं करना चाहिए। इसी अनुक्रम में कहा गया है,

**श्रद्धया देयम्। अश्रद्धयादेयम्।**

अर्थात् देने का मूल्य केवल वस्तु में नहीं, उसके पीछे स्थित श्रद्धा और चेतना में है। यही श्राद्ध के मूल भाव को समझने की दिशा भी देता है।

यहां श्राद्ध और आधुनिक खगोल विज्ञान के बीच एक महत्वपूर्ण संबंध समझा जा सकता है। गलैक्सी, वीरगो सुपर क्लस्टर और कॉस्मिक वेग हमें ब्रह्मांड की विराट संरचना और उसकी परस्पर संबद्धता का वैज्ञानिक परिचय देते हैं। श्राद्ध और तर्पण इसी समष्टि-दृष्टि का व्यावहारिक रूप हैं, स्मरण, कृतज्ञता, उत्तरदायित्व और मंगल भाव को जीवन में उतारने वाली परंपरा।

इस प्रकार श्राद्ध का केंद्र केवल 'मृत्यु' नहीं, बल्कि स्मृति और संबंध है। पितृ का स्मरण मनुष्य को उसके पूर्वजों से जोड़ता है और यह बोध कराता है कि वर्तमान पीढ़ी स्वयं से आरंभ नहीं हुई। वह एक निरंतर चलती हुई जीवन-परंपरा की कड़ी है। यहां 'पितृ' केवल परिवार के दिवंगत सदस्यों तक सीमित अर्थ में न रहकर उस पूर्ववर्ती परंपरा का बोध कराते हैं जिससे व्यक्ति को जीवन, संस्कार, ज्ञान और सामाजिक उत्तराधिकार प्राप्त हुआ है।

इसलिए श्राद्ध मनुष्य को यह स्मरण कराने वाली व्यवस्था है कि जिस जीवन को मैं अपना समझ रहा हूं, वह असंख्य पूर्ववर्ती संबंधों और योगदानों से निर्मित है।

हमारा शरीर पृथ्वी के तत्वों से बना है। हमारा जीवन सूर्य की ऊर्जा पर निर्भर है। पृथ्वी सौरमंडल में गतिशील है। सौरमंडल आकाशगंगा का हिस्सा है। आकाशगंगा स्वयं विशाल ब्रह्मांडीय संरचना में स्थित है। भारतीय चिंतन इसी प्रकार मनुष्य को व्यष्टि से समष्टि की ओर देखने का अभ्यास कराता है।

यही कारण है कि तर्पण की परंपरा को केवल संकीर्ण पारिवारिक स्मरण तक सीमित करना उसके व्यापक भाव को छोटा कर देता है। तर्पण की परंपरा में देव, ऋषि, पितृ, मनुष्य तथा अन्य जीव-जगत के प्रति कृतज्ञता के विविध आयाम दिखाई देते हैं। तब उसका मूल भाव समष्टि के प्रति उत्तरदायित्व और कृतज्ञता के रूप में सामने आता है।

इसे एक सुंदर क्रम में देखा जा सकता है,

व्यक्ति , परिवार , समाज , प्रकृति , पृथ्वी , सौरमंडल , आकाशगंगा , विराट ब्रह्मांड।

यही इस परंपरा की सबसे गहरी बात है, श्राद्ध हमें केवल यह नहीं सिखाता कि हमारे पहले कौन थे, वह यह भी सिखाता है कि हम स्वयं किस विराट व्यवस्था के भीतर हैं।

श्राद्ध की परंपरा उसी विनम्रता को एक नैतिक दिशा देती है, जो कुछ हमें मिला है, वह केवल हमारा नहीं, उसके प्रति स्मरण, कृतज्ञता और उत्तरदायित्व भी हमारा है।

यही 'एक बूंद से ब्रह्मांड तक' की यात्रा है, व्यक्ति से समष्टि तक, स्मृति से कृतज्ञता तक और कृतज्ञता से उत्तरदायित्व तक।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## ट्रूकॉलर ने स्कैम का पता लगाने वाली तकनीक और लोगों की समझदारी को साथ जोड़कर स्कैम चेकर की शुरुआत की

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** ट्रूकॉलर ने वेब और ऐप पर ट्रूकॉलर स्कैम चेकर के लॉन्च की घोषणा की। इस नए डेस्टिनेशन को बनाने का मकसद लोगों की मदद करना है, ताकि वे तुरंत पता लगा सकें कि कहीं वे किसी स्कैम के जाल में तो नहीं फँस रहे हैं, साथ ही वे धोखाधड़ी के नए-नए तरीकों के बारे में जान सकें। इसके पीछे सोच यह है कि ट्रूकॉलर की स्कैम के सुरक्षा सिर्फ कॉलर की पहचान या स्पैम को ब्लॉक करने तक सीमित न रहे, बल्कि इसके दायरे का विस्तार हो। इस नए सल्यूशन में स्कैम की पहचान करने वाली कई तरह की खूबियों को एकजुट किया गया है, जिसकी मदद से यूजर्स फर्जी वेब लिंक की जाँच कर सकते हैं, फोन नंबर के बारे में जान सकते हैं, स्कैम से जुड़ी जरूरी रिपोर्ट देख सकते हैं और कोई भी कदम उठाने से पहले संभावित धोखाधड़ी की




कोशिशों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।

किसी लिंक की जाँच करके पता लगा सकते हैं कि, कहीं वो धोखाधड़ी के इरादे से तो नहीं भेजा गया है या उसका इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी के लिए तो नहीं किया जा रहा है।

किसी फोन नंबर के बारे में ट्रूकॉलर के डिटेक्शन सिस्टम और कम्युनिटी सिंगल से मिली जानकारी देख सकते हैं।

स्कैमफीड रिपोर्ट में दूसरे लोगों द्वारा बताए गए मिलते-जुलते स्कैम के मामले ढूंढ सकते हैं।

अपनी परेशानी को अपने शब्दों में बयाँ कर सकते हैं और उससे जुड़े नतीजे पा सकते हैं, जिसमें पूछे गए सवाल के साथ दिए गए लिंक या नंबर की जाँच करना और कम्युनिटी द्वारा साझा की गई मिलती-जुलती रिपोर्ट भी शामिल हैं।

कुल मिलाकर, इसमें वे तीनों चीजें शामिल हैं जो आमतौर पर किसी भी फर्जी मैसेज में होती हैं, एक नंबर, एक लिंक और एक कहानी। अब कोई भी व्यक्ति इन तीनों चीजों को एक ही जगह पर, बस कुछ ही सेकंड में देख सकता है।

# पितृपक्ष एवं श्राद्ध : धार्मिक एवं सांस्कृतिक महव

पुनीत कुमार सिन्हा



आचार्य रामभद्र त्रिपाठी।

**श्राद्ध** सनातन हिन्दू धर्म की एक अत्यन्त महवपूर्ण एवं पवित्र परम्परा है, जिसके माध्यम से मनुष्य अपने दिवंगत पूर्वजों अर्थात् पितरों के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करता है। 'श्राद्ध' शब्द की व्युत्पत्ति 'श्रद्धा' शब्द से मानी जाती है। अतः श्रद्धापूर्वक पितरों के निमित्त किया जाने वाला कर्म 'श्राद्ध' कहलाता है। इसका मूल उद्देश्य पितरों का स्मरण, उनके प्रति तज्ञता की अभिव्यक्ति तथा पारिवारिक एवं सांस्कृतिक परम्पराओं का संरक्षण है।

**श्राद्ध का उद्देश्य एवं महव :** हिन्दू धार्मिक परम्परा में श्राद्ध का सम्बन्ध पितरों की तृप्ति एवं शान्ति से माना गया है। ऐसी मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक सम्पन्न किए गए श्राद्धकर्म एवं तर्पण से पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त होती है और उनके आशीर्वाद की प्राप्ति होती है।

हिन्दू धर्मशास्त्रीय परम्परा में मनुष्य के ऊपर देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का उल्लेख प्राप्त होता है। पितरों के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह करना पितृऋण से उऋण होने का एक माध्यम माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार पितरों की प्रसन्नता से वंशजों को सुख, समृद्धि, आरोग्य, दीर्घायु तथा वंशवृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

ज्योतिषीय परम्परा में 'पितृदोष' की भी चर्चा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि पितरों की शान्ति के लिए पितृपक्ष में श्रद्धापूर्वक तर्पण एवं श्राद्ध करने से इससे सम्बन्धित प्रतिकूलताओं का निवारण हो सकता है। इन विषयों को धार्मिक एवं पारम्परिक मान्यताओं के रूप में ही ग्रहण करना उचित है।

**श्राद्धकर्म के प्रमुख विधान :** श्राद्धकर्म में परम्परानुसार विभिन्न विधियों का विधान मिलता है। इनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित कर्म उल्लेखनीय हैं

**तर्पण :** कुश, अक्षत, जौ तथा काले तिल आदि को जल के साथ सम्मिलित करके मन्त्रपूर्वक पितरों को जल अर्पित करना 'तर्पण' कहलाता है। धार्मिक परम्परा में इसे पितरों की तृप्ति एवं स्मरण का महवपूर्ण माध्यम माना गया है।

**पिण्डदान :** पके हुए चावल, जौ आदि से विधिपूर्वक पिण्ड का निर्माण कर पितरों के निमित्त अर्पित किया जाता है। इसे 'पिण्डदान' कहा जाता है। हिन्दू धार्मिक परम्परा में पिण्डदान को पितृकर्म का एक प्रमुख अंग माना गया है। गया आदि तीर्थस्थलों पर पिण्डदान की विशेष परम्परा भी प्रचलित है।

**ब्राह्मण-भोजन एवं दान :** श्राद्ध के अवसर पर साविक एवं शुद्ध भोजन तैयार करके ब्राह्मणों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया जाता है। साथ ही अपनी सामर्थ्य के अनुसार वस्त्र, अन्न, दक्षिणा अथवा अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान किया जाता है। दान का मूल भाव श्रद्धा एवं सेवा है, न कि प्रदर्शन।

**श्राद्ध कब किया जाता है :** जिस तिथि को किसी व्यक्ति का देहावसान हुआ हो, सामान्यतः हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष उसी तिथि को उसका वार्षिक श्राद्ध किया जाता है।

भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक का काल परम्परानुसार पितृपक्ष अथवा महालय पक्ष के रूप में जाना जाता है। इस अवधि में पितरों के निमित्त तर्पण, पिण्डदान एवं श्राद्ध आदि कर्म किए जाते हैं।

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु-तिथि ज्ञात न हो, तो उसके निमित्त सर्वपितृ अमावस्या पर श्राद्ध करने की परम्परा है। इसी प्रकार मातृपक्ष के लिए मातृ नवमी तथा अकाल मृत्यु आदि विशेष परिस्थितियों के लिए भी विभिन्न श्राद्ध-तिथियाँ परम्परा में प्रचलित हैं।

**पितृपक्ष का महव :** पितृपक्ष हिन्दू धर्म में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, तज्ञता एवं स्मरण का विशेष अवसर है। धार्मिक परम्परा में यह काल पितरों के स्मरण तथा उनके निमित्त तर्पण एवं श्राद्ध करने के लिए विशेष रूप से महवपूर्ण माना गया है।

ब्रह्मवैवर्तपुराण आदि पुराणिक परम्पराओं में पितरों के महव का उल्लेख मिलता है। भारतीय धार्मिक चिन्तन में यह भाव विशेष रूप से प्रतिपादित हुआ है कि मनुष्य को अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ एवं उत्तरदायी रहना चाहिए।

पितृपक्ष को 'सोलह श्राद्ध', 'महालय पक्ष' तथा 'अपर पक्ष' आदि नामों से भी जाना जाता है। इस अवधि में लोग अपने पितरों का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं तथा परम्परानुसार तर्पण, पिण्डदान एवं अन्य पितृकर्म सम्पन्न करते हैं।

भगवद्गीता के नवम अध्याय के वें श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं :

यान्ति देवव्रता देवान् पितॄन् यान्ति पितृव्रताः।
भूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद्याजिनोपि माम्

अर्थात् देवताओं का पूजन करने वाले देवताओं को, पितरों का पूजन करने वाले पितरों को, भूतों का पूजन करने वाले भूतों को तथा मेरा यजन करने वाले मुझे प्राप्त होते हैं।

इस श्लोक का तात्पर्य साधक की उपासना एवं उसके लक्ष्य के सम्बन्ध को स्पष्ट करना है। अतः हिन्दू दर्शन की व्यापक परम्परा में पितृ-स्मरण अपने स्थान पर महवपूर्ण है, जबकि परमात्मप्राप्ति को आध्यात्मिक साधना का परम लक्ष्य माना गया है।

**पितृपक्ष में किए जाने वाले प्रमुख कार्य :** धार्मिक मान्यताओं एवं पारिवारिक परम्पराओं के अनुसार पितृपक्ष में निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं

**तर्पण एवं श्राद्ध :** पितरों के निमित्त विधिपूर्वक तर्पण, पिण्डदान एवं श्राद्ध करना इस पक्ष का प्रमुख धार्मिक त्य है। इसे अपनी पारिवारिक परम्परा, कुलाचार एवं सामर्थ्य के अनुसार सम्पन्न करना चाहिए।

**अन्नदान एवं जरूरतमन्दों की सहायता :** गरीब, असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमन्द व्यक्तियों को भोजन, वस्त्र अथवा आवश्यक सामग्री प्रदान करना सेवा एवं दान की दृष्टि से महवपूर्ण माना जाता है। दान सदैव श्रद्धा एवं अपनी सामर्थ्य के अनुसार करना चाहिए।

**गौसेवा एवं जीवों के प्रति करुणा :** गाय को चारा अथवा रोटी देना, पक्षियों के लिए दाना-पानी रखना तथा अन्य जीवों के प्रति दया एवं करुणा का भाव रखना भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्परा में पुण्यकारी माना गया है।

**पितरों का स्मरण एवं प्रार्थना :** घर में दीप प्रज्वलित करके दिवंगत पूर्वजों का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जा सकता है। उनके सद्गुणों, आदर्शों एवं परिवार के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए परिवार की सुख-शान्ति के लिए प्रार्थना करना भी पितृस्मरण का एक भावपूर्ण माध्यम है।

**पितृपक्ष में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए :** पितृपक्ष के समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना उचित है

1 श्राद्धकर्म अपनी पारिवारिक परम्परा, कुलाचार एवं सामर्थ्य के अनुसार करना चाहिए।

2 भोजन साविक एवं शुद्ध रखना चाहिए।

3 मद्यपान, मांसाहार तथा अन्य तामसिक आचरण से दूर रहना अनेक धार्मिक परम्पराओं में उचित माना गया है।

4 किसी गरीब, असहाय अथवा जरूरतमन्द व्यक्ति का अपमान नहीं करना चाहिए।

5 पितरों के नाम पर अनावश्यक प्रदर्शन, ऋण लेकर अत्यधिक व्यय अथवा दूसरों पर आर्थिक दबाव नहीं डालना चाहिए।

6 यदि किसी व्यक्ति को श्राद्ध-विधि का सम्यक् ज्ञान न हो, तो योग्य आचार्य से मार्गदर्शन लेकर श्रद्धापूर्वक सरल विधि से तर्पण एवं प्रार्थना करनी चाहिए।

**महवपूर्ण बातें :** जिस तिथि को किसी पूर्वज का देहावसान हुआ हो, सामान्यतः उसी तिथि को प्रत्येक वर्ष उनका श्राद्ध किया जाता है।

जिन पूर्वजों की मृत्यु-तिथि ज्ञात न हो, उनके निमित्त सर्वपितृ अमावस्या पर श्राद्ध करने की परम्परा है।

मातृपक्ष के लिए मातृ नवमी तथा अकाल मृत्यु आदि विशेष परिस्थितियों के लिए भी परम्परानुसार अलग-अलग श्राद्ध-तिथियाँ निर्धारित हैं।

श्राद्ध की तिथि एवं उपयुक्त समय का निर्धारण स्थानीय पंचांग, देश-काल तथा पारिवारिक परम्परा के अनुसार करना चाहिए।

**निष्कर्ष :** पितृपक्ष का वास्तविक संदेश केवल कर्मकाण्ड तक सीमित नहीं है। यह अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं तज्ञता व्यक्त करने, उनके सद्गुणों एवं आदर्शों का स्मरण करने तथा पारिवारिक संस्कारों एवं परम्पराओं को सुरक्षित रखने का अवसर भी है।

पितृस्मरण के साथ-साथ जीवित माता-पिता एवं वृद्धजनों की सेवा, जरूरतमन्दों की सहायता, अन्नदान, गौसेवा तथा समस्त प्राणियों के प्रति करुणा का भाव भी भारतीय संस्कृति के मूल आदर्शों से सम्बद्ध है।

अतः पितृपक्ष हमें यह संदेश देता है कि हम अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करें, अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान एवं सेवा करें तथा जीवित माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति सदैव सम्मान एवं सेवा का भाव रखें।

श्रद्धया पितॄन् स्मरेत्, सामर्थ्येन दानं कुर्यात्, जीवन्मातापितृसेवां च नित्यं कुर्यात्।

अर्थात श्रद्धापूर्वक पितरों का स्मरण करें, अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करें तथा जीवित माता-पिता की नित्य सेवा करें।

# 75 मिलियन सब्सक्राइबर्स के साथ शेमारू फिल्मी गाने दुनिया के टॉप 10 म्यूजिक चैनलों में शामिल

**मुंबई, (दैनिक नवसंदेश)।** शेमारू एंटरटेनमेंट के प्रमुख यू-ट्यूब चैनल शेमारू फिल्मी गाने ने 75 मिलियन सब्सक्राइबर्स का आँकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया के टॉप 10 म्यूजिक चैनलों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि बताती है कि बॉलीवुड के गाने आज भी अलग-अलग उम्र के लोगों और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले दर्शकों के बीच लोकप्रिय हैं।

इस खास उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए शेमारू फिल्मी गाने ने सफर अलग, किस्से अलग...गाने आज भी वही सोच पर आधारित एक ब्रांड फिल्म जारी की है। फिल्म का विचार है कि हर इंसान की जिंदगी और सफर अलग हो सकता है, लेकिन संगीत आज भी लोगों को एक-दूसरे से जोड़ता है।




ब्रांड फिल्म में रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई पल दिखाए गए हैं। इसमें ऑटो में सफर करता एक व्यक्ति, कैब में जाती एक कामकाजी महिला, नाई की दुकान, घर पर पढ़ाई करता एक व्यक्ति, साथ समय बिताता एक जोड़ा और रिटायरमेंट का जश्न जैसे कई पल शामिल हैं। इन सभी कहानियों के बीच चला जाता हूँ, किसी धुन में गीत सुनाई देता है। इससे दिखाया गया है कि किस तरह एक ही गाना अलग-अलग लोगों को जोड़ सकता है। इसके बाद 75 मिलियन सब्सक्राइबर पूरे होने की उपलब्धि दिखाई जाती है।

शेमारू एंटरटेनमेंट के डिजिटल कारोबार के मुख्य परिचालन अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, हिंदी फिल्म संगीत की खास बात यह है कि यह कई पीढ़ियों से लोगों से जुड़ा हुआ है। कई दशक पुराना कोई गाना आज किसी ऐसे व्यक्ति को भी पसंद आ सकता है, जिसने उसे पहले कभी नहीं सुना। वहीं, वही गाना किसी दूसरे व्यक्ति को पुरानी यादों में ले जा सकता है। मिलियन सब्सक्राइबर तक पहुंचना संगीत के साथ लोगों के लंबे जुड़ाव को दिखाता है। हमारा प्रयास इन गानों, कलाकारों और उनकी कहानियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है।

इस उपलब्धि के साथ उन संगीतकारों और कलाकारों को भी सम्मान दिया जा रहा है, जिन्होंने इन गानों को लोगों की यादों का हिस्सा बनाया है। इसी के तहत शेमारू फिल्मी गाने '75 संगीत दिग्गजों का जश्न' नाम से 15 एपिसोड की नई यू-ट्यूब श्रृंखला शुरू कर रहा है। इस श्रृंखला में हिंदी फिल्म संगीत को खास पहचान देने वाले 75 प्रसिद्ध गायकों, संगीतकारों और गीतकारों को सम्मान दिया जाएगा। हर कड़ी में पांच कलाकारों की कहानी, उनसे जुड़ी खास बातें और उनके यार गानों के बारे में बताया जाएगा। यह श्रृंखला दर्शकों को हिंदी फिल्म संगीत के अलग-अलग दौर और उनसे जुड़ी यादों की यात्रा पर ले जाएगी।

शेमारू फिल्मी गाने के संग्रह में 10000 से ज्यादा लोकप्रिय गाने हैं। इसमें 1950 के दशक से लेकर आज तक के हिंदी सिनेमा के गाने शामिल हैं। इसमें ऐसे गाने भी हैं, जिन्हें लोग बचपन से सुनते आए हैं और ऐसे गाने भी हैं जिन्हें आज की नई पीढ़ी पहली बार खोज रही है।शेमारू फिल्मी गाने को हर महीने करीब 300 मिलियन व्यूज मिलते हैं। यह शेमारू एंटरटेनमेंट के 100 से ज्यादा यू-ट्यूब चैनलों वाले बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। इस नेटवर्क में बॉलीवुड, क्षेत्रीय मनोरंजन, भक्ति, बच्चों के मनोरंजन और कई अन्य तरह के चैनल शामिल हैं। सभी चैनलों को मिलाकर नेटवर्क को हर महीने करीब बिलियन व्यूज मिलते हैं।

# क्योंकि पापा कहते हैं सीरियल सोनी सब चैनल में सिमरन के किरदार में नजर आएंगी साची तिवारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अभिनय के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री साची तिवारी अब लोकप्रिय धारावाहिक क्योंकि पापा कहते हैं में एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी। शो में साची सिमरन का किरदार निभा रही जो एक फैशन डिजाइनर के रोल में हैं। इस शो के निर्देशक मशहूर डायरेक्टर धर्मेश मेहता हैं, जो इससे पहले तारक मेहता का उल्टा चश्मा जैसे बड़े शोज को डायरेक्ट कर चुके हैं। इस सीरियल को इंसाइर फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। ये शो सोमवार से शनिवार शाम 7 : 30 बजे सोनी सब पर प्रसारित होगा। उनके इस नए किरदार को लेकर दर्शकों में खास उत्सुकता देखने को मिल रही है।



साची तिवारी इससे पहले भी विभिन्न "फिल्मों, धारावाहिकों और वेब सीरीज" में अपने अभिनय का प्रदर्शन कर चुकी हैं। अलग-अलग तरह के किरदारों को सहजता और प्रभावी अंदाज में निभाने वाली साची अब 'क्योंकि पापा कहते हैं' के जरिए टेलीविजन दर्शकों के बीच अपनी नई पहचान बनाने की तैयारी में हैं। सिमरन के किरदार में साची का नया अंदाज बिहार से जुड़ी प्रतिभाशाली कलाकार साची तिवारी के इस नए प्रोजेक्ट को लेकर उनके प्रशंसकों में भी उत्साह है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** उत्पाद चलिष्णु दल टीम का शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार प्रहार जारी है।इसी दौरान कल रविवार को बापूधाम रेलवे स्टेशन के पूरब सड़क किनारे से वाहन जांच के दौरान दो कारोबारियों के पास से पिट्ठू बैग में रखे करीब 18 लीटर विभिन्न कम्पनी के विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्धनिषेध ओमप्रकाश ने दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारियों में नगर थाना क्षेत्र के कोल्हुअरवा मुहल्ला निवासी सरयुग राउत का पुत्र धीरज कुमार व नगर थाना क्षेत्र के जानपुल कोल्हुअरवा निवासी लालबाबू प्रसाद का पुत्र सोनू कुमार बताया गया है जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया। छापेमारी में चलिष्णु दल प्रभारी सह निरीक्षक मद्यनिषेध इमरान अंसारी, सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार, सिपाही हाकीम आलम सहित गृहरक्षक बल शामिल थे।

### तीन वारंटी समेत आठ शराबी गिरफ्तार

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की देर रात पहाड़पुर पुलिस ने सघन छापेमारी व गश्ती अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने तीन वारंटियों समेत शराब के नशे में आठ लोगों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार आरोपितों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गयास पुलिस के अनुसार, देर रात की छापेमारी के दौरान सिसवा भुतहा गांव से वारंटी विजय ओझा को गिरफ्तार किया गया। वहीं, सिसवा कोड़र गांव से लाल बाबू पासवान एवं विगल पासवान को गिरफ्तार किया गया। तीनों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था।इधर, गश्ती के दौरान पुलिस ने शराब के नशे में आठ लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में नौतन थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी चंद्रिका यादव, नोनेया वरेव टोला निवासी मुकेश दास, मटियरवा विशुनपुर निवासी सुरेश मांझी, सुरेंद्र पटेल एवं बाबूलाल मांझी, नोनेया मुशहरी टोला निवासी राधा मांझी तथा सटहा मंगुराहा निवासी आलोक कुमार एवं रामेश्वर कुमार शामिल हैं।थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण और शराब के खिलाफ थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार की रात अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी एवं गश्ती के दौरान आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।अभियान में थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एसआई विवेक कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### डा. खालिद अनवर ने रक्सौल अनुमंडल के लिए मोहम्मद एहतशाम को बनाया अधिकृत प्रतिनिधि

**रक्सौल(एनएसबी)**बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण समिति के अध्यक्ष ड् खालिद अनवर ने रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के लिए मोहम्मद एहतशाम को अपना अधित प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में उन्होंने पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी को पत्र जारी किया है। 27 सितंबर 2026 को जारी पत्र में ड् खालिद अनवर ने मोहम्मद एहतशाम, पिता मोहम्मद फजलुल्लाह, निवासी डुमरिया, वार्ड संख्या-03, रक्सौल को रक्सौल अनुमंडल का अधित प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।प्रतिनिधि के रूप में मोहम्मद एहतशाम क्षेत्र के जनहित से जुड़े कार्यों, समस्याओं के समाधान तथा प्रशासनिक समन्वय के लिए उनकी ओर से कार्य करने के लिए अधित होंगे। ड् अनवर ने जिलाधिकारी पत्र जारी कर कहा है कि रक्सौल अनुमंडल में जनहित से जुड़े कार्यों एवं अनुश्रवण समिति की बैठकों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की लेकर पत्र जारी किया।

# घाट में खतरे के निशान से डेढ़ मीटर ऊपर गंडक

## मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर राहत-बचाव कार्य तेज करने का दिया निर्देश



जायजा लेते मुख्यमंत्री सम्राट और उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी।

**मोतिहारी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को वैशाली, सारण, पूर्वी चम्पारण और गोपालगंज जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डुमरिया घाट पहुंचकर गंडक नदी के बढ़े जलस्तर का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली।अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि डुमरिया घाट के पास गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब डेढ़ मीटर ऊपर पहुंच गया है। रात में जलस्तर में लगभग 50 सेंटीमीटर और वृद्धि की संभावना जताई गई है। मुख्यमंत्री ने स्थिति को देखते हुए संवेदनशील एवं निचले इलाकों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों तक आवश्यक सुविधाएं समय पर पहुंचनी चाहिए। राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ बेहतर समन्वय बनाकर आवश्यकता के अनुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जल संसाधन विभाग को तटबंधों की सतत निगरानी और आवश्यक सतर्कता बरतने के साथ रात में पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत शिविर और सामुदायिक रसोई के माध्यम से लोगों को भोजन एवं अन्य जरूरी राहत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद राधामोहन सिंह, विधायक ष्णनंदन पासवान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, जल संसाधन विभाग के सचिव ड् चन्द्रशेखर सिंह, पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, गोपालगंज के जिलाधिकारी समीर सौरभ, पूर्वी चम्पारण के एसपी स्वर्ण प्रभात, गोपालगंज के एसपी विनय तिवारी सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## सात निश्चय3 के अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान को प्रभावी बनाने हेतु जिलाधिकारी ने आमजनों की समस्याएं सुनीं

**मोतिहारी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के सात निश्चय3 के अंतर्गत सातवें निश्चय 'सबका सम्मानजीवन आसान (म्ेंम वि स्पअपदह)' को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से श्री सौरभ सुमन यादव, जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण द्वारा आम जनमानस की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जिला के सभी छः अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी भी उपस्थित थेस आज की जनसुनवाई में कुल 12 लोग उपस्थित हुए। एक-एक कर सभी आवेदन कर्ताओं को जिलाधिकारी ने अपने पास बुलाया और उनकी समस्याओं को सुना एवं उस पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को जनसुनवाई के दौरान ही निर्देश दिया गयास बनकटवा प्रखंड के ग्राम पंचायत जीतपुर की मुखिया प्रभा देवी के द्वारा बताया गया कि उनके पंचायत में स्थापित नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार हुआ है जिसके संबंध में उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 3,46,7,8, 11 एवं 16 में बहुत ही घटिया स्तर का कार्य हुआ है। सरकारी मापदंड का अनुपालन नहीं हुआ है इसको लेकर उन्होंने जांच कराने की मांग की। जिलाधिकारी के द्वारा एसडीओ ढाका को इस संबंध में जरूरी निर्देश देते हुए जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।हरसिद्धि अंचल के गायघाट निवासी शिवचंद्र ठाकुर के द्वारा बताया गया कि एक खास व्यक्ति और उनके सहयोगियों के द्वारा यूट्यूब चौनल पर नाई समाज के प्रति अश्लील गाना प्रसारित किया जा रहा है जिसमें महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। विवादित गाना के कारण समाज के विभिन्न वर्गों और जातियों के बीच तनाव और आक्रोश की स्थिति पैदा हो गई है। उनके आवेदन को अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज को अग्रसारित करते हुए इसकी शीघ्र जांच कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सदर मोतिहारी अंचल की अमला पट्टी वार्ड नंबर 15 की सीमा देवी के द्वारा खाता खेसरा और रकबा की जांच करा कर वंशावली में नाम के आधार पर जमाबंदी करने के संबंध में बताया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उनके आवेदन को अंचलाधिकारी मोतिहारी को अग्रसारित करते हुए सभी मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## पुलिस ने छापेमारी कर शराब की भट्ठी की ध्वस्त, पांच आरोपित नामजद

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तुलसीपट्टी चंवर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध देशी शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने शराब बनाने में प्रयुक्त 12 बड़े ड्रम, दो छोटे ड्रम, दो गैस सिलेंडर, दो भट्ठी सहित अन्य उपकरण बरामद किए। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गयास थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमरजीत कुमार ने बताया कि तुलसीपट्टी चंवर में अवैध रूप से देशी शराब बनाने की सूचना मिली थी। इसके सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने चंवर में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही शराब निर्माण में जुटे लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर वहां से शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य सामग्री जब्त कर ली।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में पंकज कुमार, दीपक कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार एवं रामबाबू महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।छापेमारी अभियान में अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार, प्रियंका कुमारी सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पूर्व भी पुलिस ने इसी तुलसीपट्टी चंवर में छापेमारी कर अवैध देशी शराब की एक अन्य भट्ठी को ध्वस्त किया था।

## जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त ईसीजी सुविधा की शुरुआत

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण जिले के स्वास्थ्य महकमे ने आम जनता के लिए एक बेहद सकारात्मक और राहत भरी पहल की है। जिले के डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने बताया की जिले के सदर अस्पताल से लेकर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक 27 प्रखंडो के सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को चिकित्सीय परामर्श के बाद पूरी तरह निःशुल्क ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पहले मरीजों को हृदय संबंधी जांच के लिए महंगे निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ता था, जहां न सिर्फ जेब पर भारी बोझ पड़ता था बल्कि सही प्रकार से जांच भी नहीं हो पाती थी। अब सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा मिलने से गरीबों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली है। वहीं सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार ने बताया की हृदय रोगों की समय पर पहचान और बेहतर इलाज चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, ईसीजी एक दर्द रहित मेडिकल टेस्ट है जो दिल की धड़कनों की इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी को रिकर्ड करता है। इससे दिल की रफ्तार और उसकी रिदम का सटीक पता चलता है। सीने में दर्द, धड़कन बहुत तेज होने या अनियमित होने जैसी शिकायतों पर समय रहते हार्ट अटैक या अन्य समस्याओं की पहचान करने में यह जांच बेहद मदार साबित हो रही है।



उद्घाटन करते अतिथि।

## छात्रों ने सीखी प्रातिक खेती और मशरूम उत्पादन की तकनीक

**मोतिहारी (एनएसबी)।**कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी परिसर में सोमवार को ग्रामीण षि कार्य अनुभव (त्ॅम्) कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को प्रातिक खेती, धान की फसल में रोगिंग तथा मशरूम उत्पादन की तकनीक की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण की शुरुआत केंद्र के प्रातिक खेती आधारित धान प्रक्षेत्र से हुई। षि वैज्ञानिकों ने छात्रों को धान की फसल में रोगिंग की प्रक्रिया के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने कहा कि रोगिंग के तहत खेत से अवांछित, अन्य किस्म के तथा रोगग्रस्त पौधों को निकाल दिया जाता है। इससे बीज की शुद्धता और फसल की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलती है। छात्रों ने खेत में पहुंचकर स्वयं रोगिंग का व्यावहारिक अभ्यास भी किया।इसके बाद छात्रों को केंद्र की मशरूम उत्पादन इकाई में प्रशिक्षण दिया गया। यहां किसानों के साथ छात्रों ने ओएस्टर मशरूम उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं को समझा। भूसे का उपचार, बैग तैयार करना, स्पन डालना तथा तापमान और नमी के उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने मशरूम उत्पादन से जुड़े अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि कम लागत में मशरूम उत्पादन कर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।कार्यक्रम में षि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं कर्मचारी, प्रगतिशील किसान तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राएं।

# मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ नियमित छापेमारी करें : डीएम

## एक माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत 33 मामले दर्ज, 44 आरोपी गिरफ्तार



जिलाधिकारी व अन्य।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित ड् राजेंद्र प्रसाद सभागार में नार्को-कोआर्डिनेशन (छब्व्त्) की जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात समेत पुलिस, एसएसबी, प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, षि एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने मादक पदार्थो के अवैध व्यापार, भंडारण, परिवहन एवं सेवन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित छापेमारी और कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से अभियान चलाएं तथा पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।बैठक में बताया गया कि पिछले एक माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत 33 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 44 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 775 किलोग्राम गांजा, एक किलोग्राम चरस, 24 ग्राम स्मैक, एक पिस्टल, 18 मोबाइल, 10 मोटरसाइकिल, पांच चारपहिया वाहन, एक ट्रक, 16.60 लाख रुपये नकद तथा 9000 नेपाली रुपये जब्त किए गए।

जिलाधिकारी ने रक्सौल, ढाका, आदापुर और घोड़ासहन जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। पुलिस एवं एसएसबी को संयुक्त छापेमारी अभियान लगातार चलाने को कहा गया। जिला षि पदाधिकारी को सीमा क्षेत्र में खाद दुकानों के स्टक का नियमित सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया।एसएसबी के कमांडेंट ने बताया कि पिछले एक माह में संयुक्त अभियान के दौरान मादक पदार्थो की बरामी के साथ तस्करों की गिरफ्तारी की गई। उर्वरक से संबंधित 11 मामलों में 75,848 किलोग्राम खाद जब्त की गई हैस एसपी स्वर्ण प्रभात ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों और थानाध्यक्षों को सार्वजनिक स्थलों एवं चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखने तथा युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। ड्रग इंस्पेक्टर एवं फूड अधिकारियों को दुकानों की नियमित जांच करने को कहा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांग बच्चों के लिए प्रमाणिकरण शिविर 29 सितंबर को, संग्रामपुर में लगेगा कैंप

**संग्रामपुर(एनएसबी)**सप्रखण्ड क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के लिए महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। बिहार शिक्षा परियोजना, पूर्वी चंपारण की ओर से 21 प्रकार की दिव्यांगता से जुड़े 06 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के प्रमाणिकरण के लिए प्रखंडवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर 2026 को प्रखंड संसाधन केंद्र संग्रामपुर में दिव्यांगता प्रमाणिकरण शिविर आयोजित किया जाएगा।इस अभियान के तहत श्रवण निरूशक्त, ष्टिबाधित, मानसिक, अस्थि दिव्यांग तथा अन्य प्रकार की दिव्यांगता वाले बच्चों को सरकारी सुविधाओं से जोड़ने की प्रक्रिया की जाएगी। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि शिविर में आने वाले दिव्यांग बच्चों को अपने साथ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड की छायाप्रति और 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।शिक्षा विभाग ने अभिभावकों, सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से अपील की है कि निर्धारित तिथि के अनुसार पात्र बच्चों की शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि उन्हें दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के साथ सरकार द्वारा उपलब्ध अन्य सुविधाओं का लाभ दिलाया जा सके।

### सैनिकों के परिवारों का त्याग भी राष्ट्र को समर्पित : राधामोहन

### सैनिकों के माता-पिता का सम्मान

**मोतिहारी (एनएसबी)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को अरेराज स्थित राधेश्याम वाटिका में सैनिकों के माता-पिता के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने सैनिकों के माता-पिता को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सीमा पर देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के पीछे उनके माता-पिता के संस्कार और परिवार का त्याग भी जुड़ा होता है। सैनिक कठिन परिस्थितियों में देश की सुरक्षा करते हैं, जबकि उनके परिवार चिंता और प्रतीक्षा के बीच अपने दायित्व निभाते हैं। इसलिए सैनिकों के परिवारों का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हरसिद्धि विधायक ष्णनंदन पासवान, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, डिप्टी मेयर ड् लालबाबू प्रसाद, राकेश रौशन, रिंकू पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महादलित बस्ती के बच्चों में शैक्षणिक सामग्री वितरित

**मोतिहारी (एनएसबी)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत केसरिया विधानसभा क्षेत्र की दक्षिणी भवानीपुर पंचायत स्थित भवानीपुर महादलित बस्ती में सोमवार को जरूरतमंद बच्चों के बीच किताब, कलम और अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने बच्चों के बीच सामग्री वितरित की। उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शैक्षणिक सामग्री मिलने से बच्चों में उत्साह देखा गया। आयोजकों ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं में सहयोग किया जा रहा है। बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। कार्यक्रम में बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, भाजपा नेता रिंकू पाठक, वकील सहनी सहित स्थानीय नागरिक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नशे से युवाओं को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी : राधामोहन

**मोतिहारी (एनएसबी)।** नशामुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को बालगंगा स्थित एसएनएस विद्यापीठ और अरेराज के राधेश्याम वाटिका में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, कौशल विकास, रोजगार और राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इसके लिए निरंतर जनजागरूकता और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना जरूरी है। एसएनएस विद्यापीठ में झांकी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव बताए गए। अरेराज में भी युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम में हरसिद्धि विधायक ष्णनंदन पासवान, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, डिप्टी मेयर ड् लालबाबू प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यटन दिवस पर सोनपुर मंडल में रेलवे विरासत स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान

**सोनपुर (एन एसबी)** स्वच्छता ही सेवा2026 अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितंबर 2026 को पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे की विरासत एवं ऐतिहासिक परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे कलोनियों में रेलवे की थीमेटिक ब्रांडिंग कर स्वच्छता एवं पर्यटन के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। विरासत स्थलों, सार्वजनिक परिसरों, प्लेटफर्म, प्रतीक्षालय एवं आसपास के क्षेत्रों की व्यापक सफाई सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर यात्रियों, रेलकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ कलोनी तथा रेलवे धरोहरों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। मंडल प्रशासन ने सभी से स्वच्छ एवं सुंदर रेलवे परिसर बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता की अपील की। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के नेतृत्व तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

### शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई

**सोनपुर (एन एसबी)** दिनांक 28-- 9--.2026 को शाम 4रू00 बजे विधायक कार्यालय सोनपुर मे शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जिसका अध्यक्षता एवं संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह (बबलू) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद भगत सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम से किया गया।सभी लोगो ने शहीद भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, नरेश सिंह, शशिभूषण कुमार सिंह, विजय रंजन सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह, जयंत कुमार सिंह, राजन कुमार दास , मंगल राय, पवन सिंह गगन, मिर्त्युजय कुमार सिंह ,दुर्गा दास, उमेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह,राहुल सन्यासी ,नरेश राय शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उप नगर आयुक्त के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच टीम नें वार्ड नंबर 34 में किया स्थलीय निरीक्षण



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 34 में बन रहे नाला निर्माण पर लगी रोक को देखते हुए नगर आयुक्त द्वारा पांच सदस्यीय टीम का गठन कर स्थलीय निरीक्षण कराये जाने के निर्देश के आलोक सोमवार को उप नगर आयुक्त के द्वारा मुआयना किया गया। उप नगर आयुक्त मो शाहिल ने बताया कि नगर परिषद के पूर्व उप सभापति द्वारा 25 लाख रुपए की लागत से निजी जमीन पर नाला निर्माण कराये जाने का आरोप लगाए जाने के फलस्वरूप निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई थी। उसी आलोक में उप नगर आयुक्त द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से बातचीत कर पूरी जानकारी ली गई। उन्होने बताया कि 25 लाख रुपए से निर्माण कार्य कराया जाने की बात को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा 15 लाख के अंदर ही कार्य कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां कोई निजी जमीन पर कार्य नहीं हो रहा है बल्कि यहां रहने वाले 14 परिवारों द्वारा सड़क एवं नाला निर्माण के लिए 20 फीट जगह दी गई है। जिस पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सिंकु सिन्हा ने बताया कि वार्ड नंबर 34 मे जल जमाव की स्थिति काफी गंभीर है। जिसे देखते हुए नाला निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरसीडी की सड़क होने की वजह से नगर निगम द्वारा एनओसी कार्य करने हेतु मांगा गया लेकिन आईसीडी द्वारा इस सड़क के निर्माण को लेकर निविदा निकली गई है। शीघ्र ही इस सड़क का भी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड पार्षद के द्वारा पक्की एवं चैडी नाला का निर्माण कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नाला बन जाने पर दुर्गा पूजा के दौरान लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर एओ नीतीश कुमार, सिटी मैनेजर अभिसार कश्यप, जेई अजय कुमार एवं दिलीप कुमार शामिल रहें।

### पंचायत विकास दिवस पर बरियाही पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा आयोजित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के कहरा प्रखंड अंतर्गत बरियाही ग्राम पंचायत भवन मे पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा का अध्यक्षता मुखिया संगीता कुमारी के द्वारा किया गया। ग्राम सभा में पहुंचे देवतुल्य जनता माता बहनों अभिभावक युवा साथी का मुखिया की ओर से अभिनंदन किया गया। ग्राम सभा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की सरकार द्वारा निर्मित प्रतीक्षा सूची को पढ़कर सुनाया गया एवं पात्र एवं अपात्र लाभुकों का चयन किया गया।मुखिया संगीता कुमारी ने कहा कि बरियाही पंचायत मे गरीब कमजोर एवं पीड़ित लोगों को चिन्हित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याण कारी योजना का लाभ दिलाने हेतु पारदर्शी तरीके से डिजिटल सूची तैयार कर लाभूकों को सभी योजनाओ को धरातल पर उतरा जा रहा है। इस अवसर पर जिला 20 सूत्री सदस्य गणेश कुमार गौरव,उप मुखिया प्रतिनिधि,वार्ड सदस्य,पंचायत सचिव आवास सहायक स्वच्छता पर्यवेक्षक कार्यपालक सहायक, स्वच्छता कर्मी, पंचायत के सभी वार्ड से ग्राम सभा में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मुखिया प्रतिनिधि गणेश गौरव पान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। साथ ही पंचायत द्वारा बुलाये गए आमसभा में उपस्थित रहकर अपना महत्वपूर्ण सुझाव व मार्गदर्शन करने की अपील की गई।

### एमएलटी कॉलेज में 'अवेयरनेस कैम्पेन टू स्ट्रैंथेन द इंक्लूसिव केरगिविंग इकोसिस्टम इन आवर सोसाइटी' विषय पर जागरूकता रैली एवं विचार गोष्ठी का आयोजित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एमएलटी कॉलेज में सोमवार को ह्यअवेयरनेस कैम्पेन टू स्ट्रैंथेन द इंक्लूसिव केरगिविंग इकोसिस्टम इन आवर सोसाइटीह्य विषय पर जागरूकता रैली एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सुमन कुमार ने की। यह आयोजन नीति आयोग द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ह्यरीइमेजीनिंग केयर स्ट्रैटेजिस फोर इम्पावरिंग केरगिवर इन विकसित भारत/2047ह्य को केंद्र में रखकर किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी इस रिपोर्ट का मुख्य उद्देश्य देशभर में उभरती हुई देखभाल कताओं की आवश्यकताओं एवं उनके सेवाओं को अधिक व्यवस्थित, जवाबदेह एवं उत्तरदायी बनाना है। जिसमें देखभाल के काम को मान्यता देना, न्यूनतम मजदूरी तय करना और सामाजिक सुरक्षा देना, देखभाल योग्यता को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के साथ जोड़ना और अनौपचारिक देखभाल करने वालों को औपचारिक बनाना आदि प्रयास शामिल हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बलवीर कुमार झा ने अपने संबोधन में समाज के वृद्ध जन, विकलांग, दिव्यांगजन आदि किसी भी प्रकार से असमर्थ व्यक्ति के लिए संवेदनशील एवं सहायता देने हेतु अधिक से अधिक तत्पर होने की बात कही। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मयंक भार्गव ने कहा कि सेवा और संवेदना सदैव ही भारत की अपनी संस्कृति व सभ्यता की विशेषता रही है। अतः इस प्रकार के जागरूकता अभियान से समुचित देखभाल को संवर्धन एवं प्रोत्साहन मिलेगा। अंत में डॉ.अंशु ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि समाज सेवा को सामाजिक एवं आर्थिक मान्यता मिलने से इससे संबंधित संस्थागत समन्वय को मजबूत करने, पारिवारिक एवं पेशेवर देखभाल कताओं को सशक्त बनाने तथा भारत को कुशल देखभाल सेवाओं के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक व्यापक आधार प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में डॉ.वीणा, डॉ.दीप्ति, डॉ.अभिलाषा, डॉ.संयुक्ता, डॉ.अन्नु, डॉ.कौशल, डॉ.जयंत डॉ.गौतम डॉ.कोमल, डॉ.एकता, डॉ. देवदत्त डॉ हिमांशु, डॉ.मुकेश डॉ.महेश, डॉ.बेग, डॉ.राजेश आशुतोष सिंह, अमित सिंह, सौरभ, शिवम, प्रमोद, छात्र-छात्राएं एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के तेलियाहाट बाजार में सोमवार को एक फर्नीचर दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में दुकान में रखा फर्नीचर, अन्य सामान, एक मोटरसाइकिल, पंखा, मीटर समेत कई जरूरी सामान जलकर राख हो गए। अगलगी में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, तेलियाहाट बाजार निवासी रमेश शर्मा, पिता बंदेलाल शर्मा की फर्नीचर दुकान में अचानक आग लगी। प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा सामान निकालने का मौका तक नहीं मिल सका। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिए जाने से आसपास की अन्य दुकानों और मकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। अगलगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। आग से हुए वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना के बाद बाजार में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### कोशी प्रमंडल के सहायक निबंधन महानिरीक्षक ने निवंधन कार्यालय का किया निरीक्षण

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** कोशी प्रमंडल के सहायक निबंधन महानिरिक्षक जावेद अंसारी द्वारा सोमवार को निबंधन कार्यालय सोनवर्षा का औचक निरिक्षण किया। इस दौरान महानिरिक्षक ने सोनवर्षा स्थित कार्यालय में मौजूद आमजनों की शिकायत व समस्याओं को सुनते हुए निबंधक से यथाशीघ्र उसके निवारण का आदेश दिया। उन्होंने आधार भूत सुविधाएं जैसे शौचालय, स्वच्छ पेयजल एवं प्रस्तावित प्रतिक्षालय के चयनित भूमि का निरिक्षण कर निबंधक दिव्यांशु दिव्याल से यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय के संधारित अभिलेखों का निरिक्षण करते हुए असंधारित अभिलेखों को यथाशीघ्र संधारित करने का सख्त निर्देश दिया।

## तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

# जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** तीन दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन पुलिस लाइन मैदान में पटेल मैदान में और जिला स्कूल मैदान में और इंदौर स्टेडियम खेल भवन का व्यायाम शाला में एक साथ विभिन्न खेलों का जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन मैदान में दीप प्रज्वलन कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं 100 मी बालिका रेस में हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस उद्घाटन समारोह में जिला पदाधिकारी के साथ एडीएम नगर आयुक्त नगर निगम एवं ओएसडी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा पौधा और मोमेंटो देकर इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके बाद जिला खेल पदाधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल से ही हमारे जीवन में तीन प्रकार से परिवर्तन आता है जिसमें बच्चों को अनुशासन के साथ-साथ शारीरिक रूप से एवं मानसिक रूप से दक्ष बनता है इसलिए सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ नीति का भी उन्होंने जिक्र किया जिससे बच्चों में काफी खुशी देखने को मिली मुख्य आकर्षण जिलाधिकारी के द्वारा बच्चों को विभिन्न खेलों के माध्यम से जिला का नाम राज और राष्ट्र स्तर पर करने के लिए हर संभव मदद एवं खेल और खिलाड़ियों के विभिन्न योजनाओं का भी जिक्र किया गया और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी से निकले इसके लिए जिस प्रकार की इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत पड़ेगी उन सब को आगे बढ़ने का भरपूर भरपूर कम जिला प्रशासन करेगी इसका इस पर उन्होंने बोल दिया कार्यक्रम में नगर निगम पदाधिकारी एवं विभिन्न पदाधिकारी के द्वारा संबोधन किया गया और बच्चों को साहित्य किया गया जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कार्यक्रम में तकनीकी पदाधिकारी शारीरिक शिक्षा शिक्षक का भरपूर सहयोग के लिए विभिन्न पदाधिकारी के द्वारा अभिनंदन एवं उनके कामों की सराहना की गई। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी जिसमें 23 विद्या में बच्चे अपने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे जिसके आधार पर प्रतिभागी का चयन प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला खेल कार्यालय के कार्यपालक सहायक राहुल कुमार कार्यक्रम का संचालन बढ़िया शारीरिक शिक्षा शिक्षक मनोरंजन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के विभिन्न विधाओं का सफल संचालन रोशन कुमार सिंह धोनी, प्रमोद कुमार झा, शशि भूषण, समी अहमद, नीतीश मिश्रा, महेश कुमार, तुषार कात्यान, अमरिंद कुमार अमर आदि का बहुमूल्य योगदान रहा।



खिलाड़ियों को सम्मानित करते जिलाधिकार।

### बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्र का अधिकारियों ने किया दौरा

**सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)।** सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर स्थित बाढ़ प्रभावित फरकिया दियारा इलाके का सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने बाढ़ पीड़ितों की स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्यो की समीक्षा की।वरीय उप समाहर्ता सिमरन कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार , अंचलाधिकारी रवि कुमार ने संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र के साम्हरखुर्द, कबीरपुर, बेंगहा, लताही, अलानी, चिरैया, कबीरा, कामास्थान और चानन आदि गांवों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने जलजमाव और उससे उत्पन्न स्थिति को देखते हुए पीड़ितों को हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने का भरोसा दिया।बाढ़ पीड़ितों के लिए प्रशासन की ओर से कबीरपुर स्थित रामजानकी मठ में सामुदायिक किचन का संचालन किया जा रहा है। मौके पर मौजूद राजस्व कर्मचारी लालू कुमार दास और नीरज कुमार ने बताया कि किचन के माध्यम से प्रभावित लोगों को शुद्ध भोजन कराया जा रहा है। सोमवार तक लगभग 400 से अधिक लोगों को खाना खिलाया जा चुका है। अधिकारियों ने सामुदायिक किचन में साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए हैं।

**■ कबीरपुर में चल रहा सामुदायिक किचन**

### भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अभिजीत सिंह हत्याकांड की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विगत 18 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महामंत्री अभिजीत सिंह की निर्मम हत्या की घटना से भाजपा कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। आज भाजपा जिला अध्यक्ष साजन शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह कुशवाहा जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह जिला मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा युवा मोर्चा जिला महामंत्री सोचित कुशवाहा शामिल थे प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी एसपी मुख्यालय डीएसपी से मुलाकात कर आवेदन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि अभिजीत सिंह हत्याकांड की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर घटना में शामिल सभी अपराधियों एवं षड्यंत्रकारियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि इस मामले में पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा है। यदि आवश्यक हुआ तो भाजपा का प्रतिनिधिमंडल बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चैधरी से मिलकर हत्याकांड की सीबीआई जांच या उच्चस्तरीय जांच की मांग करेगा। भाजपा कार्यकताओं ने पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक हरसंभव सहयोग एवं आवाज उठाने का संकल्प लिया।



12 मांग पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य।

### नई दिल्ली में डॉ. भास्कर ज्योति को मिला वर्ष 2026 का मैसाम युवा सम्मान



सम्मान प्राप्त करते डॉ. भास्कर ज्योति।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मैथिली भाषा के युवा लेखक और बिहार मद्य निषेध सह निबंधन सेवा के अधिकारी डॉ. भास्कर ज्योति को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टीच्यूशन क्लब में आयोजित एक भव्य समारोह में वर्ष 2026 के मैसाम युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध भाषाविज्ञानी व साहित्यकार डॉ. उदय नारायण सिंह नचिकेता एवं मुख्य वक्ता समीक्षक डॉ. रमानन्द झा रमण ने भास्कर को अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र और पच्चीस हजार रुपये राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

मौके पर उनके पिता अवकाशप्राप्त प्रधानाध्यापक नृपेशचन्द्र झा भी उपस्थित रहे। मूल रूप से पूर्णिया जिले के बी. कोठी प्रखंड अंतर्गत सुखसेना निवासी भास्कर की प्रारम्भिक शिक्षा सहरसा के बुद्धा पब्लिक स्कूल और शान्ति मिशन एकेडमी से हुई है। उन्होंने नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्ध विषय में पीएच.डी. की उपाधि हासिल की है।मैथिली साहित्य महासभा द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले इस युवा सम्मान की ग्यारहवीं कड़ी में डॉ. ज्योति लिखित एवं किसुन संकल्प लोक, सुपौल द्वारा प्रकाशित यात्रा संस्मरण ह्यअथक अविरामह्ल का चयन किया गया। निर्णायक मंडल में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकारद्वय प्रदीप बिहारी, वैद्यनाथ झा सहित कल्पना झा शामिल थीं। समारोह के अवसर पर उपस्थित लेखिका कल्पना झा ने ह्यअथक अविरामह्ल की प्रशंसा की। समारोह के अवसर पर मैसाम के अध्यक्ष हेमन्त झा, महासचिव आशीष नीरज, अरुण कुमार मिश्र सहित सदस्य सुधा ठाकुर, उज्जवल कुमार झा, मंजूषा झा, निवेदिता झा, सान्वना मिश्रा, विनय ठाकुर सहित राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले साहित्यप्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. रमानन्द झा रमण ने मैथिली नाटक पर अपना व्याख्यान दिया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. नचिकेता ने पुरस्कृत लेखक भास्कर को बधाई देते हुए मैथिली नाटक के महत्वपूर्ण तथ्यों को रेखांकित किया। संचालन संजीव सिन्हा ने किया। डॉ. भास्कर ज्योति के इस महत्वपूर्ण सम्मान से सम्मानित होने पर साहित्यजगत में हर्ष का माहौल है। वरिष्ठ लेखक डॉ. सुभाष चन्द्र यादव, डॉ. महेन्द्र, केदार कानन, रामकुमार सिंह, किसलय कृष्ण, डॉ. धर्मव्रत चैधरी, डॉ. संजय वशिष्ठ, दीपिका चन्द्रा, अंजु प्रभा सहित संस्कृति मिथिला के कार्यकारी अध्यक्ष पं. तरुण झा, उपाध्यक्ष सुभाषचन्द्र झा, जी मिथिला के ब्रजनन्दन चैधरी, मिलन कुमार, सूरज कुमार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### बाढ़ की गंभीर स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर राहत व मुआवजे की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोसी नदी के जलस्तर में हुई भारी वृद्धि के कारण सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा सहित पूरे सहरसा जिले में बाढ़ की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई गांवों में बाढ़ का पानी फैलने से खेतों में लगी धान एवं अन्य खरीफ फसलें प्रभावित हुई हैं। वहीं, कच्चे मकानों के क्षतिग्रस्त होने, सड़कों का संपर्क बाधित होने तथा घरों में पानी प्रवेश करने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

इस विषम परिस्थिति को देखते हुए आज बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी जी, बिहार सरकार केकृषि मंत्री जी, आपदा मंत्री जी एवं सहरसा जिला प्रशासन को पत्र लिखकर सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा सहित संपूर्ण सहरसा जिले को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आग्रह किया है। साथ ही, बाढ़ से हुई फसल एवं संपत्ति की क्षति का शीघ्र सर्वेक्षण एवं आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा, प्रभावित परिवारों को अनुग्रह अनुदान तथा भोजन, पेयजल, दवा, पशुचारा एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। संकट की इस घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा हूं। प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता एवं राहत दिलाने के लिए प्रशासन के साथ लगातार समन्वय एवं आवश्यक पहल जारी रहेगी।



सिमरी बख्तियारपुर विधायक।

### भारत माँ के वीर सपूत सरदार भगत सिंह जी के जयंती पर रौशन माधव ने वितरण की उनकी संक्षिप्त जीवनी



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारत मां के वीर सपूत सरदार भगत सिंह के जयंती पर युवा समाजसेवी रौशन माधव ने वीर शहीद को नमन करते हुए लोगो के बीच में जगरूकता करते हुए वीर शहीद भगत सिंह का संक्षिप्त जीवनी वितरण किये। उन्होंने प्रशासनिक सेवा मे योगदान देने वाले चैक चैराहा और थाने में बैठे हुए पुलिस पदाधिकारीयों को कलम और भगत सिंह जी की संक्षिप्त जीवनी वितरण कर उन्हें पढ़ने और उनकी विचार को अपने जीवन मे उतारने की आग्रह की। निजी शिक्षक संस्थान मे भी बच्चों के बीच वितरण कर बच्चों को कहा की आज हम लोग अपने वीर सपूतों को भूलते जा रहे है जो काफी दुखद है । शहर में भगत सिंह के नाम पर कोई कार्यक्रम नही होने पर उन्होंने चिंता जताया।आज उन क्रतिकारीयों को याद करने की जरूरत है, और उनके आदर्श पर चल कर देश की सेवा करनी चाहिए ।एडुकर्व शिक्षा संस्थान में बच्चों के बीच भी सरदार भगत सिंह के संक्षिप्त जीवनी वितरण की गई । इस कार्यक्रम में साथ देने वाले अनंत झा, टिंकू मैथिल, अंशु मिश्रा,का भी आभार व्यक्त किया।

### मुख्य चुनाव आयुक्त व प्रधानमंत्री के खिलाफ कांगेसजनों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार जिला कॉंग्रेस द्वारा लोकतन्त्र का हत्यारा मुख्य चुनाव आयुक्त और प्रधानमंत्री का विरोध-प्रर्दशन करते हुये दोनों का पुतला दहन स्थानीय जिला समाहरणालय के इंदिरा गाँधी चैक पर कॉंग्रेसजनों ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मुकेश कुमार झा ने कहा कि विश्व में भारत एक ऐसा देश है जहाँ लोकतंत्र का रखवाला चुनाव आयोग ही वोट चोरी कर भारत जेसे प्रजा तंत्र देश को बदनाम कर रहा है और सत्ता धारी दल भाजपा के पक्ष में एक तरफा काम कर रहा है स ?ह सर्व विदित है कि मोदी को देश मे वोट नहीं है लेकिन चुनाव आयोग की मिली भगत से हर राज्य में पेसे बांट कर वोट खरीद कर जीत जाता है स चुनाव आयोग मोदी और भाजपा का कठपुतली है जहाँ नचाता है वहाँ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार नाचता है स मोदी और ज्ञानेश कुमार की सब काल गुजारी का पदार्फाश हो गया है और कॉंग्रेस इसके बेईमानी का हिसाब लेगी स आज के प्रदर्शन में-प्रदेश उपाध्यक्ष मों मजनूं हैदर कैश,मो नईम उद्दीन, कुमार हीरा प्रभाकर, मनोज कुमार मिश्र, सत्य नारायण चैपाल, कुमोद कुमार सिंह, मधु कांत चैधरी, शोभा कांत झा, शहरोज आलम, शाकीर हुसेन,तावीश मेहर ,बेधनाथ झा, डा फिरोज आलम, जवाहर झा, प्रखंड अध्यक्ष नवीन शंकर झा, राम शरण कुमार, संजय कुमार सिंह, गमन कुमार सिह, अशोक यादव, नागेंद्र पासवान, बीरेन्द्र पासवान, पंकज कुमार सिंह, गौतम सागर, भरत झा, खाजा, प्रदेश सचिव मनोज पासवान, अख्तर सिद्दीकी, अफसर राहिन, प्रतिभा सिंह डोली, अफताफ आरीफ, आशीष कुमार, मोनाजीर आलम, सलील चैधरी, अवीनाश कुमार गोलू, अरविन्द पासवान, बबलू पासवान, मो हाशीम आलम, दीप नारायण यादव, अजय यादव, उदय कुमार महतो, शिव शंकर खां, दीपक ठाकुर आदि मौजूद थे।



विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी : पर्यवेक्षक

**महेशखूंट।** स्वस्थ रहने के लिए मनुष्य को स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। स्वच्छ जगहों पर भगवान की वास होता है। पंचायत को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में आप सभी की सहयोग की जरूरत है। यह बातें समसपुर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक गणेश कुमार ने जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम में कहीं । लोगों से चार रंग की डस्टबिन में विभिन्न तरह के कचड़ा डालने की गुर सिखाया। उन्होंने ऐ भी कहा की घर के आस पास गी नहीं फैंके तथा दुसरे को भी नहीं फेंकने दें। गी से कई तरह के संक्रमण बिमारी होने की खतरा रहता है। गोछारी के स्वच्छता पर्यवेक्षक राजाराम कुमार ने जलजमाव,किचड़ युक्त जगहों पर स्वच्छता कर्मीओं के द्वारा ब्लीचिंग पाउडर तथा चुना का छिड़काव कराया। उन्होंने कहा की पाउडर की छिड़काव से मच्छर तथा कीड़े से लोगों का बचाव होगा। बन्नी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक दुलारचंद कुमार ने सार्वजनिक तथा धार्मिक स्थानों को साफ सफाई कराया। प्रखंड समन्वयक सन्नी कुमार ने बताया की दो अक्टूबर तक चलने बाली स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में कई गतिविधियां करनी है। सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को पंचायत में गतिविधियां करने की आदेश दिया गया है।

### माली टोला में सड़क किनारे कचरे का अंबार लोगों को परेशानी

**गोगरी।** गोगरी नगर परिषद क्षेत्र के माली टोला में सड़क किनारे कचरे का अंबार लगा हुआ है। इसी रास्ते से आसपास के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सड़क किनारे जमा कचरे से उठ रही दुर्गंध के कारण विद्यार्थियों को नाक पर रुमाल रखकर गुजरना पड़ रहा है। इससे स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है। बताया जाता है कि नगर परिषद के कुछ स्वच्छताकर्मी हड़ताल पर हैं, जबकि कुछ कर्मियों द्वारा सफाई कार्य किया जा रहा है। इसके बावजूद सड़क किनारे बड़ी मात्रा में कचरा जमा होना नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द कचरा हटाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में स्वच्छता पदाधिकारी सुमन कुमार ने बताया कि हड़ताल पर गए स्वच्छताकर्मी भी काम पर लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर जमा कचरे को साफ करा दिया जाएगा और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

### पानी निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**बेलदौर।** बारिश के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया। इस संबंध में बेलदौर थाना क्षेत्र के कुर्बन गांव निवासी विशो ठाकुर के 41 वर्षीय पुत्र किशोर ठाकुर ने बेलदौर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में पीड़ित ने उल्लेख किया है कि गांव के ही 29 वर्षीय गणेश ठाकुर अपने परिजनों के साथ मिलकर उनके घर की तरफ से बारिश का पानी बहा रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने एकजुट होकर उनके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उनका सिर फट गया। जब उनकी पत्नी बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी हाथापाई की और गले से मंगलसूत्र छीन लिया। पीड़ित ने आरोपियों को दबंग प्रवृत्ति का बताया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नौ किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस ने नौ किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति एवं एक विधि निरूद्ध बालिका को गिरफ्तार कियाहै। पुलिस ने इस क्रम में गिफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल भी जब्त किया है। आरोपी का पहचान मानसी थाना के खुटिया गांव निवासी देवनारायण उर्फ देवन यादव के पुत्र मनोहर यादव के रूप मे की गई है। इस संबंध में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इसके अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई अभिषेक कुमार को सौंप दी है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने माली गांव में रविवार के संध्या में सघन वाहन चेकिंग अभियान के तहत उक्त आरोपी को उक्त प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ एक यात्री वाहन से गिरफ्तार किया। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व थाना में पदस्थापित दरोगा आलमगीर ने किया।मालूम हो कि डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने गुप्त सूचना के आधार पर बेलदौर पुलिस के द्वारा टीम गठित किया गया टीम के द्वारा 9 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

# बागमती-कोसी के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट : डीएम



डीएम व अन्य।

**खगड़िया (डीएनएस)।** बागमती और कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावित स्थिति से निबटने की तैयारी तेज कर दी है। प्रभावित इलाकों में आवागमन और आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नावों का परिचालन बढ़ाया गया है। प्रशासन की ओर से 28 सितंबर से अलौली और मानसी प्रखंड में तीन-तीन अतिरिक्त नावों का परिचालन शुरू किया गया है। पहले से चल रही नावों को मिलाकर जिले में अब कुल 10 नावों से आवागमन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस संबंध में जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने कहा कि बागमती नदी का जलस्तर 37.40 मीटर है, जो उच्चतम बाढ़ स्तर (एचएफएल) से 1.53 मीटर नीचे है। वहीं कोसी नदी का जलस्तर 35.24 मीटर है, जो एचएफएल से 1.16 मीटर नीचे है। पिछले 12 घंटे में बागमती के जलस्तर में 18 सेंटीमीटर तथा कोसी के जलस्तर में 14 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गयी है। हालांकि, दोनों नदियों के जलस्तर में वृद्धि की दर कम है। इसके बावजूद प्रशासन संभावित प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर रख रहा है। बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रभावित और संभावित प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। सभी संभावित बाढ़ प्रभावित पंचायतों में संध्या चौपाल आयोजित कर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी लेकर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। तटबंधों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। गर्भवती महिलाओं, विशेषकर प्रसव के करीब पहुंच चुकी महिलाओं से संपर्क कर उन्हें जरूरत पड़ने पर सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्रतिदिन सभी संबंधित सदस्यों से संपर्क कर बाढ़ की स्थिति और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली जा रही है।राहत एवं भोजन व्यवस्था के लिए अलौली प्रखंड में 28 सामुदायिक रसोई केंद्र और चार राहत शिविर, चौथम में 18 सामुदायिक रसोई केंद्र व दो राहत शिविर तथा बेलदौर में 20 सामुदायिक रसोई केंद्र और एक राहत शिविर चिति किये गये हैं। प्रशासन के अनुसार सभी चिति सामुदायिक रसोई केंद्रों और राहत शिविरों का स्थल सत्यापन पूरा कर लिया गया है। पशुओं की सुरक्षा और राहत व्यवस्था के लिए अलौली में आठ, बेलदौर में चार और चौथम प्रखंड में पांच पशु राहत शिविर चिति किये गये हैं। जिले के सभी तटबंधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। संबंधित अभियंताओं और तटबंध रक्षकों द्वारा 24 घंटे गश्ती और निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की क्षति अथवा संभावित समस्या की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि बाढ़ की संभावित स्थिति से निबटने के लिए पूर्व तैयारी, सतत निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित राहत व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है नागरिकों की सुरक्षा, पशुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर उपलब्धता और प्रभावित क्षेत्रों तक समय पर आवश्यक सहायता पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। परिस्थिति के अनुसार आवश्यक कदम तत्परता से उठाये जा रहे हैं। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त श्रेया श्री समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## फूड प्वाइजनिंग मामले में दुकान सील, जांच रिपोर्ट का इंतजार

**चौथम।** थाना क्षेत्र के हरदिया पुनर्वास गांव में एक ही परिवार के आठ सदस्यों के फूड प्वाइजनिंग से बीमार पड़ने और इलाज के दौरान एक महिला की मौत के मामले में सोमवार को जांच टीम सक्रिय हुई। भागलपुर से पहुंची फरेंसिक टीम और खाद्य विभाग के अधिकारी राकेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से पूरे मामले की जानकारी ली। जांच के दौरान टीम ने गांव स्थित रविंद्र शाह की किराना दुकान से आटा, सूजी, मैदा सहित कई खाद्य पदार्थो के नमूने लिए। नमूने जांच के लिए भेजे जाने के बाद दुकान को फिलहाल सील कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आखिर खाद्य पदार्थो में किसी तरह की मिलावट या अन्य कारण से परिवार के सदस्य बीमार हुए थे। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, पीड़ित परिवार ने स्थानीय किराना दुकान से पूरी-पकवान बनाने के लिए आवश्यक सामग्री खरीदी थी। इनमें मीठा सोडा भी शामिल था। परिजनों का कहना है कि पकवान बनाने के दौरान मीठा सोडा का इस्तेमाल किया गया, जिसके बाद परिवार के कई सदस्य अचानक बीमार पड़ गए। बीमार सभी लोगों का प्रारंभिक इलाज चौथम सीएचसी में कराया गया। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान स्वर्गीय जनार्दन यादव की पत्नी मंकी देवी की मौत हो गई। घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए फरेंसिक विभाग और खाद्य विभाग की टीम ने दुकान तथा पीड़ित परिवार से खाद्य पदार्थो के नमूने एकत्र किए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर ही फूड प्वाइजनिंग के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा।मौके पर चौथम थाना के सी़ संतोष कुमार सहित पुलिस बल भी मौजूद रहा। दुकान सील किए जाने के बाद ग्रामीणों की नजर अब जांच रिपोर्ट पर टिकी है।



-दुकान पर लोगों की भीड़।

## अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के बघरा घाट से कपासिया जाने वाली सड़क के किनारे पानी में तैरता एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को एक बोरे में बंद करके फेंका गया था। जानकारी के अनुसार सोमवार के सुबह बघरा गांव के कुछ युवक जब शौच के लिए निकले तो उन्होंने पानी में एक संदिग्ध बोरा तैरते देखा। ग्रामीणों ने जब बोरे को बाहर निकालकर खोला तो उसमें से एक युवती का शव बरामद हुआ। मृतका की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है



घटनास्थल पर पुलिस व अन्य।

और उसका रंग गेहुआं है। उसने हल्के पीले रंग का सूट और नीली जींस पहन रखी थी। घटना की सूचना तुरंत बेलदौर थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि युवती की हत्या किसी अन्य स्थान पर कर साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को यहां सुनसान जगह पर लाकर फेंका गया है।मामले की जानकारी देते हुए गोगरी डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर और बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है और मामले की हर पहलू से गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। मौके पर एसआई राहुल कुमार, पंकज कुमार समेत पुलिस बल मौजूद थे।

## खगड़िया के मानव ने लहराया लखीसराय में परचम

**खगड़िया।** लखीसराय जिला शतरंज संघ की ओर से आयोजित लखीसराय शतरंज कप अन्डर 15 का आयोजन 27 सितंबर को एक स्थानीय स्कुल में किया गया था, जिसमे खगड़िया के षतरंज खिलाड़ी मानव कुमार और लक्ष्य राज ने भी भाग लिया था। इस प्रतियोगिता मे कुल छह जिले के 34 खिलाड़ियों ने अपना-अपना दांव चला। जिसमे कि मानव ने तीन रेटेड और तीन अनरेटेड खिलाड़ी को हराकर चौम्पियन बना। लक्ष्य राज ने चौथा स्थान प्राप्त किया। आयोजक ने दोनों खिलाड़ी को ट्रफी देकर सम्मानित किया। उक्त बातें नशा मुक्त भारत के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत ने बताया है। यशवंत ने आगे बताया कि मानव और लक्ष्य राज एक होनहार खिलाड़ी है। मानव ने तो नशा मुक्त भारत के द्वारा आयोजित निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता मे दर्जनो बार खेलकर अपने शतरंज के मारक क्षमता को मजबूत बनाया है। मानव के इस जीत पर अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी केशव कुमार यशवंत, माधव कुमार यशवंत, अमरनाथ गुप्ता, जे के जवाहर, हर्षवर्धन राज, मनोज कुमार राय, शुभम कुमार, तन्नु कुमारी, प्रशांत कुमार सिंह, समाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार, कुमारी रेणु, नितिन कुमार चुन्नु ने बधाई दिया है।

## विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज हटाने के फैसले को त्योहारों तक टालने की मुख्यमंत्री से की मांग

**खगड़िया।** सांसद राजेश वर्मा ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज हटाने और स्थायी निर्माण कार्य शुरू करने की योजना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि 30 सितंबर की रात से आवागमन बंद करने और 1 अक्टूबर से बेली ब्रिज हटाने का निर्णय, आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए आम जनमानस के लिए अत्यंत कष्टदायी साबित हो सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन त्योहारों के दौरान खगड़िया, कटिहार, कुरसेला, नवगछिया आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छोटे व्यापारी फल, सब्जी, कपड़े और अन्य सामग्रियों के व्यवसाय व खरीदारी के लिए लगातार आवागमन करते हैं। सेतु के बंद होने से न केवल आम यात्रियों बल्कि इन व्यापारियों की आजीविका पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा। सांसद वर्मा ने मुख्यमंत्री का ध्यान इस महत्वपूर्ण तथ्य की ओर भी आष्ट किया कि गंगा नदी का जलस्तर अभी भी पूरी तरह कम नहीं हुआ है। ऐसी परिस्थिति में लोगों का नाव से आवागमन करना उनके जीवन के लिए अत्यंत खतरनाक हो सकता है। जनहित और पर्व-त्योहारों की संवेदनशीलता को सर्वोपरि रखते हुए, सांसद राजेश वर्मा ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज हटाने और स्थायी निर्माण कार्य की शुरुआत कम से कम दुर्गा पूजा के बाद कराने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए।

# निशांत कुमार बिहार में नई राजनीति की परिभाषा लिखेंगे : ई शुभानंद मुकेश



ई शुभानंद मुकेश।

**खगड़िया (डीएनएस)।** जिला अतिथि गृह के सभागार में जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ की समीक्षात्मक बैठक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनय सिंह रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मौके पर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष द्वारा आगत अतिथियों का अंग वस्त्र, माला एवं बुके भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया।मुख्य अतिथि जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह कहलगांव विधायक ई शुभानंद मुकेश ने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों से बारी-बारी से फीडबैक लिया। ई शुभानंद मुकेश ने कहा कि असंगठित, संगठित एवं प्रवासी मजदूरों तथा तकनीशियनों को पार्टी से जोड़कर संगठन को सशक्त और प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के बड़ी संख्या में श्रमिक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कोलकाता सहित विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं। इन राज्यों में बिहारी श्रमिकों का मजबूत संगठन तैयार कर बड़े सेमिनार आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि श्रमिकों के उचित मेहनताने और सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को प्रस्ताव भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि जदयू गरीबों, पिछड़ों, दलित-महादलितों, शोषितों और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने वाली पार्टी है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए विकास कार्य अनुकरणीय हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार बिहार के भविष्य हैं और उनमें नीतीश कुमार जैसी नेतृत्व क्षमता है। वे बिहार में नई राजनीति की परिभाषा लिखेंगे। जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। सदर विधायक सह जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा श्रमिक-तकनीशियन संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश सचिव नीलम वर्मा, जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल व धर्मेंद्र महतो, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी मंटून, सदर प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, मानसी प्रखंड अध्यक्ष राजनीति प्रसाद सिंह, चौथम प्रखंड अध्यक्ष अशोक राय, गोगरी प्रखंड अध्यक्ष मायाराम मंडल, राजवर्धन कुशवाहा, इम्तियाज आलम, ड रवि, संतोष कुमार सिंह,बिक्रम शर्मा,विकास यादव, शम्भू यादव, रंजन सदा, पप्पू कुमार, स्वतंत्र कुमार, सुशांत कुमार,विपिन कुमार, मीरा देवी सहित श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अभियान बसेरा को लेकर शिविर में उमड़ी भीड़

**चौथम।** चौथम अंचल कार्यालय सहित सभी पंचायतों में अभियान बसेरा के तहत राजस्व महाअभियान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 23 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमिहीन एवं आवासविहीन परिवारों को चिन्हित कर सरकारी प्रावधानों के तहत उन्हें आवासीय भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। अभियान के तहत पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे शिविरों में भूमिहीन और आवास से वंचित परिवारों से आवेदन लिए जा रहे हैं। ऐसे गरीब परिवार, जिनके पास रहने के लिए अपनी जमीन नहीं है, निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन देकर सरकारी सुविधा का लाभ लेने के लिए अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। चौथम के अंचलाधिकारी रवि राज ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से भूमिहीन परिवारों को बसाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों से बासगीत पर्चा उपलब्ध कराने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं, ताकि सरकारी प्रावधानों के अनुरूप उन्हें आवासीय भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई की जा सके। शिविर के माध्यम से पात्र लाभुकों को चिन्हित कर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर में आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में महिलाओं की संख्या काफी अधिक रही। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ अंचल कार्यालय पहुंचीं और योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किया। आवेदकों की भीड़ के कारण कुछ समय के लिए कार्यालय परिसर में काफी गहमागहमी का माहौल बना रहा। हालांकि, कर्मचारियों एवं कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आवेदकों के आवेदन जमा किए और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। शिविर की मनिटरिंग कर रहे राजस्व अधिकारी प्रमोद प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत अब तक काफी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन जमा करने वाले लाभुकों को प्राप्ति रसीद भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उनके पास आवेदन जमा करने का प्रमाण और उसकी प्रक्रिया से संबंधित रिकर्ड उपलब्ध रहे। अधिकारियों के अनुसार, शिविर में प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र लाभुकों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के दौरान आवेदक की भूमि एवं आवास संबंधी स्थिति की जांच की जाएगी। इसके बाद सरकारी नियमों एवं निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप पात्र पाए जाने वाले परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### जन समाधान में 15 मामलों की सुनवाई, निष्पादन के निर्देश

**खगड़िया।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जन समाधान कार्यक्रम आयोजित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा उनके समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का 'समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन' सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जन समाधान कार्यक्रम में कुल 15 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें 'भूमि सुधार उप समाहर्ता, खगड़िया, अंचल अधिकारी, खगड़िया, अनुमंडल पदाधिकारी, गोगरी, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, राजस्व शाखा, अंचल अधिकारी, चौथम, अंचल अधिकारी, परबत्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता तथा स्थापना उप समाहर्ता' से संबंधित मामले शामिल थे। सभी मामलों पर विस्तृत सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें शीघ्र जांच कराकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समाधान में 'पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता' बनाए रखना सभी संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है।

### अग्निपीड़ित परिवारों के बीच बांटी गई पॉलीथिन शीट




पोलीथिन सीट वितरण करते सरकारी कर्मी।

**चौथम।** थाना क्षेत्र की तेलौंछ पंचायत स्थित झीलोरिया मुसहरी में बीते दिनों हुई भीषण अगलगी के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचानी शुरू कर दी है। सोमवार को अंचल राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर अगिपीड़ित परिवारों के बीच पलीथिन शीट का वितरण किया। इस संबंध में अंचलाधिकारी रविराज ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली सहायता राशि भी बुधवार तक सभी अगिपीड़ित परिवारों के बीच वितरित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को नियमानुसार हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि झीलोरिया मुसहरी के अनुसूचित टोले में बीते दिनों अचानक आग लगने से सात परिवारों के घर जलकर पूरी तरह राख हो गए थे। अगलगी में घरों में रखा अनाज, कपड़े, बिछावन, चौकी, सोने-खाने का सामान समेत घरेलू उपयोग की लगभग सभी वस्तुएं जलकर नष्ट हो गई थीं। घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रहने और खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया था। अगलगी से प्रभावित परिवारों में छेदी सदा, रामचंद्र सदा, पिंटू सदा, मंगल सदा, भूटो सदा, इंदल सदा और संजय सदा के नाम बताए गए हैं। प्रशासन की ओर से राहत सामग्री के साथ-साथ आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की पहल से पीड़ित परिवारों को आगे की जिंदगी पटरी पर लाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोकामा में सियासी विरासत की नई तस्वीर, युवाओं की सक्रियता से बढ़ी चुनावी हलचल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा की राजनीति में एक बार फिर नए चेहरों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह के पुत्र रामप्रवेश सिंह की हत्या के बाद मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देने और पूर्व सांसद सूरजभान सिंह के पुत्र द्वारा मृतक परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में दोनों युवाओं की सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। गौरतलब है कि मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह पूर्व में मोकामा की राजनीतिक बागडोर युवाओं के हाथों में सौंपने की बात कह चुके हैं। इसके बाद से ही उनके राजनीतिक भविष्य और अगली पीढ़ी की भूमिका को लेकर अटकलें लगती रही हैं। अब आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी नए चेहरों के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। हालांकि, अनंत कुमार सिंह के पुत्र अथवा सूरजभान सिंह के पुत्र के चुनाव लड़ने की कोई आधिकारिक घोषणा अब तक सामने नहीं आई है। ऐसे में फिलहाल इसे राजनीतिक गलियारों में चल रही चर्चाओं और संभावनाओं के रूप में ही देखा जा रहा है। मोकामा में दोनों परिवारों की राजनीतिक विरासत और युवाओं की सक्रियता को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

### मध्य विद्यालय राणा विगहा में भगत सिंह की 119वीं जयंती मनाई गई

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मध्य विद्यालय राणा विगहा में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 119वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। विद्यालय परिवार ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके त्याग, साहस और देश के प्रति समर्पण को याद किया। कार्यक्रम में प्रवेंद्र कुमार, अमृता कुमारी, ममता कुमारी, सौरव जाना, मो़ सानी, शंकर आनंद, राधा रानी, रसोइया अंजिला देवी, टुसो देवी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को भगत सिंह के जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान की जानकारी दी। बताया गया कि भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को हुआ था और वर्ष 2026 में उनकी 119वीं जयंती मनाई जा रही है। 23 मार्च 1931 को राजगुरु और सुखदेव के साथ उन्हें फांसी दी गई थी। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों से भगत सिंह के साहस, अध्ययनशीलता और देशसेवा की भावना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### एमएलसी चुनाव में राजद की जीत का दावा, कार्तिक सिंह बोलेमेरे सामने कोई भी आए, जीत तय

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व कानून मंत्री एवं विधान पार्षद कार्तिकेय सिंह उर्फ मास्टर साहब ने आगामी विधान परिषद चुनाव में राजद की जीत का दावा करते हुए कहा कि चुनाव में उनके सामने कोई भी प्रत्याशी आए, जीत उनकी पक्की है। उन्होंने मोकामा के विकास पर जोर देते हुए कहा कि पहले क्षेत्र का विकास होना चाहिए, उसके बाद ही किसी अन्य मुद्दे पर बात होनी चाहिए।राजनीति में वंशवाद के सवाल पर कार्तिकेय सिंह ने कहा कि नेता का बेटा नेता नहीं बनेगा तो क्या बनेगा अनंत सिंह के बेटे हों या सूरजभान सिंह के बेटे, राजनीति में आने से किसी को रोका नहीं जा सकता। हालांकि, जनता के बीच जाकर उनका विश्वास हासिल करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरासत के साथ जनसमर्थन और जनता के प्रति जवाबदेही भी महत्वपूर्ण है। पूर्व मंत्री के इस बयान से मोकामा की राजनीति और आगामी चुनाव को लेकर सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### कॉलेज परिसर को हरा-भरा बनाने की पहल, प्राचार्य ने छळ८ के साथ की बैठक

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अनुग्रह नारायण सिंह कलेज परिसर को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में प्राचार्य ने छळ० प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कलेज परिसर में पौधारोपण, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में परिसर को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने के लिए सामूहिक प्रयास पर जोर दिया गया। प्राचार्य ने कहा कि हरित परिसर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# रेल कॉलोनियों में अब सेहत की नई सुबह, ओपन जिम बना आकर्षण

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जमालपुर की रेल कलोनियों में रहने वाले रेलकर्मियों और उनके परिवारों के लिए अच्छी पहल की गई है। मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल की पहल पर रेलकर्मियों और उनके आश्रितों की मांग को देखते हुए तीनों रेल कलोनियों में ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल,डीन प्रेम प्रकाश, ईरवो अध्यक्ष अनीता वर्णवाल सहित रेल प्रशासन के अधिकारियों की मौजूी में ओपन जिम का उद्घाटन किया गया।ओपन जिम शुरू होने के बाद रेल कलोनियों का माहौल भी बदला-बदला नजर आने लगा है। सुबह की हल्की धूप और शाम की ठंडी हवा के बीच रेलकर्मी, उनके बच्चे और बुजुर्ग जिम में लगे उपकरणों पर व्यायाम करते दिखाई दे रहे हैं। खासकर नियमित रूप से स्वास्थ्य लाभ लेने वाले लोगों के लिए कलोनी परिसर में ही व्यायाम की सुविधा मिलने से उत्साह बढ़ा है।कलोनी के लोगों का कहना है कि पहले व्यायाम के लिए अलग से



ओपन जिम का उद्घाटन करते सीडब्ल्यूएम सहित अन्य।

बाहर जाना पड़ता था। अब घर के आसपास ही आधुनिक उपकरणों पर कसरत की सुविधा मिलने से समय की बचत के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। बच्चों और युवाओं में भी ओपन जिम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा कि रेल प्रशासन का उद्देश्य केवल रेल कारखाने और रेलवे का विकास करना नहीं, बल्कि रेलकर्मियों और उनके परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना भी है। स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने रेल परिवारों से कलोनी को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग की अपील की। मौके पर,डिप्टी अभ्युदय, राजीव कुमार, प्रीतम कुमार, बीपीके मिंस, सौरभ कुमार, अभिनव कुमार, रवि राजपूत, अभिषेक कुमार, राजीव कुमार, चंद्रशेखर चौधरी, सनातन कुमार,संतोष कुमार,लाल साहब़ डाइ देवेंदु दास सहित कई अधिकारी कर्मचारी यूनियन नेता मौजूद थे।

## आवारा पशुओं के खिलाफ नगर परिषद का धर-पकड़ अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)।** सड़क पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं के खिलाफ नगर परिषद जमालपुर ने धर-पकड़ अभियान शुरू किया है। सोमवार को अभियान के पहले दिन मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग एवं जुबली बेल चौक के आसपास कार्रवाई करते हुए तीन आवारा पशुओं को पकड़कर काली पहाड़ी स्थित एमआरएफ सेंटर भेजा गया।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने बताया कि शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमने से राहगीरों को परेशानी हो रही थी। कई बार पशुओं के कारण राहगीरों के चोटिल होने की शिकायत जनता और जनप्रतिनिधियों की ओर से मिल रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद की ओर से धर-पकड़ अभियान शुरू किया गया है।उन्होंने बताया कि अभियान शुरू करने से पूर्व शहर में माइकिंग कर पशुपालकों को अपने पशुओं को सड़क पर खुला नहीं छोड़ने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद सड़क पर घूमते मिले पशुओं को पकड़कर एमआरएफ सेंटर भेजा जा रहा है। साथ ही संबंधित पशुपालकों की पहचान होने पर नियमानुसार जुर्माना की कार्रवाई भी की जाएगी।कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नगर परिषद के स्वास्थ्य प्रबंधक सत्यनारायण मंडल एवं निरीक्षक रवीश कुमार रवि की देखरेख में आठ सदस्यीय टीम अभियान में शामिल रही। टीम में शंभू हारी, आलोक कुमार, पप्पू मंडल, मन्नू रावत, शेखर कुमार सहित सफाई कर्मी शामिल थे। नगर परिषद की कार्रवाई से सड़क पर आवारा पशु छोड़ने वाले पशुपालकों में हड़कंप है।


पशुओं को घर पकड़ करते नगर परिषद कर्मचारी।

## स्वच्छता अभियान में यात्रियों को किया जागरूक

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे की ओर से 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत जमालपुर स्टेशन पर सोमवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्म पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान यात्रियों से स्टेशन परिसर में यत्र-तत्र कूड़ा-कचरा नहीं फेंकने की अपील की गई।स्वास्थ्य निरीक्षक ने यात्रियों को जागरूकता पर्चा वितरित कर स्वच्छता बनाए रखने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्टेशन और रेल परिसर को साफ रखने की जिम्मेदारी केवल सफाई कर्मियों की नहीं, बल्कि प्रत्येक यात्री की भी है। यात्रियों


यात्रियों को जागरुक करते सीएचआई।

से खाद्य सामग्री के पैकेट, प्लास्टिक, बोतल एवं अन्य कचरे को इधर-उधर नहीं फेंककर निर्धारित डस्टबिन में डालने की अपील की गई।अभियान के दौरान यात्रियों को कूड़ा-कचरा फैलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों की जागरूकता से ही रेलवे परिसर को साफ-सुथरा रखा जा सकता है। यात्रियों ने भी अभियान में सहयोग करने का भरोसा दिलाया।विदित हो कि मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश पर रेल परिसर में स्वच्छता को लेकर लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान स्टेशन के सफाई कर्मी भी मौजूद रहे और यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में सहयोग किया।

## रोको-टोको अभियान में एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान, 16 हजार जुर्माना

**जमालपुर (मुंगेर)।** पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर जमालपुर पुलिस ने सोमवार की देर शाम मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग पर रोको-टोको अभियान चलाया। थाना


रोको टोको अभियान चलाते जमालपुर पुलिस।

अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क से गुजरने वाले दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चालकों का चालान काटा गया। विभिन्न मामलों में वाहन चालकों से करीब 16 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, जांच के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले कुछ लोगों के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस टीम ने देर रात तक मुख्य मार्ग पर वाहनों को रोककर कागजात, चालक की स्थिति और यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील की।अभियान में एसआई सुजीत कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, पीएसआई राहुल कुमार, विकास कुमार, लक्ष्मी नारायण सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आरपीएफ ने चलाया स्पेशल अभियान, 11 लोगों पर जुर्माना

**जमालपुर (मुंगेर) ।** जमालपुर स्टेशन परिसर में रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने सोमवार को विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर अनाधित रूप से प्रवेश करने तथा अवैध पार्किंग करने वालों की जांच की गई।इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि आरपीएफ की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पहले यात्रियों और आम लोगों को रेलवे नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि स्टेशन परिसर में अनधित प्रवेश और अवैध पार्किंग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अभियान के दौरान प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में आरपीएफ जवानों की सक्रियता बढ़ी रही। अचानक हुई कार्रवाई से बिना टिकट स्टेशन परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के बीच अफरातफरी की स्थिति बनी रही। आरपीएफ टीम ने लोगों को भविष्य में नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी।अभियान में एसआई भवेश कुमार, एएसआई समीर दास, हेड कांस्टेबल एस़ विश्वास, कांस्टेबल एसके निराला, अनुज यादव, गीता जाट, प्रतिभा कुमारी, पूजा रणवा सहित आरपीएफ के कई जवान मौजूद थे। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन परिसर में सुरक्षा एवं यात्री सुविधा को लेकर इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# दुर्गापूजा में शांति और भाईचारे को लेकर प्रशासन अलर्ट

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर आदर्श थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर के गण्यमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। बैठक में दुर्गापूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, बिजली, सड़क सहित शहर की विभिन्न समस्याओं और आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कहा कि दुर्गापूजा को लेकर पुलिस प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही पूजा आयोजन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा


शांति समिति की बैठक करते थानाध्यक्ष।

कि पर्व के दौरान सर्वधर्म समभाव और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को आम लोगों और पूजा समितियों का सहयोग आवश्यक है। सर्किल इंस्पेक्टर शिव अमित प्रकाश कौशिक ने कहा कि पूजा के दौरान शहर में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल कायम रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम और बिजली विभाग के जेई रामकिशोर कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी पूजा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शहर की प्रमुख समस्याओं को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। बिजली आपूर्ति, जर्जर सड़क, जलजमाव और पूजा स्थलों के आसपास आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग उठाई गई।बैठक में महंत ड़ मनोहर दास, बादल सिंह, राजीव नायक, बिट्टू सरदार, प्रमोद पासवान, सुरेश मंडल, मुनाजिर हसन, मोहम्मद रिजवान, गोपाल शर्मा, मुकेश शर्मा, राकेश कुमार, बृजमोहन, भवेश चौधरी, बजरंगी, दीपक सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनियंत्रित पिकअप वैन तालाब में गिरी, बाल-बाल बचे लोग

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारी बीघा टोल प्लाजा के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित पिकअप वैन सड़क किनारे स्थित तालाब में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात है कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों की मदद से वाहन को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। घटना के कारणों की जानकारी तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की 18वीं वर्षगांठ संकल्प दिवस के रूप में मनायी गई

**सोनपुर (एनएसबी)** विदर्भ, महाराष्ट्र, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की 18वीं वर्षगांठ के अवसर पर विदर्भ, महाराष्ट्र इकाई के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की उपलब्धियों और पत्रकार हितों के लिए किए जा रहे कार्यों को याद करते हुए केक काटकर 18वीं वर्षगांठ संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में पत्रकारों, पदाधिकारियों एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण के साथ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों को समाज तक पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके बाद संगठन की 18वीं वर्षगांठ का केक काटा गया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद जाकिर हुसैन एडवोकेट ने कहा कि संगठन ने अपने 18 वर्षों के सफर में पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी है और पत्रकारों की एकजुटता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी पत्रकारों से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल शेंडे ने कहा कि पत्रकारों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों के बीच आपसी भाईचारा, एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने 18वीं वर्षगांठ पर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। उदय सालुंके ने कहा कि पत्रकारिता समाज की समस्याओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने संगठन की निरंतर प्रगति की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष विदर्भ महिला विंग नेहा नागभिकर ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण हो रही है। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पत्रकार संगठनों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की 18वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही। जिला अध्यक्ष यवतमाल महिला विंग मिनाक्षी मून ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से समाज की आवाज को मजबूती से उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों को आपसी समन्वय और सहयोग के साथ पत्रकार हितों के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने पौधारोपण कार्यक्रम को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने की पहल की सराहना की। तानाजी कांबले ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण भी समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन की वर्षगांठ पर पौधारोपण करना इस बात का संदेश देता है कि पत्रकारिता के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को भी आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया। सचिन काकडे ने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 18 वर्षों का सफर संगठन की निरंतर सक्रियता और पत्रकारों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाने और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। विनोद भोकरे ने कहा कि पत्रकारों की एकता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकारों को आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर पत्रकार हितों के लिए एक मंच पर आना चाहिए। उन्होंने संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रीतेश मून ने कहा कि युवा पत्रकारों को पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को समझते हुए ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और मजबूती मिलेगी। सुलेमान हारून फजलानी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संगठन की 18वीं वर्षगांठ पर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए संगठन की निरंतर सफलता की कामना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने पत्रकारों को एकजुट करने, पत्रकार हितों से जुड़े विषयों को सामने लाने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए हैं। 18वीं वर्षगांठ का यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पत्रकार एकता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी लेकर आया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने, पत्रकारों के अधिकारों एवं सम्मान के लिए मिलकर कार्य करने तथा समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। पौधारोपण के बाद केक काटकर एक-दूसरे को 18वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद जाकिर हुसैन एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल शेंडे, उदय सालुंके, प्रदेश अध्यक्ष विदर्भ महिला विंग नेहा नागभिकर, जिला अध्यक्ष यवतमाल महिला विंग मिनाक्षी मून, तानाजी कांबले, सचिन काकडे, विनोद भोकरे, रीतेश मून, सुलेमान हारून फजलानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



वृक्षारोपण करते पत्रकार।

### महाप्रबंधक ने राजेंद्र पुल, मोकामा के समानांतर नए रेल पुल पर चल कार्यो का निरीक्षण

**सोनपुर (एन एसबी)** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री डिम्पी गर्ग द्वारा 28़09़2026 को राजेंद्र पुल के समानांतर बने नवनिर्मित पुल से होकर परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से चल रहे प्री-एनआई कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने गढ़हरा एवं दिनकर ग्राम सिमरिया के मध्य चल रहे कट एंड कनेक्शन कार्यो का जायजा लिया । साथ ही समपार सं़ 2एऩबी. के समीप रिले हट एवं यार्ड रिमडलिंग स्थल का भी निरीक्षण किया । महाप्रबंधक महोदय ने सभी संबंधित एजेंसियों, दानापुर और सोनपुर मंडल की टीमों के साथ चल रहे एनआई कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन एवं दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनोद कुमार सहित मुख्यालय एवं मंडल तथा इरकन के अधिकारीगण भी उपस्थित थे । विदित हो कि इस नये रेल पुल को वर्तमान राजेन्द्र पुल के समानान्तर एवं पटना छोर की तरफ वर्तमान पुल से 50 मीटर की दूरी पर बनाया गया है । इस पुल पर दोहरी रेल लाइन का निर्माण किया गया है । यह प्रोजेक्ट लगभग 15़5 किमी की कुल लंबाई में फैला है, जिसमें 1़9 किमी का गंगा नदी पर मुख्य पुल शामिल है जिसमें गंगा नदी पर 17 स्टील स्पैन हैं तथा 3़6 किमी के रेल वायडक्ट और बड़े पुल शामिल हैं । मुख्य पुल के साथ ही 08 लघु पुल, 02 सड़क उपरि पुल तथा 03 रेल ओवर रेल का निर्माण भी किया गया है । नये पुल की निर्माण योजना इस तरह बनायी गयी है कि वर्तमान पुल के एप्रोच में कम से कम परिवर्तन करना पड़े । निर्माणाधीन नये पुल के दोनों छोर के स्टेशन, वर्तमान पुल के दोनों छोर के स्टेशनों से ही जुड़े होंगे अर्थात् वर्तमान में उत्तर में स्थित हाथीदह, टाल एवं रामपुर डुमरा स्टेशनों तथा दक्षिण में स्थित राजेन्द्रपुल तथा बरौनी स्टेशनों से जुड़े होंगे । इस पुल से होकर परिचालन प्रारंभ हो जाने से नर्थ और साउथ बिहार के साथ ही नर्थ-ईस्ट इलाकों के बीच रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा पैसेंजर और माल गाड़ियों के परिचालन में सुधार होगा । इससे माल ढुलाई के समय और लागत में कमी आएगी, जिससे व्यापार, इंडस्ट्री और जरूरी चीजों की आवाजाही को फायदा होगा।


निरीक्षण करते महाप्रबंधक।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, डीएमसीएच में एक की मौत

**कल्याणपुर/एनएसबी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। घायलों में एक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घायलों की पहचान मिजार्पुर गांव निवासी कौशल्या देवी, रामपुरा गांव निवासी विवेकानंद ठाकुर एवं कल्याणपुर गांव निवासी मदन शाह के रूप में हुई है। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद मदन शाह की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर किया था। डीएमसीएच में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया था। इनमें मदन शाह की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें डीएमसीएच रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

### मनीष कुमार बरनवाल बने संघ अध्यक्ष

**दलसिंहसराय/एनएसबी।** शहर के मेन बाजार स्थित काशो लाल सूरत देवी बरनवाल सेवा सदन के परिसर में सोमवार को बरनवाल समाज की आमसभा आयोजित की गई। सभा में संघ के विस्तार एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नए बरनवाल संघ का गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता विनय भूषण प्रसाद ने की। संघ के संरक्षक प्रो. अनिल कुमार गुप्ता ने समाज के लोगों से संगठन को मजबूत बनाने और आपसी एकजुटता के साथ सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सर्वसम्मति से संगठन के पदाधिकारियों के चयन की बात कही। आमसभा में सर्वसम्मति से मनीष कुमार बरनवाल को संघ का अध्यक्ष चुना गया। वहीं राजीव कुमार को उपाध्यक्ष, रामाकांत प्रसाद को सचिव तथा रामचंद्र लाल को सह-सचिव मनोनीत किया गया। नए पदाधिकारियों के चयन के बाद बरनवाल समाज के सदस्यों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। सदस्यों ने संघ के माध्यम से समाज के हित में कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर हरिओम प्रसाद, अनिल कुमार लाल, श्याम कुमार लाल, राम कुमार लाल, शंकर प्रसाद, शंकर लाल, मनमोहन प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बाइक और स्कूटी में टक्कर, बाइक सवार गंभीर

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** थाना क्षेत्र के एनएच-122 पर इमली ढाला के समीप सोमवार को अपाचे बाइक और इलेक्ट्रिक स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि स्कूटी सवार को भी चोटें आई हैं। घायल बाइक सवार की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के विष्णुपुर गांव निवासी सीताराम राय के पुत्र मंजय कुमार राय (35) के रूप में हुई है। वहीं, स्कूटी सवार की पहचान शेरपुर गांव निवासी अनिल चौधरी के रूप में बताई गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार मंजय कुमार राय बेहोश होकर सड़क किनारे गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विद्यापतिनगर पहुंचाया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मंजय कुमार राय की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें अनुमंडल अस्पताल दलसिंहसराय रेफर कर दिया। वहीं, स्कूटी सवार अनिल चौधरी का इलाज विद्यापतिनगर क्षेत्र स्थित एक निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद विद्यापतिनगर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटना से जुड़ी जानकारी जुटाने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण एनएच पर कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ भी जमा रही।

### भगत सिंह की जयंती पर शहीद को किया नमन, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** हरपुर बोचहा पंचायत के पूर्व मुखिया सह पूर्व जिला पार्षद सदस्य भगवत प्रसाद सिंह ने सोमवार को अपने आवास पर शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर उन्होंने भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों एवं आदर्शों को याद किया। भगवत प्रसाद सिंह ने कहा कि भगत सिंह देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी थे। उनके त्याग, साहस, विचार और राष्ट्रप्रेम आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से परिचित कराने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लोगों ने उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने तथा देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों के संघर्ष को याद रखना और उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की जिम्मेदारी है। भगत सिंह का जीवन युवाओं के लिए साहस, त्याग और देशसेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रेम सिंह, हरिहर गिरी, अशर्फी ठाकुर, झामलाल पासवान, राम पदार्थ पासवान, मोहम्मद इजरातिल, राजकुमार पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




### सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मुफ्त ईसीजी जांच की सुविधा, मरीजों को मिलेगी राहत

**समस्तीपुर/एनएसबी।** जिले के लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जांच सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला अस्पताल से लेकर अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक ईसीजी जांच की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश राय ने बताया कि ईसीजी हृदय की विद्युत गतिविधियों की जांच करने की महत्वपूर्ण एवं सामान्य चिकित्सकीय प्रक्रिया है। सीने में दर्द, सांस लेने में परेशानी, धड़कन में अनियमितता, चक्कर आने अथवा हृदय संबंधी अन्य लक्षणों वाले मरीजों के चिकित्सकीय मूल्यांकन में ईसीजी जांच महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में यह सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को अपनी आवश्यकता के अनुसार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही जांच कराने की सुविधा मिलेगी। इससे चिकित्सकीय मूल्यांकन और आवश्यक परामर्श समय पर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जांच के साथ चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध रहने से मरीजों को अलग से निजी जांच केंद्रों पर जाने की आवश्यकता कम होगी। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निशुल्क जांच की यह सुविधा राहत देने वाली है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई है कि यदि चिकित्सक ईसीजी जांच की सलाह देते हैं तो संबंधित सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में उपलब्ध इस सुविधा का लाभ उठाएं। समय पर जांच होने से चिकित्सक को मरीज की स्थिति के मूल्यांकन और आगे के उपचार संबंधी निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है।

### 'राजा के दो सींग' ने रंगमंच पर छोड़ी अमिट छाप, दर्शकों ने सराहा कलाकारों का अभिनय

**समस्तीपुर/एनएसबी।** जन संस्कृति मंच के बिहार राज्य सम्मेलन के अवसर पर रविवार की रात समस्तीपुर कॉलेज भवन में लोककथा पर आधारित नाटक 'राजा के दो सींग' का मंचन किया गया। प्रसिद्ध रंगकर्मी दीपक सिन्हा के निर्देशन में रंग संस्था 'रंगनायक द लेफ्ट थियेटर', बेगूसराय की ओर से प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। प्रस्तुति के बाद दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय और नाटक की विषयवस्तु की सराहना की। नाटक की कथा एक ऐसे राजा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके सिर पर सींग होते हैं। बाल काटने के दौरान पमपम हजाम राजा के सिर पर छिपे सींग को देख लेता है। राजा उसे इस रहस्य को किसी के सामने उजागर नहीं करने की चेतावनी देता है। इसके बावजूद भेद खुलने के बाद सत्ता की ओर से पमपम हजाम और एक कलाकार को दंडित किए जाने की कथा के माध्यम से सत्ता, भय और सामाजिक विसंगतियों को मंच पर प्रस्तुत किया गया। नाटक का लेखन एवं निर्देशन दीपक सिन्हा ने किया।

# राजभाषा पखवाड़े का भव्य समापन, विजेता रेलकर्मी हुए सम्मानित




**समस्तीपुर कार्यालय/एनएसबी।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में 10 सितंबर से 28 सितंबर तक आयोजित राजभाषा पखवाड़े का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल कार्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने की। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता रेलकर्मियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि जन-संवाद और प्रशासनिक दक्षता को जोड़ने वाली सशक्त कड़ी भी है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दैनिक सरकारी कार्यों, पत्राचार और ई-ऑफिस प्रणाली में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में कंप्यूटर और विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से हिंदी में कार्य करना काफी आसान हो गया है। ऐसे में कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को स्वाभाविक रूप से बढ़ाया जाना चाहिए। राजभाषा पखवाड़े का उद्देश्य कार्यालयीन कामकाज में सरल, सहज एवं मानक हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा रेलकर्मियों को राजभाषा के प्रति निरंतर प्रेरित करना रहा। पखवाड़े के दौरान रेलकर्मियों की भाषाई दक्षता और हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

समापन समारोह में हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, हिंदी वाक यानी भाषण प्रतियोगिता तथा राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा के साथ हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल के राजभाषा विभाग की ओर से तैयार विशेष लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। फिल्म के माध्यम से कार्यालयीन प्रशासनिक कार्यों, तकनीकी प्रक्रियाओं एवं पत्राचार में हिंदी के सहज प्रयोग को प्रदर्शित किया गया। साथ ही राजभाषा नियमों के अनुपालन और कार्यस्थल पर हिंदी के महत्व को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। फिल्म को सभागार में मौजूद रेलकर्मियों ने सराहा। समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक, मंडल के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ शाखा अधिकारी, राजभाषा अधिकारी तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे। अंत में राजभाषा विभाग की ओर से पखवाड़े के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी विभागों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बच्चों में रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास जरुरी : डॉक्टर मनोज

**ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रतिभागी बच्चों को किया गया पुरस्कृत**



**समस्तीपुर कार्यालय/एनएसबी।** राम चंद्र सेवा संस्थान, समस्तीपुर के सौजन्य से ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल परिसर में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने रंगों के माध्यम से विभिन्न विषयों को कागज पर उकेरकर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागी बच्चों ने आकर्षक चित्र एवं रंग संयोजन के माध्यम से अपनी कला प्रतिभा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें कला के प्रति प्रोत्साहित करना रहा।

मौके पर मौजूद राम चंद्र सेवा संस्थान के डॉक्टर मनोज कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि चित्रकला बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मक सोच को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में दिव्या, श्वेता, नितिन नमन, अनुष्का, सुप्रिया, आदर्श, मुकेश, राघव, प्रियांश, अभिनव, विराट, अंश, सुजीत, प्रियांशु, कृष्णा एवं सपना सहित अन्य प्रतिभागी शामिल रहे। पुरस्कार मिलने पर बच्चों में खुशी का माहौल रहा।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार एवं मधुमाला के अलावा विद्यालय के निदेशक विभूति कुमार, शिक्षिका अंकिता, खुशबू, अंशु, रीमा, प्रियंका, अनुपम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहेगा।

# विद्यालयी खेल प्रतिभाओं को मिला मंच

**चार दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू**

**समस्तीपुर/एनएसबी।** खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है। खिलाड़ियों को पूरी निष्ठा और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए। सोमवार को खेल भवन सभागार में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा है और कई बार मुकाबले का परिणाम अंतिम क्षणों में तय होता है। इसलिए किसी एक मुकाबले का परिणाम खिलाड़ी की क्षमता और कौशल का अंतिम मूल्यांकन नहीं हो सकता। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। जिले में विद्यालय स्तर की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। चार दिवसीय प्रतियोगिता 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों से आए खिलाड़ी अलग-अलग खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, एडीएम आपदा राजेश कुमार सिंह, सदर एसडीओ राकेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अली इकराम, एडीएमओ अनुष्का श्रीवास्तव एवं जिला कला संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके बाद खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। कबड्डी कोर्ट पर डीडीसी ने नारियल फोड़कर तथा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि खेल भवन में कबड्डी, ताइक्वांडो, कुश्ती एवं योग की स्पधाएं आयोजित होंगी। पटेल मैदान में एथलेटिक्स के ट्रैक इवेंट, बैडमिंटन, फुटबॉल एवं क्रिकेट का ट्रायल होगा। वहीं पोद्दार इंटरनेशनल विद्यालय में खो-खो की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

पहले दिन अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कुश्ती, रग्बी, बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, कराटे, शतरंज, योग, क्रिकेट, वुशु, हैंडबॉल और हॉकी समेत कई खेल शामिल किए गए हैं।

खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर आगे की प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए जिला खेल कार्यालय की ओर से 45 शारीरिक शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। खिलाड़ियों के आवागमन, प्रतियोगिता संचालन, अनुशासन एवं सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक व्यवस्था की गई है।

### मद्यनिषेध मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** पुलिस ने मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मलकल्लीपुर गांव निवासी अमरनाथ महतो के पुत्र विजय महतो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार विद्यापतिनगर थाना कांड संख्या 165/26, दिनांक 22 अगस्त 2026 के तहत विजय महतो के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी विद्यापतिधाम रेलवे स्टेशन के आसपास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए स्टेशन परिसर के आसपास छापेमारी की और विजय महतो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की कार्रवाई एसआई संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई।

## विद्यापतिधाम स्टेशन जाने वाली सड़क दो माह से जलमग्न, यात्रियों की बढ़ी परेशानी



**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** विद्यापतिधाम रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क पिछले करीब दो माह से जलजमाव की समस्या से जूझ रही है। सड़क पर लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण राहगीरों, स्थानीय ग्रामीणों और स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी जमा रहने के कारण अब दुर्गंध भी निकलने लगी है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार स्टेशन जाने वाली सड़क पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के बाद पानी जमा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला निर्माण के साथ सड़क चौड़ीकरण की योजना स्वीकृत होने के बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हुआ है। इससे लोगों में संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है। जलजमाव के कारण स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर पानी भरने के कारण कई जगह गड्ढे भी दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों के अनुसार कई बार ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल सवार पानी में छिपे गड्ढों का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण गिरकर चोटिल हो चुके हैं। पैदल यात्रियों को भी सड़क के किनारे से होकर गुजरना पड़ता है। यह मार्ग केवल रेलवे स्टेशन तक पहुंचने का रास्ता नहीं है, बल्कि प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए बाजार, अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय की ओर आने-जाने का महत्वपूर्ण मार्ग भी है।

## पीएम आवास की नई सूची पर उठे सवाल, नाम जोड़ने-काटने को लेकर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की नई सूची के अनुमोदन को लेकर कुछ पंचायतों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रविवार को प्रखंड की दस पंचायतों में आमसभा आयोजित कर पीएम आवास योजना के संभावित लाभुकों की सूची का अनुमोदन किया गया। इसी दौरान एक-दो पंचायतों में सूची में नाम शामिल किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने कथित अनियमितता के आरोप लगाए और मामले की जांच की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ पंचायतों में पात्र लाभुकों के साथ ऐसे लोगों के नाम भी सूची में शामिल किए गए हैं, जिनकी पात्रता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से आवास सहायक पर कथित रूप से पैसे लेकर दोबारा नाम सूची में जोड़ने की शिकायत किए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। ग्रामीणों ने कुछ ऐसे मामलों पर भी आपत्ति जताई, जिनमें पति के नाम पहले से पीएम आवास योजना का लाभ मिलने के बावजूद उसी परिवार की पत्नी का नाम सूची में शामिल किए जाने की बात कही गई है। इसके अलावा अविवाहित व्यक्ति का नाम भी सूची में शामिल किए जाने का आरोप लगाया गया है। आमसभा के दौरान सूची में नामों को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा और आपत्ति के बाद अब मामले की जांच की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों को मिलना चाहिए। यदि सूची में अपात्र लोगों के नाम शामिल होते हैं तो इससे जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। बताया गया है कि पूर्व में भी पीएम आवास योजना की सूची को लेकर शिकायतें सामने आई थीं। शिकायत के बाद संबंधित मामलों की जांच कराई गई थी। अब नई सूची को लेकर फिर आरोप सामने आने से प्रशासन के सामने पारदर्शिता के साथ सूची के सत्यापन की चुनौती है।

# एनडीए की बैठक में चुनावी समन्वय पर जोर, कार्यकर्ताओं से मतदाताओं तक पहुंचने का आह्वान




**समस्तीपुर/एनएसबी।** आगामी बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर सोमवार की शाम विवाह भवन में एनडीए गठबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में चुनावी तैयारियों, आपसी समन्वय और मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी डॉ. घनश्याम राय ने कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने गठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी अभियान को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ मतदाताओं के बीच पहुंचकर प्रत्याशियों की नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी देनी चाहिए। डॉ. राय ने कहा कि दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र और दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में गठबंधन के प्रत्याशियों को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच सक्रियता बढ़ी है। उन्होंने चारों जिलों के एनडीए कार्यकर्ताओं से मतदाताओं से लगातार संपर्क करने और चुनाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन जदयू जिलाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश राय ने किया। इस दौरान विधायक अश्वमेघ देवी, वीरेंद्र पासवान, पूर्व विधायक विद्यासागर सिंह निषाद, रामबालक सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि सह महामंत्री सुनील कुमार, लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष अनुपम सिंह हीरा, हम जिलाध्यक्ष धीरज ठाकुर, रालोमो जिलाध्यक्ष निशांत कुमार, नगर अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मुन्ना, भाजपा जिला मुख्य प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, जदयू जिला प्रवक्ता अनस रिजवान, अनंत कुशवाहा, राकेश राज सहित विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बिहार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित हो चुका है। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 सितंबर को जारी होनी है, जबकि मतदान 23 अक्टूबर को होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या का प्रयास के एक अभियुक्त गिरफ्तार

**गयाजी (नवसंदेश/ब्यूरो)।** पुलिस ने हत्या का प्रयास के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दिना 13.04.2026 को वादिनी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया कि जब ये अपने पड़ोसी के घर से खाना खाकर अपने घर लौट रहे थे, तो रास्ते में कुन्दन कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जान मारने के नियत से इन्हे एवं इनके लड़के को मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड सं0 421/26, दिनांक 13.04.2026 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मुफस्सिल थाना द्वारा लंबित कांडो में वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के अंतर्गत इस कांड में संलिप्त 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कुन्दन कुमार, पे0 उमेश यादव, सा0 सोहदईपुर, थाना मुफस्सिल, जिला गया है।

### विष्णुपद मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**गयाजी (नवसंदेश/ब्यूरो)।** दिनांक 28.09.2026 को पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा अस्थाई थाना, सीसीटीवी कैमरा नियंत्रण व्यवस्था, विष्णुपद मंदिर एवं आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं सुगम आवागमन को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### अब प्रखंडों में ही होगी ईसीजी, गांव के मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

**गयाजी (नवसंदेश/ब्यूरो)।** सीने में दर्द, धड़कन तेज होने या अनियमित होने की शिकायत पर अब ग्रामीण मरीजों को ईसीजी कराने के लिए गया शहर या बड़े अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में स्थित अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से हृदय संबंधी समस्याओं की शुरूआती जांच अब मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगी। यह सुविधा पीएमसीएच के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है। जांच की सुविधा गांवों के नजदीक पहुंचने से मरीजों के समय और आने-जाने के खर्च की बचत होगी। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह बड़ी राहत मानी जा रही है। ईसीजी रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सक मरीज की स्थिति का आकलन कर जरूरत पड़ने पर आगे की जांच या उपचार के लिए रेफर कर सकेंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलेश कुमार ने बताया कि जिले में ईसीजी जांच की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जुलाई में 3,345 ईसीजी जांच हुई थीं, जबकि अगस्त में यह संख्या बढ़कर 6,991 हो गई। प्रखंड स्तर पर सुविधा मिलने से जांच का दायरा और बढ़ने की उम्मीद है। सिविल सर्जन डॉ. राजाराम प्रसाद ने बताया कि ईसीजी हृदय की विद्युत गतिविधियों और धड़कन की स्थिति जानने वाली सरल व दर्दरहित जांच है। सीने में दर्द, तेज या अनियमित धड़कन जैसी शिकायतों में चिकित्सक इसकी सलाह देते हैं। रिपोर्ट के आधार पर मरीज के आगे के उपचार की दिशा तय की जाती है। सदर अस्पताल में ईसीजी की सुविधा पहले से उपलब्ध है। अब प्रखंड मुख्यालयों तक सुविधा पहुंचने से ग्रामीण मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही जांच मिल सकेगी।

### पितृपक्ष के मद्देनजर स्टेशन परिसर में सघन बम विस्फोटक पदार्थ चेकिंग अभियान चला

**गयाजी (नवसंदेश/ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेला 2026 के दौरान गया रेलवे स्टेशन पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल, पोस्ट गया द्वारा डॉग स्क्वायड टीम के सहयोग से स्टेशन परिसर में सघन बम विस्फोटक पदार्थ चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के क्रम में गया रेलवे स्टेशन के



विभिन्न प्लेटफार्मों, यात्री प्रतीक्षालय, प्रवेश एवं निकास द्वार, सकुर्लेटिंग एरिया, यात्री आवागमन वाले स्थानों तथा अन्य संवेदनशील स्थलों की डॉग स्क्वायड के माध्यम से गहनता से जांच की गई। साथ ही लावारिस सामान एवं संदिग्ध वस्तुओं की भी बारीकी से जांच की गई। चेकिंग के दौरान किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु अथवा विस्फोटक पदार्थ बरामद नहीं हुआ तथा स्थिति सामान्य पाई गई। पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु लगातार सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी जा रही है। उक्त डॉग स्क्वाड चेकिंग के दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह, निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव, निरीक्षक पंकज यादव, निरीक्षक चंदन कुमार, थानाध्यक्ष शिवकुमार व अन्य स्टाफ मौजूद थे।

### बुद्धा आईटीआई में 35 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ कैंपस सलेक्शन

**गयाजी (नवसंदेश/ब्यूरो)।** सोमवार को बुद्धा आई0 टी0 सी0, पाण्डेय परसावां, गयाजी में निः शुल्क कैम्पस सलेक्सन सलेक्शन एल एंड टी कन्स्ट्रक्शन लि. क. बेंगलुरू द्वारा आयोजित किया गया। इसमें एल एंड टी कंपनी की तरफ से एच. आर. गुड्डू कुमार आये। इस कैम्पस



सलेक्शन में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रीकल ट्रेड से 60 प्रशिक्षणार्थियो ने भाग लिया जिसमे कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को एल एंड टी कन्स्ट्रक्शन लि. क. बेंगलुरू के द्वारा दिनांक 05.10.2026 से टेर्निंग स्थल चेरकी और रफीगंज गयाजी में दिया जायेगा। बुद्धा आई0 टी0 सी0 के निदेशक डॉ0 विनय कुमार, प्राचार्य राजेश कुमार एवं समस्त कर्मचारीगण की तरफ से प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनायें एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की की गई।

### भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने का किया आह्वान

**कुर्था(एनएसबी)।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन की ओर से सोमवार को किंजर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस मौके पर छात्र-नौजवानों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि भगत सिंह का जन्म उस दौर में हुआ था, जब देश अंग्रेजी हुकूमत की गुलामी में था। उनके परिवार के सदस्य भी स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े थे, जिससे उनमें देशभक्ति की भावना बचपन से ही विकसित हुई। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व वाले क्रांतिकारी संगठन से जुड़कर आजादी के आंदोलन को धार दी। नीतीश कुमार ने कहा कि भगत सिंह केवल अंग्रेजों से देश की आजादी नहीं, बल्कि शोषण, अत्याचार, गरीबी, भुखमरी और अशिक्षा से मुक्त समाज का सपना देखते थे। उन्होंने छात्र-नौजवानों से भगत सिंह के विचारों को आत्मसात करते हुए अन्याय और शोषण के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को निर्मल कुमार, अमित कुमार और अभिषेक कुमार समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।



जयंती मानते लोग।

# पितृपक्ष मेला : चौथे दिन जिलाधिकारी और एसएसपी ने पिंड वेदियों का किया निरीक्षण

**गयाजी (नव संदेश, ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेला, 2026 के चैथे सोमवार को जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, गया सुशील कुमार ने बोधगया स्थित मातंगवापी, धर्मारण्य वेदी एवं सरस्वती वेदी का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डीएम एवं एसएसपी ने संबंधित पदाधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर रखने तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गयाजी में चल रहे



पितृपक्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के लिए गया कॉलेज के एनसीसी कैडेट पूरे लगन, अनुशासन और श्रद्धाभाव के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के लिए कैडेट विभिन्न स्थानों पर सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। एनसीसी कैडेट श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने, भीड़ को व्यवस्थित करने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सेवा कार्य के दौरान कैडेटों में अनुशासन, समर्पण और मानवीय संवेदना का विशेष भाव देखने को मिल रहा है। गया कॉलेज के प्राचार्य सतीश सिंह चंद्र तथा एनसीसी ऑफिसर डॉ. संजय तिवारी ने कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवा कार्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों में एनसीसी कैडेटों की सक्रिय सहभागिता युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करती है। प्राचार्य एवं एएनओ ने कैडेटों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि पितृपक्ष जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा करना गौरव की बात है। ऐसे कार्यों से कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना और समाज के प्रति जिम्मेदारी का विकास होता है। गया कॉलेज के एनसीसी कैडेटों का यह सेवा कार्य न केवल श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी साबित हो रहा है, बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना का संदेश भी दे रहा है। कैडेटों की सक्रिय भागीदारी से पितृपक्ष के दौरान सेवा, अनुशासन और सहयोग की भावना को बल मिल रहा है।

## गांधी मैदान में हुआ जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अरवल (एनएसबी)।** जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ गांधी मैदान में हुआ। खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य शुभारंभ आज दिनांक 28 सितंबर 2026 को ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया गया। उद्घाटन समारोह में विधायक, कुर्था विधानसभा क्षेत्र, पप्पू कुमार वर्मा, प्रभारी जिला पदाधिकारी, शैलेश कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन समिति, सत्येंद्र रंजन, जिलाध्यक्ष, जिला खेल पदाधिकारी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, शारीरिक शिक्षक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके साथ ही जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 की औपचारिक शुरूआत हुई। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट भी किया गया, जिसके बाद निर्धारित खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। 1100 से अधिक खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग इस जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में अरवल जिले के विभिन्न विद्यालयों से 1100 से अधिक छात्र छात्रा खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों एवं खेल विधाओं में खिलाडी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। विधायक एवं प्रभारी जिला पदाधिकारी ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक, कुर्था विधानसभा क्षेत्र पप्पू कुमार वर्मा एवं प्रभारी जिला पदाधिकारी, अरवल श्री शैलेश कुमार ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें प्रतियोगिता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हें पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्त्वपूर्ण नहीं है।



दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते विधायक।

## ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस ने निकाला आक्रोश मार्च

**अरवल (एनएसबी)।** ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर अरवल जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले सोमवार को आक्रोश मार्च निकाला गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कैफ के नेतृत्व में निकले मार्च में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर शामिल हुए। मार्च के बाद कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर पुतला दहन किया और विरोध दर्ज कराया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना जरूरी है। कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पार्टी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रखेंगे। कार्यक्रम में राम विनय सिंह, रंजीत तिवारी, अजीत कुमार, पुनदेव, निसार अख्तर अंसारी, पप्पू कुमार, शहजाद अंसारी, पुलेंदर यादव, मुर्शिद, रेयाज अंसारी, शहीद अंसारी, अवधेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, मिथलेश विश्वकर्मा, जावेद अंसारी, पीयूष कुमार, चीकू बाबा, असलम अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।




आक्रोश मार्च में शामिल कार्यकर्ता।

## पितृपक्ष के दौरान गया कॉलेज, गयाजी के एनसीसी कैडेट लगन और श्रद्धा से कर रहे सेवा

**गयाजी (नव संदेश, ब्यूरो)।** गया में चल रहे पितृपक्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के लिए गया कॉलेज के एनसीसी कैडेट पूरे लगन, अनुशासन और श्रद्धाभाव के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के लिए कैडेट विभिन्न स्थानों पर सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। एनसीसी कैडेट श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने, भीड़ को व्यवस्थित करने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सेवा कार्य के दौरान कैडेटों में अनुशासन, समर्पण और मानवीय संवेदना का विशेष भाव देखने को मिल रहा है। गया कॉलेज के प्राचार्य सतीश सिंह चंद्र तथा एनसीसी ऑफिसर डॉ. संजय तिवारी ने कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवा कार्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों में एनसीसी कैडेटों की सक्रिय सहभागिता युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करती है। प्राचार्य एवं एएनओ ने कैडेटों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि पितृपक्ष जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा करना गौरव की बात है।



## मविवि, बोधगया में शहीद भगत सिंह की जयंती पर एक लघु फिल्म का हुआ प्रसारण

**गयाजी (संदेश ब्यूरो)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शहीद भगत सिंह की जयंती पर एक लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरदार भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ हुई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रो. अंजनी कुमार घोष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सरदार भगत के बहुमूल्य एवं वर्तमान समय के लिए प्रासंगिक राजनीतिक विचारों को रेखांकित किया।



उन्होंने संविधान निमार्ताओं तथा अन्य महापुरुषों की जयंतियों के महत्व को उजागर किया तथा इन जयंतियों को विद्यालय स्तर से ही मनाने और इन महापुरुषों के जीवन से छात्रों द्वारा नैतिक मूल्यों को सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगत सिंह छात्रों के राजनीति में भाग न लेने के विचार का विरोध करते थे, उनका कहना था कि बिना राजनीति के शिक्षा केवल क्लर्क ही पैदा करेगी। अनार्किस्ट और नास्तिकतावाद के लिए जाने जाने वाले भगत सिंह का मानना था कि विज्ञान ही एकमात्र ऐसा मार्ग है जो मानवता को सही दिशा में ले जा सकता है। डॉ अंजनी कुमार घोष ने अपने सम्बोधन में समाज में परिवर्तन के लिए क्रांति के महत्व तथा क्रांति में युवा वर्ग के योगदान की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर एवं पी एच डी के शोधार्थियों उज्जवल कुमार, मुन्ना कुमार, अंजलि पांडे, बिट्टू कुमार आदि द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया गया। सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है, इंकलाब जिंदाबाद, वे मुझे मार सकते हैं लेकिन मेरे विचारों को नहीं मार सकतेह्य, ह्यसीने पर जो जख्म हैं वे फूलों के गुच्छे है हमें पागल ही रहने दो हम पागल ही अच्छे हैंह्य जैसे नारों के बीच कार्यक्रम में समस्त वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत हो गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा0 अंजनी कुमार घोष के अलावा सहायक प्राध्यपक डा शमशाद अंसारी, डा. श्रद्धा ऋषि, डा. दिव्या मिश्रा, डा. प्रियंका सिंह, श्री अविनाश कुमार मौजूद थे।

## एमपी पुलिस और एसटीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई में पंचायत सचिव गिरफ्तार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर प्रखंड की कामता पंचायत में पदस्थापित पंचायत सचिव टोनी कुमार की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार को क्षेत्र में हलचल तेज हो गई। मध्य प्रदेश पुलिस, बिहार एस टी एस एफ और कलेर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव को कलेर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी मध्य प्रदेश में दर्ज एक मामले में जारी वारंट के आधार पर की गई।

बताया जाता है कि पंचायत सचिव टोनी कुमार के विरुद्ध मध्य प्रदेश के गोपालगंज थाना में कांड संख्या 282/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। उक्त मामले में फ्रॉड यानी धोखाधड़ी से जुड़े आरोपों की बात सामने आई है। इसी मामले में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा उनके विरुद्ध वारंट निर्गत किया गया था। वारंट के तामिला को लेकर मध्य प्रदेश पुलिस की टीम बिहार पहुंची और स्थानीय पुलिस एवं बिहार एस टी एस एफ के सहयोग से गिरफ्तारी की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। संयुक्त पुलिस टीम ने कलेर स्थित पंचायत सचिव के आवास पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस को सुरक्षा एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में कलेर के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश में निर्गत वारंट के आधार पर पंचायत सचिव टोनी कुमार की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की सूचना संबंधित विभाग को दी जाएगी तथा विभागीय स्तर पर भी नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा मामले को फ्रॉड से संबंधित बताया गया है। वहीं कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस को बिहार एस टी एस एफ एवं कलेर पुलिस का सहयोग प्राप्त हुआ। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव टोनी कुमार को उनके आवास से गिरफ्तार किया, जिसके बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए उन्हें मध्य प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया। पंचायत सचिव की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही प्रखंड क्षेत्र में तरह-तरह की चचार्एं शुरू हो गईं। हालांकि, मामले में आरोपों की वास्तविकता का अंतिम निर्धारण न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगा। फिलहाल पुलिस द्वारा वारंट के आधार पर गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है और मध्य प्रदेश पुलिस मामले की आगे की जांच एवं कानूनी प्रक्रिया पूरी करेगी।



पंचायत सचिव (फाइल फोटो)

## प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने सभी विभागों के अधिकारियों से अपने-अपने विभाग का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने को कहा। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र से जुड़ी किसी भी समस्या या जनहित के मुद्दे को लेकर लोग कार्यालय अवधि में उनसे बेझिझक मिल सकते हैं।

उन्होंने अधिकारियों और समिति के सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया।अंचल अधिकारी उत्तम राहुल ने राजस्व संबंधी मामलों की जानकारी देते हुए बताया कि 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक जमाबंदी में नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान सहित अन्य त्रुटियों के सुधार का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों अथवा रैयतों को जमाबंदी सुधार में किसी प्रकार की परेशानी हो, वे अंचल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।प्रखंड कृषि पदाधिकारी नेहा कश्यप ने खाद वितरण को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लिए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मामले में विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जा रही है तथा संबंधित दुकान का लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि आगे से खाद वितरण की प्रक्रिया की निगरानी के लिए दुकानों पर कृषि विभाग के अधिकारियों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके। मनरेगा पदाधिकारी रेखा कुमारी ने बताया कि मनरेगा के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र में पौधरोपण का कार्य कराया जा रहा है। वहीं प्रखंड परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि विभाग की योजना के तहत सभी पंचायतों में जीविका दीदियों के माध्यम से सुधा दूध के काउंटर खोले जाने हैं। इसके लिए कुछ पंचायतों में स्थल चयन की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों को दी। इस दौरान सदस्यों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा तथा उनके समाधान की मांग की। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सिद्धनाथ पासवान, राजस्व अधिकारी रतन कुमार झा, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता पंकज कुमार सिंह, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सरोज पांडेय, पीएचईडी के कनीय अभियंता नवलेश कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजेंद्र कुमार, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी हरेंद्र कुमार सहित 20 सूत्री समिति के सदस्य मनोज कुमार, पिंकू कुमार, मंसूर शाह, मदारी, संजीव शर्मा, एजाज अहमद, संतोष कुमार सहित अन्य सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में भाग लेते लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### एस2 डांस एंड आर्ट एकेडमी की 6 वर्षीय छात्रा जस्वी कपूर ने 'इंडियाज टैलेंट रियलिटी शो' के फाइनल में बनाई जगह

**हाजीपुर/एनएसबी।** एस2 डांस एंड आर्ट एकेडमी की मात्र 6 वर्ष की होनहार छात्रा जस्वी कपूर ने अपनी अद्भुत प्रतिभा के दम पर देश के प्रतिष्ठित 'क्ल्ल्र्'२ ळ'ल्ल३' रियलिटी शो की कत्थक प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जस्वी की इस ऐतिहासिक सफलता से न केवल एकेडमी बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस शानदार उपलब्धि पर र2 डांस एंड आर्ट एकेडमी के संस्थापक सुमित रॉय और सह-संस्थापक पुष्पांजलि मैम ने जस्वी कपूर को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जस्वी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जस्वी ने अपनी इस सफलता से एकेडमी का नाम



पूरे देश में रोशन किया है। संस्थापकों ने एकेडमी की मुख्य प्रशिक्षक (चीफ ट्रेनर) आरती कुमारी एवं पुष्पांजनी मैम का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया। आरती सिंह के कुशल मार्गदर्शन, बेहतरीन ट्रेनिंग और अथक प्रयासों के कारण ही जस्वी आज सफलता के इस मुकाम पर पहुंच पाई हैं। पूरी एकेडमी और क्षेत्रवासी फाइनल मुकाबले में जस्वी की जीत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं ।

### श्री अग्रसेन महाराज की जयंती 11 को मनेगी

**पटना सिटी/एनएसबी।** अग्रसेन भवन सेवा ट्रस्ट की बैठक अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता व सचिव विष्णु झुनझुनवाला के संचालन में हुई. बैठक में चौक स्थित अग्रसेन भवन में 11 अक्तूबर को श्री अग्रसेन महाराज की जयंती मनाने का फैसला लेते हुए तैयारियों पर चर्चा हुई. बैठव में अतिथियों का स्वागत कोषाध्यक्ष बनवारी लाल रूंगटा ने की. बैठक में उपाध्यक्ष ईश्वर लाल अग्रवाल,प्रभु दयाल हरलालका,संयुक्त सचिव आदर्श अग्रवाल, हरीश हरलालका, सदस्य मनोज झुनझुनवाला, अजय अग्रवाल,गणोश शर्मा,अरुण मोदी,अशोक बूबना,चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला,चंदन अग्रवाल समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

### एसडीओ से मिल बड़ी देवी जी मारूफगंज पूजन की दी जानकारी

**पटना सिटी/एनएसबी।** श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज मंदिर न्यास समिति का शिष्टमंडल सोमवार को सचिव डॉ राजेश कुमार,उपाध्यक्ष संत प्रसाद गोलवारा व ईश्वर लाल अग्रवाल के साथ अन्य सदस्यों के साथ एसडीओ कशिश बक्शी से मिला. शिष्टमंडल ने एसडीओ को वहां हो रही दुर्गा पूजा की तैयारियों से अवगत कराते बताया कि भगवती की विसजर्न शोभायात्र 21 अक्तूबर को निकलेगी. सदस्यों ने विसजर्न शोभायात्र में उमड़ने वाली भीड़ और खोइछा की अदला बदली के आयोजन की जानकारी भी दी. इस दौरान एसडीओ ने । उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन और विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग करने की बात कही.

### शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनी

**पटना सिटी/एनएसबी।** सांप्रदायिक सद्भाव समन्वय समिति की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती शहीद भगत सिंह चौक पर मनायी गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष समी अहमद ने कहा कि शहीदों के विचार व आदर्श कभी खत्म नहीं होते. आयोजन में सरफरोशी की तमन्ना के अमर शायर बिस्मिल अजीमाबादी के सुपौत्र सैयद शाह मुनव्वर हसन ने कहा कि आज हर तरह के शोषण के खात्मे की जरूरत है. कार्यक्रम का संचालन महासचिव विजय कुमार सिंह,अतिथियों का स्वागत ललन यादव व धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश सिंह ने की. इस मौके पर स्मारक स्थल पर हरियाली में संवृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण को ले पौधार आयोजन में त्रिलोक सिंह निषाद,नवीन रस्तोगी,वरीय रंगकर्मी आलोक चोपड़ा, पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव,पुष्पा देवी,रिया कुमारी,संजय,रघुनाथ प्रसाद समेत अन्य ने विचार रखे.

### जागरूकता रैली व सामुदायिक आयोजन बताया पोषण के महत्व

**पटना सिटी/एनएसबी।** पटना नगर निगम, जीविकोपार्जन योजना-शहरी,आईसीडीएस, जीविका के सहयोग में गायघाट में राष्ट्रीय पोषण माह पर जागरूकता रैली व सामुदायिक कार्यक्रम हुए.जागरूकता रैली के माध्यम से आरंभ हुए कार्यक्रम में समुदाय को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा बच्चों के बेहतर विकास के प्रति जागरूक किया गया. सामुदायिक कार्यक्रम में सीडीपीओ मधु प्रियदर्शनी ने बच्चों एवं महिलाओं के पोषण,सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का नियमति लाभ लेने की अपील की. कार्यक्रम का संचालन अर्पिता चौधरी ने की. आयोजन में प्राचार्य अनिल कुमार ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान अन्नप्राशन व गोद भराई करायी गयी.

### विश्व रेबीज दिवस प टीकाकरण को जागरूक

**पटना सिटी/एनएसबी।** गायघाट व अगमकुआं में एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान विश्व रेबीज दिवस पर ह्यूमैनारो फाउंडेशन की ओर से चलाया गया. इस दौरान बेसहारा पशुओं का भी टीकाकरण किया गया. फाउंडेशन के संस्थापक कुमार विशाल ने कहा कि बेजुबान पशुओं के जीवन की रक्षा करना कर्तव्य है. रेबीज की बीमारी से समाज की सुरक्षा होगी.आयोजन में स्टेट हेड समृद्धि श्रीवास्तव, आस्था आनंद एवं कृष्ण कुमार समेत अन्य शामिल थे. इस दौरान लोगों को रेबीज की रोकथाम के प्रति जागरूक करते हुए पशुओं के प्रति संवेदनशील रहने और टीकाकरण को बढ़ावा देने की अपील की.

### बंद रहेगी कटरा बाजार सब स्टेशन से 11 केबी बिजली

**पटना सिटी/एनएसबी।** कटरा बाजार स्थित पावर सब स्टेशन में 11 केबी के केबल लाइन खींचने का कार्य केबल के माध्यम से कराया जायेगा. इसकी को लेकर बिजली बंद रहेगी.सहायक विद्युत अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली बंद रहेगा. फीडर से बिजली बंद रहने की स्थिति में फीडर से जुड़े नयाटोला, शरीफागंज, गुरु का बाग, पानी टंकी शाहदरा, शाहदरा रामधनी रोड, शाहदरा, और दमराही घाट रोड समेत अन्य मुहल्लों में बिजली बाधित रहेगी. इस दौरान पानी भंडारण के लिए कहा गया है.

### चोरों ने दो मकान का ताला तोड़ उड़ाये 25 लाख की संपत्ति

**पटना सिटी/एनएसबी।** दीदारगंज और खाजेकलां थाना क्षेत्र में चोरों ने दो मकान से लगभग 25 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी कर ली है. पीड़ितों ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है. इसके आधार पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. खाजेकलां थाना के शाह के इमली मुहल्ला निवासी नसीरूल इस्लाम ने दर्ज शिकायत में पुलिस को बताया है कि चोरों ने मकान से 15 हजार रुपये,मोबाइल और लैपटाप की चोरी कर लिया है. इसी प्रकार से दीदारगंज थाना के फतेहपुर गांव निवासी राकेश कुमार मिश्र ने भी बंद मकान से चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी है. इसमें पुलिस को बताया है कि चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ कर सोने-चांदी के 11 लाख रुपये के आभूषण,12 लाख रुपये और लगभग बर्तन चोरी कर लिया है. पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल की जा रही है. दीदारगंज में हुए चोरी मामले में एफएसएल की टीम को भी पुलिस ने जांच के लिए बुलाया. लगातार हो रही चोरी की घटना के मामले में पुलिस छानबीन की बात कह रही है.

### संपत्ति कर संवर्धन अभियान में पटना नगर निगम की बड़ी उपलब्धि

**एक दिन में रिकॉर्ड ₹1.11 करोड़ से अधिक संपत्ति कर संग्रह, लगभग 300 संपत्तियों का कर निर्धारण एवं पुनर्निर्धारण**

**पटना/एनएसबी।** पटना नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा के निर्देशन एवं सतत निगरानी में चलाए जा रहे संपत्ति कर संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को बड़ी उपलब्धि हासिल की गई। निगम ने एक ही दिन में ₹1.11 करोड़ से अधिक का संपत्ति कर संग्रह किया गया, जो चालू वित्तीय वर्ष में एक दिन में प्राप्त अब तक का सर्वाधिक संपत्ति कर है। इस दौरान लगभग 300 संपत्तियों का कर निर्धारण एवं पुनर्निर्धारण कर उन्हें कर के दायरे में लाया गया। अभियान के तहत निगम की टीमें घर-घर पहुंचकर संपत्तियों का सर्वेक्षण, कर निर्धारण, बकाया कर की वसूली एवं नागरिकों को समय पर कर भुगतान के लिए जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। नगर आयुक्त द्वारा अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि राजस्व संग्रह में वृद्धि के साथ-साथ कर निर्धारण की प्रक्रिया को भी प्रभावी बनाया जा सके।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का पातेपुर में विरोध प्रदर्शन

**महुआ/एनएसबी।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तथा दो चुनाव आयुक्तों द्वारा दर्ज आपत्तियों पर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को पातेपुर में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर कार्यकताओं ने हाथों में कांग्रेस का झंडा और मांगों से संबंधित पोस्टर लेकर चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रंजीत पंडित ने कहा कि चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर उठ रहे सवालों का उचित और पारदर्शी तरीके से समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जिन मुद्दों को उठाया गया है, उन पर चुनाव आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य तारक




चौधरी तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पारस चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग से जुड़े मामलों में उठ रहे सवालों की उचित जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। इन नेताओं ने कहा कि यह प्रदर्शन देशभर में चलाए जा रहे पार्टी के विरोध कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मो. अनवारूल हक ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर सहित चुनाव आयोग के कामकाज से जुड़े मुद्दों पर स्पष्टता जरूरी है।इस प्रदर्शन में प्रखंड अध्यक्ष मो. अनवारूल हक, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य तारक चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पारस चौधरी, इंटक जिला महामंत्री बिपिन कुमार सिंह, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उत्तम कुमार ठाकुर, जंदाहा प्रखंड अध्यक्ष चंदन झा, देसरी प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक कुमार, एजाज अहमद, मो. अजीमुद्दीन टेलर, सुनील शाह, वशिष्ठ महतो, रामचंद्र राय, अजीत कुमार सिंह, समता महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष राजकिशोर कुमार, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव अरविंद आजाद, सुबोध पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जनता दरबार में 61 परिवादों की सुनवाई, सात दिनों में कार्रवाई का निर्देश : जिला पदाधिकारी



**हाजीपुर/एनएसबी।** जिला पदाधिकारी वैशाली, श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा आज समाहरणालय वैशाली कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित ह्लजनता दरबारह्व कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक अवलोकन एवं निस्तारण किया गया। जनता दरबार में कुल 61 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त परिवादों पर सात (7) दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। आज प्राप्त परिवाद राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अवर निबंधक, आवास, विद्युत, डीएसओ, आईसीडीएस, आर्म्स, स्वास्थ्य, जीविका, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामलों की जांच कर त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से आमजन सीधे प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुँचा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त परिवादों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं गंभीरता बरतते हुए समयसीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्रमंडलीय आयुक्त ने की 28 मामलों की सुनवाई

**पटना/एनएसबी।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपीलीय प्राधिकार के रूप में प्रमंडलीय आयुक्त श्री राजेश कुमार ने 28 मामलों की सुनवाई की। नालंदा, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, बक्सर एवं पटना जिलों से संबंधित मामलों की सुनवाई के दौरान उन्होंने अधिकांश मामलों का ऑन-स्पॉट निपटारा किया। वहीं, जिन मामलों में विस्तृत जांच की आवश्यकता थी, उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को जांच एवं प्रतिवेदन के लिए भेजा गया।

प्रमंडलीय आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मामलों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर जांच पूरी कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं, ताकि परिवादियों की शिकायतों का ससमय एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोक शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा प्रत्येक मामले में संबंधित व्यक्ति को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए।

भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के आंगनवाड़ी केंद्रों में पिछले छह माह से पोषाहार वितरण में अनियमितता से संबंधित शिकायत पर सुनवाई करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने डीपीओ, आईसीडीएस को मामले की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जांच के दौरान तथ्यों की स्पष्टता एवं वास्तविक स्थिति का सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। भोजपुर की आरती कुमारी द्वारा वाहन दुर्घटना में अपने पिता की मृत्यु के बाद मुआवजा भुगतान नहीं होने से संबंधित शिकायत पर आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को उत्तराधिकार एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कैमूर के कृष्णा कश्यप द्वारा उनकी अर्जित की गयी भूमि एवं उसके भुगतान से संबंधित शिकायत पर प्रमंडलीय आयुक्त ने जिलाधिकारी, कैमूर को निर्देश दिया कि निदेशक, चकबंदी से समन्वय स्थापित कर मामले का समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन वास्तविक रैयतों की भूमि का अर्जन हुआ है, उनके मामले का नियमानुसार निष्पादन करते हुए भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कैमूर के राम पुकार राम द्वारा जिला गव्य विकास विभाग से योजना स्वीकृत होने के बावजूद पंजाब नेशनल बैंक, नुआंव में दो गाय से संबंधित अनुदान के लिए छह माह से दौड़ाए जाने की शिकायत पर आयुक्त ने उप विकास आयुक्त, कैमूर को मामले की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया रोहतास के आशुतोष कुमार द्वारा काराकाट प्रखंड अंतर्गत गमहरिया पंचायत के वार्ड संख्या 1 से 14 में नल-जल योजना की मरम्मती में अनियमितता बरते जाने की शिकायत पर प्रमंडलीय आयुक्त ने जिलाधिकारी, रोहतास को निर्देश दिया कि उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच टीम गठित कर परिवादी की उपस्थिति में दो सप्ताह के भीतर स्थल/मामले की जांच कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए, ताकि शिकायत का नियमानुसार शीघ्र समाधान किया जा सके।

बक्सर के कृष्ण बिहारी दूबे द्वारा अंचल अधिकारी, सिमरी के स्तर से दाखिल-खारिज में अनियमितता से संबंधित शिकायत पर सुनवाई करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने ए डी एम बक्सर को निर्देश दिया कि मामले में अपने स्तर से जाँच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि लोक शिकायत निवारण प्रणाली का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। सभी संबंधित पदाधिकारी परिवादों की गंभीरता को समझते हुए समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करें तथा शिकायतों के निष्पादन में पूरी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

## गोरौल थाना के सामने केला अनुसंधान केंद्र से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर चोरी

**गोरौल/एनएसबी।** गोरौल थाना परिसर के ठीक सामने स्थित केला अनुसंधान केंद्र से बीती रात अज्ञात चोरों ने 200 केवीए का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। हैरानी की बात यह है कि ट्रांसफार्मर थाना से महज एनएच-22 के दूसरी ओर सड़क किनारे लगा था।चोर ट्रांसफार्मर का बाहरी ढांचा छोड़कर उसके अंदर के सभी कीमती उपकरण और सामग्री निकाल ले गए।घटना को लेकर केला अनुसंधान केंद्र के प्रभारी डॉ. एस एन ठाकुर ने गोरौल थाना में लिखितआवेदन देकर



कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन में बताया गया है कि उक्त ट्रांसफार्मर केंद्र द्वारा ही स्थापित कराया गया था।बताया जाता है कि केला अनुसंधान केंद्र का पूरा परिसर चारदीवारी से घिरा हुआ हैऔर वहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। लेकिन बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में चोरों की पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बन गया है।थाना के सामने और मुख्य सड़क किनारे हुई इस चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में हैरानी और असमंजस की स्थिति है।लोगों के बीच चर्चा है कि ट्रांसफार्मर के अंदर की सामग्री निकालने में काफी समय लगा होगा। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने सड़क किनारे वाहन खड़ा कर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया होगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि गोरौल थाना परिसर के आसपास चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पिछले सप्ताह ही रामबास मार्केट में लगे सोलर सिस्टम की बैटरी और इन्वर्टर भी चोरी कर लिए गए थे। लगातार हो रही घटनाओं ने आसपास के दुकानदारों और और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अब देखना है कि पुलिस इस मामले में कितनी शीघ्र कार्रवाई कर चोरों तक पहुंच पाती है।

## पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

**पटना/एनएसबी।** बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव की तैयारियों के संबंध में निवार्ची पदाधिकारी, पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, पटना प्रमंडल, श्री राजेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पटना, नवादा एवं नालंदा जिले के जिलाधिकारियों तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

इस चुनाव के लिए नामांकन 29 सितंबर से प्रारम्भ होगा. नामांकन आयुक्त, पटना प्रमंडल पटना के कार्यालय में होगा. नामांकन की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर है. 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटिनी होगी. नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर है. 23 अक्टूबर को मतदान की तिथि है. मतदान का समय प्रातः 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक है. 27 अक्टूबर को मतगणना होगी. बैठक में आयुक्त ने चुनाव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने मतदान पेटियों की तैयारी, मतदान सामग्री की उपलब्धता एवं उसकी समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## महिलाओ की सुरक्षा करेगी 'पुलिस दीदी, रहेगी पैनी नजर

**बिदुपुर/एनएसबी।** बिदुपुर थाना क्षेत्र में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है ।मनचलों और छेड़खानी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वैशाली पुलिस ने स्कूटी सवार ह्यपुलिस दीदीह्न की



विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें सार्वजनिक स्थानों स्कूल-कॉलेजों गली मुहल्लों एव उसके आसपास महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डायल 112 के साथ समन्वय में काम करेंगी । सोमवार को बिदुपुर थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस दीदी की टीम को क्षेत्र में रवाना किया ।इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है पुलिस दीदी की टीमें मनचलों पर पैनी नजर रखेगी और लगातार चार अलग अलग टुकड़ो में बंट कर गश्ती करेंगी और किसी भी अप्रिय घटना जैसे बाइक रॉबरी,चेन स्नेचिंग,स्पीड बाइकिंग, रैगिंग आदि घटना पर फौरन पहुँच कर तत्काल कार्रवाई करेंगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि टीम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि वे किसी भी प्रकार के डर के बिना अपने काम और पढ़ाई कर सकें। पुलिस की इस पहल का क्षेत्र की महिलाओं और छात्राओं ने स्वागत किया है।

## गांधी आश्रम मासांत कवि गोष्ठी का आयोजन

**हाजीपुर/एनएसबी।** बज्जिका कवि-गायक श्री मणिभूषण प्रसाद सिंह अकेला की अध्यक्षता तथा उमेश कुमार निराला के संचालन में गांधी आश्रम मासांत कवि गोष्ठी सम्पन्न हुआ। यह कवि गोष्ठी हिन्दी पखवारा पर मनाया गया, जिसमें हिन्दी के दशा-दिशा पर विचार विमर्स पहले सत्र में सम्पन्न हुआ। दूसरे सत्र के कवि गोष्ठी में कवि संतोष चौधरी "कुरुक्षेत्र के सत्रहवें दिन युद्ध में अर्जुन कर्ण संवाद को चित्रीत किया रुदन अभी वीर नहीं समर भूमि से आया था" सुनाया। डॉ. अशोक कुमार



सिंह मेरे दोस्त शिकवा ये क्या हो गया गाकर श्रोताओ को मुग्ध किया। कवियित्री ज्योति सिन्हा जिस वात से दिल दुखता है, उसी बात से आंख भी खुलता है" सुनाकर लोगो को भाव विभोर कर दिया। नाटककार तथा कवि विजय कुमार गुप्ता बरा ही जालिम दुनिया है सब हैवानो की है टोली सुनाकर समाज पुर तंज कसते हुए आज की स्थिति को रेखांकित किया है। कवि, रंगकर्मी डॉ. शुधांशु कुमार चकवर्ती मत बाटो धरती को फिर से, मत वारुद उगावो" सुनाकर आज के विद्वेश को उकेरा है। प्रसिद्ध गजलकार सिता राम सिंह "चुपके से चलि आती चोरो की तरह" गाकर दर्शको को श्रृंगार रस में डुबो दिया। बज्जिका के कवि हरिविलास राय तुफानो में जीवन नड्या सुनाकर जीवन के दर्शन पर प्रकाश डाला है। कवि डॉ. संजय विजित्वर 'सत्य को सताने चले हो सुनाकर राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत किया। व्यंग्यकार कवि, चिंतक डॉ. नन्देश्वर प्रसाद सिंह बड़े इत्मिनान से आया था तेरे शहर में सुनाकर मौजूदे जलजला को उकेरा है। बज्जिका के महान कवि मणिभूषण प्रसाद सिंह अकेला "अकुलाएल, मुरझाएल मन के सांति देवे आएल बदरा सुनाकर तपिस से शांति दिलाई। इस कवि गोष्ठी में प्रों उमा नाथ साइ. प्रो. राम लखन साहू, विकास कुमार राजेश परासर हर्ष वर्द्धनु, श्याम सुलोने आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भगत सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)**शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर नगर थाना चैक स्थित उनकी प्रतिमा पर जिला प्रशासन की ओर से माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद भगत सिंह के अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि शहीद भगत सिंह का त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उपस्थित अधिकारियों ने उनके आदर्शों और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके विचारों से प्रेरणा लेने का संकल्प व्यक्त किया।

### फुलवरिया की बेटी अल्शू गुप्ता को एमबीबीएस में मिला प्रवेश

**डॉक्टर पुत्री की इस सफलता से संग्रामपुर में खुशी का माहौल**



**फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश)** कहावत है जब किसी काम का जुनून इंसान के सर पर सवार हो जाता है तो वह अपने लक्ष्य को हासिल कर-के ही रहता है। इसी बात को साबित कर दिखाया है। संग्रामपुर अस्पताल मीरगंज के चिकित्सक डॉक्टर संजय कुमार की पुत्री अल्शू गुप्ता ने। यूपी नीट 2026 काउंसलिंग में संग्रामपुर निवासी स्वर्गीय डॉक्टर केदारनाथ गुप्ता की पोती और डॉक्टर संजय कुमार की पुत्री अल्शू गुप्ता ने सफलता हासिल कर अपने जिला का मान बढ़ा दिया है। काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत अल्शू गुप्ता को गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला है। अल्शू के इस सफलता से उनकी मां सिम्मी गुप्ता के अलावा परिवार के सभी सदस्य काफी खुश हैं। इस सफलता को लेकर अल्शू गुप्ता के पिता डॉ संजय कुमार ने बताया कि वह बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी छात्रा रही है। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा उसने वीएनजीएम स्कूल गोरखपुर से 92: एवं 85: अंक प्राप्त की थी। इस अवसर पर उसे स्कूल प्रबंधन के तरफ से नगद राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। साथ ही विभिन्न समाचार पत्रों एवं गांधी विचार मंच गोरखपुर के तरफ से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। बता दें कि अल्शू के दादा जी स्वर्गीय डॉक्टर केदारनाथ गुप्ता एवं पिता डॉ संजय कुमार प्रसिद्ध चिकित्सक रहे हैं। ये सभी सदस्य स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से आते हैं। परिजनों ने अल्शू के इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अल्शू का सपना डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना है । उसने सफलता का श्रेय अपने परिवार और शुभचिंतकों के मार्गदर्शन को दिया है।

### गंडक के बढ़ते जलस्तर से निचले इलाकों में घुसा पानी, प्रशासन अलर्ट

**सारण तटबंध की सुरक्षा में जुटी टीम, प्रभावित परिवारों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील**



**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)**बाल्मीकि नगर बैराज से गंडक नदी में अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे कुचायकोट प्रखंड के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।काला मटिहनियां पंचायत के वार्ड संख्या एक, तीन और छह में कई घरों में पानी प्रवेश कर गया है।जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।सोमवार को अधिकारियों ने अहरौली दान से मंगलपुर तक सारण तटबंध और आसपास के निचले इलाकों का जायजा लिया। वहीं, जल संसाधन विभाग की टीम तटबंध की सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाने में जुटी रही।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और खतरा बढ़ने की स्थिति में सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की।अधिकारियों ने ग्रामीणों को जलस्तर में वृद्धि और संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा।बताया जाता है कि काला मटिहनिया पंचायत के प्रभावित वार्डों में कई घरों में पानी घुसने के बाद कुछ परिवार अपने जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए हैं।वहीं, कुछ लोग जलजमाव के बावजूद घर छोड़ने को तैयार नहीं हैं।ऐसे परिवारों से अधिकारियों ने विशेष सतर्कता बरतने और स्थिति बिगड़ने पर तत्काल सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।बीडीओ आदित्य प्रकाश ने बताया कि सारण तटबंध की स्थिति फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित है।निचले इलाकों में जलजमाव को लेकर प्रशासन सतर्क है।आपात स्थिति से निपटने के लिए बालू भरे बोरों का पर्याप्त भंडार तैयार रखा गया है।जरूरत के अनुसार तटबंध के नीचे इन्हें बिछाया जा रहा है, ताकि संभावित खतरे से निपटा जा सके।उन्होंने बताया कि तटबंध पर होमगार्ड जवानों के साथ अन्य कर्मियों और अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं।प्रशासन की ओर से जलस्तर में वृद्धि और तटबंध की स्थिति की निगरानी की जा रही है।गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बीडीओ आदित्य प्रकाश,सीओ मनोरंजन कुमार शुक्ला,आरडीओ अशरफ आलम, बीईओ अशोक सिंह, एमओ कुमार अंकेश, बीएसओ रूपलाल मंडल और विशंभरपुर थानाध्यक्ष मुकेन्द्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारी तटबंध पर सक्रिय रहे।अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की।

### सखी वार्ता सह जागरूकता अभियान का आयोजन

**छात्राओं को महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की दी गई जानकारी**

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)**महिला एवं बाल विकास निगम, गोपालगंज अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा आज दिनांक - 28/09/2026 को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझवलिया विजयीपुर, जिला गोपालगंज में सखी वार्ता सह जागरूकता कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित संबल एवं सामर्थ्य घटक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पी एम एम वी वाइ, एम के यू वाई, वन स्टॉप सेंटर (सखी), महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साईबर हेल्पलाइन 1930,बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम,पोस्को अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, नारी अदालत, महिला अधिकार, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को स्वस्थ परिवार समृद्ध समाज की अवधारणा से अवगत कराते हुए छोटा परिवार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य, एनीमिया से बचाव, उचित आयु में विवाह, सुरक्षित मातृत्व तथा जनसंख्या स्थिरता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं से अपील की गई कि वे इन महत्वपूर्ण संदेशों को अपने परिवार एवं समुदाय तक पहुँचाकर जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मविश्वास, जीवन कौशल, लैंगिक समानता, बाल विवाह एवं दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, महिलाओं के प्रति सम्मान तथा किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या भेदभाव की स्थिति में उपलब्ध सरकारी सहायता सेवाओं एवं हेल्पलाइन का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। इस अवसर पर लैंगिक विशेषज्ञ -मुन्ना कुमार शर्मा अनील कुमार ठाकुर ,वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ -ओम प्रकाश ठाकुर एवं लेखा सहायक -मुकेश कुमार उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने, वित्तीय रूप से सशक्त होने, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताते हुए महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनसंख्या स्थिरता के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

**गोपालगंज के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा,**

# सीएम सम्राट ने हवाई सर्वे कर लिया हालात का जायजा



जायजा लेते सीएम व डिप्टी सीएम।



बाढ की जानकारी लेते सीएम।

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** बिहार में नदियों के बढ़ते जलस्तर के बीच सरकार पूरी तरह सतर्क मोड में नजर आ रही है। सीएम सम्राट चैधरी और डिप्टी सीएम विजय कुमार चैधरी ने गोपालगंज के डुमरिया घाट पुल का जायजा लिया और अधिकारियों से क्षेत्र में बाढ़ की वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी ली। इस दौरान मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, गोपालगंज के डीएम समीर सौरभ, एसपी विनय तिवारी और मोतिहारी के डीएम समेत शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीएम सम्राट चैधरी ने अधिकारियों को मुस्तैद रहने का निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में तुरंत राहत शिविर लगाए जाएं और पीड़ितों के लिए कम्युनिटी किचन की व्यवस्था शुरू की जाए। स्थिति की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम विजय कुमार चैधरी ने बताया कि बाल्मीकिनगर बैराज से 5 लाख क्यूसेक से अधिक पानी का डिस्चार्ज हुआ था, जिसके बाद जलस्तर बढ़ा था। हालांकि, अब धीरे-धीरे पानी का लेवल कम हो रहा है और घबराने जैसी कोई बात नहीं है। जलस्तर में अभी करीब 10 सेंटीमीटर और बढ़ोतरी की संभावना जरूर है, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। बता दें, नेपाल में जारी मूसलाधार बारिश के चलते बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति गंभीर होने की संभावना जताई गई है। इसका सबसे बड़ा असर वाल्मीकि नगर में देखने को मिल रहा है, जहां गंडक नदी पूरे उफान पर नजर आई है।

## डुमरिया में बांध का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने दिए आवश्यक निर्देश





बांध का निरीक्षण करते षिक्षा मंत्री।
बाढ़ ग्रस्त इलाके में लोगो से बात चीत करते शिक्षामंत्री

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने डुमरिया स्थित बांध का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से बांध की स्थिति, संवेदनशील स्थलों एवं आवश्यक मरम्मत कार्यों की जानकारी ली। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बांध की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील स्थानों की नियमित निगरानी के साथ आवश्यक सुरक्षात्मक एवं मरम्मत कार्य समय पर पूरा कराने को कहा। तिवारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संभावित बाढ़ एवं कटाव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग पूरी तरह सजग रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक गंभीर रूप से घायल

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)** विशम्भरपुर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव के पास मंगलवार को बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।आसपास के लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।घायल युवक की पहचान करमैनी मोहब्बत गांव निवासी रवि प्रताप राय के रूप में हुई है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत झाझवा बाजार में जनजागरूकता और स्वास्थ्य सेवा का संदेश



संबोधित करते षिक्षा मंत्री।

**शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मतदाता जागरूकता अभियान को किया संबोधित**

**स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन कर लोगों को दी स्वास्थ्य सेवा की सौगात**

**बैकुंठपुर (दैनिक नवसंदेश)** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न के तहत झाझवा बाजार में जनसेवा एवं जनजागरूकता से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने सहभागिता कर लोगों को संबोधित किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मतदाता जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का जागरूक होना और मतदाता के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान तिवारी ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज का आधार है और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और समर्पण के रूप में मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा, जनजागरूकता और जनभागीदारी के माध्यम से ही विकसित और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकताओं की सहभागिता रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान सेवा, स्वास्थ्य और मतदाता जागरूकता का संदेश प्रमुखता से दिया गया।

## जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ



(दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारम्भ

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन, गोपालगंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2026 का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्री समीर सौरभ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडेय, जिला खेल पदाधिकारी अनिल कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा शिवम कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक, शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। चार दिवसीय यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता 28 सितंबर से 01 अक्टूबर 2026 तक जिले के विभिन्न खेल स्थलों पर आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के लिए मिंज स्टेडियम, गोपालगंज क्लब, सम्राट अशोक भवन, जिला अतिथि गृह, माधव उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेडियम, मंझा, बरौली उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र, भोरे सहित विभिन्न खेल स्थलों को आयोजन स्थल बनाया गया है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। पहले दिन एथलेटिक्स, फुटबॉल, भारोत्तोलन, योग, वॉलीबॉल एवं कराटे की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, ताइक्वांडो, कराटे, वुशू, योग, तीरंदाजी, भारोत्तोलन सहित विभिन्न खेल विधाओं को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर उभर रही खेल प्रतिभाओं को पहचानना, उन्हें उचित मंच प्रदान करना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ भाग लेने तथा अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।

## नीतीश संवाद में महिलाओं की होगी मजबूत भागीदारी - जदयू जिलाध्यक्ष

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेष)** प्रदेश जदयू के निर्देश पर आगामी 02 अक्टूबर को प्रत्येक जिला में महिला जदयू द्वारा जीविका के 20 साल, बेमिसाल होने पर नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,उसकी तैयारी को लेकर आज जदयू जिला कार्यालय पर तैयारी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक जदयू जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल की गरिमामयी मौजूदगी में बैठक अध्यक्षता जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रीता देवी ने की। बैठक में कार्यक्रम की समीक्षा और तैयारियों के संदर्भ में जानकारी लेने के लिए प्रदेश महिला की प्रभारी पूनम द्विवेदी एवं डा. शगुफ्ता प्रवीन पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में महिलाओं के उत्थान,विकास के लिए जो काम किया है वो देश में नजीर है,केंद्र और अन्य राज्यों ने भी इसका अनुकरण किया है एवं उसे अपने स्तर से लागू किया है। आगामी 02 अक्टूबर को गांधी जयंती पर गोपालगंज जिला मुख्यालय में आशीर्वाद वाटिका में कार्यक्रम आयोजित है जिसमें हजारों की संख्या में महिला एवं जीविका दीदी की मौजूदगी रहेगी,यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। वहीं महिला जदयू गोपालगंज की जिला प्रभारी पूनम द्विवेदी ने कहा कि नीतीश कुमार जी ने जो काम महिलाओं के लिए काम किया है उससे महिलाओं को अभिमान है आज महिलाओं के सशक्तिकरण में नीतीश कुमार जी का योगदान सराहनीय है। वहीं महिला जदयू की प्रदेश नेत्री एवं जिला महिला जदयू की संगठन प्रभारी डा.शगुफ्ता प्रवीन ने कहा कि जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी ने महिलाओं के जीवन में जो परिवर्तन दिलाया है उसका कोई जवाब नहीं है महिला आज समाज में अग्रणी पंक्ति में पुरूषों के साथ काम कर रही है उसका श्रेय नीतीश कुमार जी का है। जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्यक्रम किया है उसकी जितनी चर्चा की जाय वो कम है। वहीं जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ने जदयू की प्रभारी नेत्री एवं जदयू जिलाध्यक्ष को अपनी तैयारियों एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी एवं उसकी सफलता के लिए सबके सहयोग और समर्थन की अपील की। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा,जदयू जिला प्रवक्ता अभय पांडेय,जदयू नेत्री अनिता देवी, राधेश्याम सहनी,राघव सिंह,लालसा देवी,संगीता देवी,हसीब अख्तर खान,मो. तौहीद,ललन मांझी,मो .प्रवेज हसन सहित जदयू के कई नेता मौजूद थे।

## ग्राम पंचायतों के समेकित विकास की कार्ययोजना तैयार करने को प्रशिक्षण





**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** ग्राम पंचायतों में स्थानीय जरूरतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप समेकित विकास कार्ययोजना तैयार करने को लेकर कौशल विकास केंद्र में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर विशेष जोर देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री गौरव कुमार भी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जी ग्राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों की समेकित योजना तैयार की जानी है। इसमें जल, सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका तथा मौसम एवं आपदा न्यूनीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। योजना के तहत चेकडैम, तालाब, ग्रामीण सड़क, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय भवन, कौशल केंद्र, भंडारण संरचनाओं सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं तथा बाढ़ से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाबद्ध किया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षकों ने बताया कि विकसित ग्राम पंचायत योजना को संतृप्ति-आधारित एवं भविष्य-केंद्रित स्थानीय विकास योजना के रूप में तैयार किया जाना है। इसे विकसित भारत /2047 की परिकल्पना के अनुरूप तैयार करते हुए ग्राम पंचायतों में उपलब्ध संसाधनों, स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास की संभावनाओं का समेकित आकलन किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी अपने-अपने प्रखंडों में ग्राम पंचायत स्तर के संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद पंचायतों की आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं का संकलन एवं समेकन करते हुए स्थानीय विकास की समेकित कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राकेश कुमार चैबे, निदेशक, डीआरडीए, बैजू कुमार मिश्रा, निदेशक, एनईपी, दिलीप पासवान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जी ग्राम जी, इंद्र विजय ओझा, जिला वित्त प्रबंधक, संतोष कुमार, यंग प्रोफेशनल सहित सभी प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक, लेखापाल, कार्यपालक सहायक, पंचायत रोजगार सेवक, बीएफटी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।